STATUE OF UNITY
एक भारत, श्रेष्ठ भारत.

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# एकता दिवस

31 अक्तूबर

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कृतज्ञ राष्ट्र का शत-शत नमन




प्रधानमंत्री
**श्री नरेन्द्र मोदी**
भारत के लौह पुरुष को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और उनकी स्मृति में राष्ट्र को संबोधित करेंगे

इस एकता दिवस पर, आइए अपने जिले में हो रही 'रन फॉर यूनिटी' में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लें और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और मजबूत बनाएँ

### एकता दिवस कार्यक्रम

- एकता परेड
- ब्रास बैंड प्रदर्शन
- घोड़े, श्वान और ऊँट के सैन्यदल
- महिला कलाकारों द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन
- बीएसएफ डॉग शो (स्वदेशी नस्ल)
- डेयरडेविल राइडर्स का प्रदर्शन
- स्कूल बैंड प्रस्तुति
- भारतीय वायु सेना द्वारा एयर शो
- "लौह-पुरुष" - सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति
- एकता प्रकाश उत्सव का आयोजन
- भारत पर्व के अंतर्गत 1 से 15 नवंबर तक राज्यों में प्रदर्शनियाँ



"राष्ट्र को एकजुट करने में सरदार पटेल के अमूल्य योगदान का राष्ट्रीय एकता दिवस सम्मान करता है। आइए, इस दिन हम अपने समाज में एकता के बंधन को और मजबूत बनाएं।"
-नरेन्द्र मोदी

CBC 19101/13/0022/2526

दिनांक: शुक्रवार, 31 अक्तूबर 2025 | स्थान: परेड ग्राउंड, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात | समय: सुबह 7 बजे से

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर किया जाएगा

# चक्क सिकंदर में 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की जन-मिलनी को लोगों का मिला भरपूर समर्थन

हरमीत सिंह संधू ने गाँव वासियों का उनके प्यार, उत्साह और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 30 अक्टूबर।** तरनतारन विधान सभा हलका से आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को गाँव चक्क सिकंदर में सरपंच सुखराज सिंह और पूर्व सरपंच निशान सिंह के नेतृत्व में हुई जन-मिलनी (सार्वजनिक बैठक) के दौरान भरपूर समर्थन मिला। इस कार्यक्रम में पूरे गाँव के पुरुषों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने 'आप' नेता के प्रति अपना विश्वास और समर्थन व्यक्त करने के लिए शिरकत की।

एकत्रता को संबोधित करते हुए हरमीत सिंह संधू ने गाँव वासियों का उनके प्यार, उत्साह और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, 'मैं चक्क सिकंदर के लोगों का उनके अथाह प्यार और अटूट विश्वास के लिए तहे दिल से आभारी हूँ। मैं उनका ऋणी रहूँगा और समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए अपनी आवाज बुलंद करता रहूँगा।'

संधू ने आगे कहा कि तरनतारन के लोगों द्वारा मिला अभूतपूर्व समर्थन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार के ईमानदार शासन और जन-हितैषी नीतियों में उनके बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में राजनीति की परिभाषा को बदल दिया है, जिसमें सत्ता से ज्यादा सेवा और खोखले वादों से ज्यादा विकास को प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने गाँव वासियों को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में, तरनतारन के सर्वपक्षीय विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर बुनियादी ढाँचा और नौजवानों के लिए बेहतर रोजी-रोटी के अवसर सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएँगे। संधू ने लोगों से आने वाले उपचुनाव में 'आप' को मजबूत करने की अपील की और कहा कि हम इकट्ठे मिलकर तरनतारन को तरक्की और अच्छे शासन का मॉडल बना सकते हैं।

## तरनतारन उपचुनाव से पहले प्रमुख अकाली नेता वंदना गिल अपने समर्थकों सहित 'आप' में शामिल

शैरी कलसी और मंत्री लालजीत भुल्लर ने सभी नए सदस्यों का किया स्वागत, कहा – तरनतारन के लोग 'आप' की काम की राजनीति पर भरोसा करते हैं



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 30 अक्टूबर।** तरनतारन उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को उस समय बड़ा राजनीतिक बल मिला जब अकाली दल की प्रमुख नेता वंदना गिल अपने समर्थकों के बड़े समूह के साथ पार्टी में शामिल हो गईं। वंदना गिल के साथ 'आप' में शामिल होने वालों में परमजीत कौर, मनरूप कौर, संजू, मनजिंदर सिंह, पूजा, महकदीप कौर, राधिका, मनजीत कौर, परमिंदर कौर, गुरविंदर सिंह राजपूत, रमन सिंह पंडोरीवाला, डॉ. लाल सिंह और हीरा सिंह शामिल हैं। सभी ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में 'आप' की ईमानदार राजनीति पर भरोसा जताया।

'आप' पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी, कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर (तरनतारन उपचुनाव के लिए 'आप' के इंचार्ज), चेयरमैन गुरदेव सिंह लाखना, चेयरमैन जर्ग, विधायक नरेश कटारिया, रणजीत शर्मा, एमसी गगनदीप कौर, राजीव शर्मा, गुरजीत सिंह और जपनाम सिंह द्वारा नए सदस्यों का 'आप' परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एमसी गगनदीप कौर और राजीव शर्मा ने वंदना गिल और उनकी टीम को आम आदमी पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मीडिया को संबोधित करते हुए शैरी कलसी ने कहा कि 'आप' लोगों की पसंदीदा पार्टी के तौर पर उभरी है क्योंकि यह जन कल्याण और पारदर्शिता के लिए ईमानदारी से काम करती है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग बुद्धिमान और जागरूक हैं। उन्होंने झूठ और लालच की राजनीति को देखा है। आज, हर कोई आम आदमी पार्टी की ओर आकर्षित हो रहा है क्योंकि 'आप' ही एकमात्र पार्टी है जो ईमानदारी, तरक्की और आम लोगों के लिए खड़ी है।

मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि पारंपरिक पार्टियों के विपरीत, 'आप' सिर्फ योग्यता के आधार पर पद और जिम्मेदारियां देती है। उन्होंने कहा कि 'आप' में, एक छोटा सा, मेहनती वालंटियर भी चेयरमैन या मंत्री बनने के लिए आगे बढ़ सकता है। यह हमारे आंदोलन की सुंदरता है।

### तरनतारन के गाँव चाहल में कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने जनसभा को किया संबोधित

गाव वासियों ने 'आप' उम्मीदवार को समर्थन देने का वादा किया



तरनतारन, 30 अक्टूबर। कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने आज तरनतारन हलके के गाँव चाहल में एक जनसभा (सार्वजनिक बैठक) की। बैठक में स्थानीय निवासियों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली, जो आम आदमी पार्टी और इसके शासन में अपना विश्वास प्रकट करने के लिए बड़ी संख्या में इकट्ठे हुए थे। एकत्रता को संबोधित करते हुए मंत्री कटारूचक्क ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब भर में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा किए गए शानदार विकास कार्यों के साथ-साथ तरनतारन हलके में चल रही प्रगतिशील पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'आप' सरकार ने पारदर्शिता, कुशलता और जन-केंद्रित नीतियों को प्राथमिकता दी है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि लाभ हर घर तक पहुँच सकें। मंत्री ने आम आदमी क्लीनिक के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, घरों को 600 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करने, योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियाँ देने और ईमानदार शासन प्रदान करने पर 'आप' के ध्यान के बारे में बात की, जिसने व्यवस्था में लोगों का विश्वास बहाल किया है।

## विधवाओं और निराश्रित महिलाओं को अब तक 693 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी : डॉ. बलजीत कौर

राज्य की 6 लाख 65 हजार 994 विधवाएं और निराश्रित महिलाएं ले रही हैं योजना का लाभ



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य के हर वर्ग के कल्याण और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में सरकार द्वारा विधवाओं और निराश्रित महिलाओं को आर्थिक सहारा प्रदान करने और उनके जीवन में सुख-सुविधा लाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत उनके हित में बड़ी वित्तीय राशि जारी की गई है। यह जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पंजाब सरकार द्वारा अब तक ?693.04 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि राज्य की 6,65,994 विधवाएं और निराश्रित महिलाएं इस योजना के तहत वित्तीय सहायता का लाभ प्राप्त कर रही हैं। डॉ. कौर ने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का एक सराहनीय प्रयास है। डॉ. बलजीत कौर ने आगे कहा कि मान सरकार का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि महिलाओं को सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करना है। सरकार चाहती है कि हर महिला आत्मनिर्भर बने और अपनी जिंदगी सम्मान और गरिमा के साथ जी सके। इसी कारण राज्य सरकार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लगातार और अधिक मजबूत व प्रभावशाली बनाने पर ध्यान दे रही है।

डॉ. कौर ने यह भी बताया कि पंजाब सरकार द्वारा विधवाओं और निराश्रित महिलाओं के कल्याण के लिए 1170 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना को जमीनी स्तर पर सुचारू और पारदर्शी ढंग से लागू किया जाए, ताकि हर पात्र लाभार्थी तक इस योजना का लाभ पहुँच सके।

## बड़े बदलाव की साक्षी बन रही पंजाब की शिक्षा व्यवस्था : चीमा

वित्त मंत्री ने शिक्षा विभाग के 7 संगठनों के साथ की बैठकें, जायज़ मांगों के समाधान का दिया भरोसा

यूनियन सदस्यों को शिक्षा के स्तर को और ऊँचा उठाने के लिए किया प्रेरित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 अक्टूबर।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार के 'शिक्षा क्रांति' कार्यक्रम के तहत किए जा रहे बुनियादी ढांचे के व्यापक उन्नयन, शिक्षकों की संख्या बढ़ाने और उनकी लंबे समय से लंबित मांगों एवं मुद्दों के समाधान के लिए उठाए गए कदमों के कारण राज्य की शिक्षा व्यवस्था एक बड़े बदलाव की साक्षी बन रही है।

वित्त मंत्री चीमा ने यह टिप्पणियाँ आज यहां शिक्षा विभाग की 7 यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के दौरान कीं। इन संगठनों में स्पेशल कैडर अध्यापक फ्रंट, कंप्यूटर अध्यापक यूनियन, कंप्यूटर अध्यापक संघर्ष कमेटी, बेरोजगार बी.एड.-टेट पास अध्यापक यूनियन, ई.टी.टी. टैट पास अध्यापक यूनियन (सुनील फाज़िलका) और ई.टी.टी. टैट पास अध्यापक यूनियन (जय सिंह वाला) शामिल थे। वित्त मंत्री ने उनकी मांगों की व्यापक समीक्षा की और यूनियन के सदस्यों को सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए अधिक समर्पण से काम करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर शिक्षा सचिव अनिंदिता मित्रा ने वित्त मंत्री को बताया कि यूनियनों की अधिकांश मांगों का समाधान या तो अंतिम चरण में है या उन पर कार्रवाई चल रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यूनियनों द्वारा उठाई गई अन्य जायज़ मांगों को भी शीघ्र ही हल कर दिया जाएगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, वित्त मंत्री चीमा ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि वह जायज़ मांगों से जुड़ी वित्तीय जिम्मेदारियों को वित्त विभाग के साथ साझा करे ताकि बिना किसी देरी के आवश्यक कार्रवाई पर निर्णय लिया जा सके।

एक अलग बैठक में, वित्त मंत्री चीमा ने ऑल पंजाब डीएसटी/सीटीएफ कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन के साथ भी सार्थक चर्चा की और उनके मुद्दों को सहानुभूतिपूर्वक ढंग से हल करने का भरोसा दिया। इन बैठकों के दौरान विशेष सचिव (परसोनल) उपकार सिंह और विशेष सचिव (वित्त) अजय अरोड़ा ने वित्त मंत्री को यूनियनों द्वारा रखी गई मांगों के संबंध में अपने-अपने विभागों की स्थिति से अवगत कराया।

बैठक में स्पेशल कैडर अध्यापक फ्रंट से वीरपाल कौर सिधाणा, मनप्रीत सिंह मोगा, परमजीत कौर पक्खोवाल; कंप्यूटर अध्यापक यूनियन से गुरविंदर सिंह, राखी मनन, हरप्रीत सिंह; कंप्यूटर अध्यापक संघर्ष कमेटी से जॉनी सिंगला, नरदीप शर्मा, सुनीत सरीन; बेरोजगार बी.एड.-टेट पास अध्यापक यूनियन से जसवंत घुबाया, हरदीप सिंह, संदीप सिंह; ई.टी.टी. टेट पास अध्यापक यूनियन (सुनील फाज़िलका) से सुनील कुमार, सलविंदर सिंह, रणजीत सिंह; ई.टी.टी. टेट पास अध्यापक यूनियन (जय सिंह वाला) से कमल ठाकुर, सोहन सिंह और गुरमुख सिंह तथा ऑल पंजाब डीएसटी/सीटीएफ कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन से संदीप सिंह, किरणदीप सिंह और प्रदीप सिंह ने अपने मुद्दे उठाए।

## सरहद पार से चल रहे अवैध हथियारों की तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश; नौ पिस्तौलों सहित तीन गिरफ्तार

हथियार कुख्यात गैंगस्टर जोबनजीत उर्फ़ बिल्ला मंगा के करीबी सहयोगी शेरप्रीत उर्फ़ गुलाबा को सप्लाई किए जाने थे : डीजीपी गौरव यादव

बरामद किये गये हथियार पंजाब में अपराधियों और गैंगस्टरों को सप्लाई किए जाने थे




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 30 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रहे अभियान के दौरान काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने तीन गुर्गों को गिरफ्तार कर सरहद पार से चल रहे अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। उनके कब्जे से मैगजीन सहित नौ आधुनिक पिस्तौल बरामद किए गए हैं। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान दविंदर सिंह, निवासी गांव भंगवां, अमृतसर ग्रामीण, परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा और हरमीत सिंह उर्फ़ मीटू, दोनों निवासी भिंडी औलख, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार किये गये आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्कर के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बरामद किए गए हथियार पंजाब में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कुख्यात गैंगस्टर जोबनजीत सिंह उर्फ़ बिल्ला मंगा के करीबी सहयोगी शेरप्रीत सिंह उर्फ़ गुलाबा को सप्लाई किए जाने थे। डीजीपी ने बताया कि सीआई अमृतसर को विदेश में स्थित नामी गैंगस्टर जोबनजीत सिंह उर्फ़ बिल्ला मंगा के बारे में विशेष जानकारी मिली थी, जो अपने साथियों परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा और हरमीत सिंह उर्फ़ मीटू के ज़रिए राज्य में गैंग चला रहा था। इस सूचना से आगे पता चला कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान सीमा से अवैध हथियारों की एक बड़ी खेप प्राप्त की है, जिसे सरहद पार से ड्रोन की मदद से गांव भिंडी औलख ,अमृतसर ग्रामीण क्षेत्र में गिराया गया था, और वे इसे आगे शेरप्रीत के साथी दविंदर सिंह तक पहुँचाने वाले थे। उन्होंने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने अमृतसर ग्रामीण के चोगावां स्थित गुरुद्वारा बाबा मोहरी जी के पास उक्त आरोपियों को घेर लिया और उनके कब्जे से हथियारों की खेप बरामद कर ली। डीजीपी गौरव यादव ने आगे बताया कि शेरप्रीत सिंह उर्फ़ गुलाबा एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से ही गैर-कानूनी हथियार रखने, चोरी, लूटपाट और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के संबंध में सात अलग-अलग मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि नेटवर्क के पूरे गठजोड़ और इसके अन्य संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। इस संबंध में केस थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 25(1-ए) तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 61(2) के तहत एफआईआर नंबर 65 दिनांक 30-10-2025 दर्ज किया गया है।।

### डॉ. वंदना अरोड़ा को विशेषज्ञ समूह में गैर-सरकारी वैज्ञानिक के रूप में किया गया नियुक्त

**चंडीगढ़, 30 अक्तूबर (अप्रस)।** पंजाब के राज्यपाल ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनर्स्थापन में उचित मुआवज़ा और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 7 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों तथा इस संबंध में उन्हें सक्षम बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डॉ. वंदना अरोड़ा को सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट के मूल्यांकन हेतु प्रो. राजेश गिल के स्थान पर विशेषज्ञ समूह में गैर-सरकारी वैज्ञानिक के रूप में नियुक्त किया है।

## लोक निर्माण मंत्री ने मरम्मत कार्यों के आवंटन में और तेजी लाने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 अक्टूबर।** पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज राज्य के ग्रामीण इलाकों में लिंक सड़कों की विशेष मरम्मत (स्पेशल रिपेयर) कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य द्वारा सड़कों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 10,778 किलोमीटर सड़कों की विशेष मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है।

बैठक के दौरान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही वर्तमान विशेष मरम्मत का संबंध वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में विशेष मरम्मत हेतु ड्यू हुई सड़कों से संबंधित हैं। इस कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली 81 मार्केट कमेटियों की सड़कों पर काम किया जाएगा। इन सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए पंजाब मंडी बोर्ड से आवश्यक प्रशासनिक मंजूरी प्राप्त होने के बाद पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कार्यों का आवंटन किया गया है। लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने मरम्मत कार्यों के आवंटन में और तेजी लाने तथा इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

लोक निर्माण मंत्री ने पंजाब सरकार द्वारा करवाए जा रहे कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए बताया कि डिपार्टमेंट विजिलेंस कमेटी की ओर से नाभा मार्केट कमेटी की लगभग 2.5 किलोमीटर सड़क की जांच की गई और उन्होंने निर्माण कार्य में पाई गई कमियों को मौके पर ही सुधारने की सराहना की और भविष्य में भी ऐसी जांचें जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव लोक निर्माण विकास प्रताप, विशेष सचिव श्रीमती हरगुंजीत कौर, इंजीनियर-इन-चीफ गगनदीप सिंह, मुख्य इंजीनियर विजय चोपड़ा, अनिल गुप्ता, रमतेश बैंस, अर्शदीप सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## जसवीर सिंह गढ़ी ने डीजीपी गौरव यादव से की मुलाकात



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 अक्तूबर।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन सरदार जसवीर सिंह गढ़ी ने राज्य के पुलिस प्रमुख गौरव यादव से मुलाकात की। इस मुलाकात के संबंध में जानकारी देते हुए सरदार गढ़ी ने बताया कि इस दौरान पंजाब राज्य के प्रत्येक ज़िले में एस.सी./एस.टी. एक्ट से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए एस.पी. स्तर का अधिकारी नियुक्त करने और राज्य स्तर पर डी.जी.पी. स्तर का अधिकारी तैनात करने संबंधी चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रमुख ने इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए कहा कि इस बारे में जल्द ही आदेश जारी किए जाएंगे।

### पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग की फुल कमीशन बैठक आज

चंडीगढ़, 30 अक्टूबर। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग की फुल कमीशन बैठक 31 अक्टूबर को पंजाब भवन, चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग की यह 27वीं बैठक होने जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में पुलिस, स्थानीय निकाय, सामाजिक न्याय तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से एस.सी./एस.टी. अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत दर्ज मामलों की स्थिति संबंधी रिपोर्ट ली जाएगी।

## नियमों की उल्लंघना कर बनाई दीवार को नगर परिषद द्वारा आदलत के आदेशों पर गया तोड़ा

शहर निवासियों को नियमों के अनुसार निर्माण करने की दी हिदायत

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 30 अक्तूबर।** ढकोली क्षेत्र में पड़ती वसंत विहार सोसायटी में नियमों की उलंघना कर बनाई दीवार को नगर परिषद द्वारा आदलत के आदेशों पर तोड़ दिया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर परिषद की टीम के पुलिस प्रसाशन भी मौजूद था। इस दौरान अदालत द्वारा कशीष गर्ग नायब तहसीलदार को डियूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था।

इस दौरान उनके साथ कार्यकारी अधिकारी परमिंदर सिंह भट्टी, एम ई चरण पाल, इंस्पेक्टर अजय बराड़, एसएचओ सिमरजीत सिंह शेरगिल वह एंक्रोचमेंट विंग भी मौजूद था। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया के वसंत विहार सोसायटी में माकन नंबर 60 व 65 की एक दूसरे के साथ पीठ लगती थी और मकान नंबर 60 के मालिक द्वारा पिछली साइड दीवार करके मकान नंबर 65 की वेंटीलेशन रोकी हुई थी। जिसकी शिकायत नगर परिषद के पास भी थी लेकिन माकन नंबर 65 के मालिक द्वारा आदलत में डाला हुआ था जिस पर संज्ञान लेते हुए अदालत द्वारा नियमों की उलंघना करने के आरोप में नगर परिषद को घर के पीछे वाली दीवार तोड़ने के आदेश दिए थे।

बता दें के नियमों के उलट मकान 60 के मालिक द्वारा पिछले मकान की वेंटीलेशन बंद कर कई फीट उंची दीवार कर दी थी जिस कारण पिछले 65 माकन में रहते परिवार को वेंटीलेशन की समस्या हो रही थी। जिसे आज नगर परिषद ने अदालत के आदेशों पर पुलिस की मौजूदगी में दीवार को तोड़ दिया गया है।

इस दौरान बात करते हुए कार्यकारी अधिकारी परमिंदर सिंह भट्टी ने लोगों से अपील की के कोई भी व्यक्ति नियमों के उलट निर्माण ना करें जिसे बाद में तोडना पड़े। इसमें लोगों का भी नुकसान है और सरकारी पैसे व समय की बर्बादी भी होती है। वहीं उन्होंने लोगों से यह भी अपील की के अपने घरों के बाहर बड़े व बाहर निकाले हुए रैंप ना बनाए जिससे लोगों को अपने वाहन पार्क करने व जाम की समस्या पैदा होती है।

उन्होंने शहर निवासियों को नियमों के अनुसार निर्माण करने की अपील की।

## 'युद्ध नशों के विरुद्ध' के 243वें दिन 2.3 किलो हेरोइन व 1.5 लाख रुपये ड्रग मनी सहित 76 नशा तस्कर गिरफ्तार

नशा मुक्ति प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 35 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राज़ी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर राज्य से नशों के पूर्ण खात्मे के लिए चलाए जा रहे 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के 243वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 340 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके बाद राज्यभर में 68 एफआईआर दर्ज कर 76 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 243 दिनों में अब तक गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 34,599 हो गई है।

इन छापों के दौरान गिरफ्तार नशा तस्करों के कब्जे से 2.3 किलो हेरोइन और 1.51 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपी को पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध जारी इस अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पाँच सदस्यीय कैबिनेट उप समिति भी गठित की है।

इस ऑपरेशन के दौरान 67 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 340 स्थानों पर छापेमारी की। बताया गया कि दिनभर चले इस ऑपरेशन में पुलिस टीमों ने 368 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। यह भी उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशों के उन्मूलन के लिए तीन-आयामी रणनीति - प्रवर्तन, नशा मुक्ति और रोकथाम - लागू की है। इसी रणनीति के तहत पंजाब पुलिस ने आज 35 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार प्राप्त करने के लिए राज़ी किया है।



जो ना देते थे जवाब, उनके सलाम आने लगे, वक्त बदला है तो नीम पर आम आने लगे।

दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी

जब चुभने लगे जमाने की नजर में, तो समझ लो कि तुम्हारी चमक बढ़ रही है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 31 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्षः नवमी/दशमी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 300 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12


## न्यूज ब्रीफ

### नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई टली, अगली तारीख 7 को

**नई दिल्ली (अप्रस)।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई को टाल दिया है। विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। अगली सुनवाई 7 नवंबर को निर्धारित की गई है। कोर्ट ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने की प्रक्रिया में है, जिसमें कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है। पिछली सुनवाई में भी कोर्ट ने ईडी से कुछ पहलुओं पर विस्तृत जानकारी मांगी थी। यह मामला 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की शिकायत से शुरू हुआ था, जिसमें आरोप लगाया गया कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड अखबार की मूल प्रकाशक कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्तियों को अनुचित तरीके से हथियाने की साजिश रची।




**श्री काली माता मंदिर, पटियाला में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल ने किया 75 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ**

# पिछली प्रदेश सरकारों ने जन महत्व वाले इन कार्यों को करने की इच्छा नहीं दिखाईः केजरीवाल

## पंजाब की शानदार विरासत और आध्यात्मिक धरोहर को संभालकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी प्रतिबद्धता हैः सीएम भगवंत मान

कहा- माता रानी की कृपा से एक साल के अंदर पूरा हो जाएगा प्रोजेक्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटियाला, 30 अक्टूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने वीरवार को ऐतिहासिक काली माता मंदिर के नवीनीकरण के लिए 75 करोड़ रुपए के प्रोजेक्टों की शुरुआत की गई।

केजरीवाल ने कहा कि यह प्रदेश सरकार का विशेष दायित्व बनता है कि वह अधिक जन महत्व वाले ऐसे प्रोजेक्टों को प्राथमिकता दे। उन्होंने अफसोस जताया कि पिछली प्रदेश सरकारों ने कभी भी जन महत्व वाले इन कार्यों को करने की इच्छा नहीं दिखाई। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि माता रानी ने आप के नेतृत्व वाली सरकार को यह मौका दिया है। उन्होंने कहा कि यह काम एक साल के अंदर-अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

केजरीवाल ने कहा कि श्री काली माता मंदिर उत्तरी भारत के सबसे सम्मानित और ऐतिहासिक मंदिरों में से एक है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मंदिर परिसर में काली माता को समर्पित मुख्य मंदिर के साथ शक्ति के ब्रह्म स्वरूप श्री राज राजेश्वरी जी का प्राचीन मंदिर भी है। उन्होंने कहा कि यहां लगभग 10,000 श्रद्धालु रोजाना, लगभग 40,000 हर शनिवार को आते हैं और नवरात्रि के त्योहार के दौरान यह संख्या लगभग एक लाख हो जाती है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने श्री काली माता मंदिर को नया रूप देने के लिए 73.52 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर के सरोवर को भाखड़ा नहर से साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए काम चल रहा है और इस प्रोजेक्ट के लिए 1.15 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि इसी तरह मंदिर के मौजूदा सीवरेज सिस्टम और वर्षा जल निकासी ढांचे को 49.06 लाख रुपए की लागत से अपग्रेड किया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मंदिर परिसर के अंदर 25 लाख रुपए की लागत से आम आदमी क्लीनिक स्थापित किया जा रहा है, जो न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भी चिकित्सा सहायता प्रदान करेगा।

### सरोवर के पास एक लाइट एंड साउंड शो करवाया जाएगा

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि मंदिर की आध्यात्मिकता और सुंदरता में वृद्धि करने के लिए प्रमुख तीर्थ स्थलों की तरह सरोवर के पास एक लाइट एंड साउंड शो करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट पर 6.78 करोड़ रुपए की लागत आएगी और इस संबंध में टेंडर जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नई बनी इमारत में 15.11 लाख रुपए की लागत से एक लिफ्ट लगाई जा रही है। सीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरोवर के पास नया रास्ता बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर की नई इमारत, गलियारा, चारदीवारी, प्रवेश द्वार और सरोवर संबंधी प्रोजेक्ट सामूहिक रूप से शुरू किए गए हैं। सिख और हिंदू परंपराओं के अनुसार आने वाले श्रद्धालुओं, विशेष रूप से दूर-दराज के या आर्थिक रूप से कमजोर श्रद्धालुओं के लिए भगवंत सिंह मान द्वारा रोजाना लंगर सेवा शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर के सरोवर का पूर्ण रूप से नवीनीकरण किया जाएगा।

# जस्टिस सूर्यकांत 53वें सीजेआई नियुक्त



24 नवंबर को लेंगे शपथ
14 महीने रहेंगे पद पर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

### सीजेआई बनने वाले हरियाणा के पहले शख्स

जस्टिस सूर्यकांत इंडियन ज्युडिशियरी की टॉप पोस्ट पर पहुंचने वाले हरियाणा के पहले शख्स होंगे। उनके नाम की सिफारिश करते हुए सीजेआई गवई ने कहा कि जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट की कमान संभालने के लिए उपयुक्त और सक्षम हैं।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत को देश का 53वां चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) नियुक्त किया गया है। वे 24 नवंबर को शपथ लेंगे। कानून मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वे मौजूदा सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई की जगह लेंगे। बता दें कि सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जज 65 साल की उम्र में रिटायर होते हैं। जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल करीब 14 महीने का होगा। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। सीजेआई गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार से उनके नाम की सिफारिश की थी। जस्टिस सूर्यकांत ने न्यायपालिका की 20 साल की सेवा में कई ऐतिहासिक फैसले सुनाए। पेगासस जासूसी मामले में वे उस बेंच का हिस्सा रहे, जिसने साइबर विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर मामले की जांच करवाई।

# गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में सहभागी बने आमजनः सीएम नायब सिंह सैनी




करनाल की श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री


अर्थ प्रकाश/ शैलेंद्र जैन

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि गायों की सुरक्षा के लिए गौ भक्तों को जन जागरण चलाना होगा। गौ सेवा सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गायों को सड़कों पर न छोड़ें और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहभागी बनें। गोबर व गौमूत्र से बने उत्पादों का उपयोग करें। उन्होंने श्री कृष्ण गौशाला, करनाल को अपने ऐच्छिक कोष से 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री गुरुवार को श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने गौशाला में गायों की पूजा की, गायों को चारा खिलाया और यहां बने चिकित्सालय का दौरा कर गौवंश के लिए उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने गोपाष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि यह भारतीय सनातन जीवन का पवित्र दिन है जो हमें संस्कृति, भाईचारे और प्रेम भाव से जोड़ता है। यह केवल पर्व नहीं बल्कि करूणा, सेवा और कर्तव्य बोध का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गाय को आध्यात्मिक और दिव्य गुणों का स्वामी भी कहा जाता है। गाय को माता का दर्जा दिया गया है। उसका दूध अमृत के समान माना जाता है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से यह साबित हुआ है देसी गाय का दूध कई रोगों में काफी फायदेमंद है। यह मां के दूध के समान गुणकारी माना जाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने गौशालाओं के विकास, गौवंश के संरक्षण और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। 11 साल पहले गौ सेवा आयोग को मात्र 2 करोड़ की ग्रांट दी जाती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद इसमें लगातार वृद्धि की।

### गौमाता का सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गौ माता का जहां सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व है वहीं इसका संबंध गोधन से भी रहा है। प्राचीन समय में जिसके पास जितनी अधिक गायें होती थीं उसे उतना ही अधिक समृद्ध माना जाता था। पौराणिक कथाओं के अनुसार देवी-देवताओं और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में एक कामधेनु गाय थी। एक कथा अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने गौ-गोपियों के लिए जब गोवर्धन पर्वत धारण किया तब आठवें दिन इंद्र देवता भगवान श्रीकृष्ण की शरण में आए। उन्होंने कामधेनु श्रीकृष्ण का अभिषेक किया और उनका नाम गोविंद रखा। तभी से अष्टमी को गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाता है।

# विकसित भारत-2047 का लक्ष्य शहरी विकास के साथ हर नागरिक को मिले स्वच्छ और आधुनिक शहरी परिवेश : मनोहर लाल

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई पहल पर दक्षिण भारत के शहरों में शुरू होगा विकास का नया अध्याय
- केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई शहरी विकास मंत्रियों की पहली क्षेत्रीय बैठक
- बेंगलुरु शहर में मेट्रो कनेक्टिविटी, ट्रैफिक व्यवस्था और शहरी विकास की प्राथमिकताओं का खाका हुआ तैयार



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली, 30 अक्टूबर।** दक्षिण भारत के शहरों में विकास का नया अध्याय शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को रफ्तार देने की दिशा में बेंगलुरु में ऐतिहासिक पहल हुई। केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में दक्षिणी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी विकास मंत्रियों की पहली क्षेत्रीय बैठक आयोजित हुई, जिसमें दक्षिण भारत के शहरों के विकास को नई गति देने का खाका तैयार किया गया। वहीं, शहरों की स्वच्छता और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी मनोहर लाल ने दक्षिण भारत के मंत्रियों के साथ मंथन किया। बैठक का आयोजन भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा कर्नाटक सरकार के शहरी विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हुआ, जिसमें कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और लक्षद्वीप के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने शहरी विकास का रोडमैप तैयार किया। बैठक में पहुंचने पर कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने केंद्रीय आवासन मंत्री मनोहर लाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं शहरी विकास मंत्री सुरेशा बीएस, नगर प्रशासन मंत्री रहीम खान, केरल के मंत्री एमबी राजेश और पुडुचेरी के मंत्री पीआरएन तिरूमुरुगन विशेष तौर उपस्थित रहे।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, विकसित भारत-2047 के लक्ष्य पर तेजी से आगे ब? रहा है। शहर अब केवल निर्माण और यातायात का केंद्र नहीं, बल्कि नागरिकों की आकांक्षाओं, नवाचारों और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन रहे हैं। केंद्र सरकार उद्देश्य है कि हर नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन और स्वच्छ, आधुनिक शहरी परिवेश मिले। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दक्षिण भारत के राज्यों के मंत्रियों को आह्वान किया कि राज्य आपसी सहयोग, नवाचार और अनुभव-साझाकरण के माध्यम से शहरी रूपांतरण को नई गति देंगे, जिस पर सभी मंत्रियों ने सहमति व्यक्त की कि सुगम यातायात, हरित अवसंरचना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सस्ती आवास योजनाओं को आगे बढ़ाने पर प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक के दौरान सहमति बनी कि ऐसी क्षेत्रीय बैठकें देश के अन्य हिस्सों में भी आयोजित की जाएंगी ताकि राज्यों के बीच सीखने की प्रक्रिया और साझा सुधार एजेंडा को मजबूती मिल सके।

### स्वच्छ भारत मिशन और पीएम ई-बस सेवा की गई समीक्षा

दक्षिण भारत राज्यों के शहरी विकास की बैठक का आयोजन दो सत्रों में हुआ। पहले सत्र में बेंगलुरु शहर की शहरी प्राथमिकताओं, मेट्रो कनेक्टिविटी, ट्रैफिक और गतिशीलता की चुनौतियों पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र में केंद्र की प्रमुख योजनाओं — स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमरुत, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मेट्रो परियोजनाएं और पीएम ई-बस सेवा योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को अवगत कराया गया कि मंत्रालय राज्यों के साथ नियमित संवाद, फील्ड विज़िट, और तकनीक आधारित निगरानी प्रणाली के माध्यम से योजनाओं की प्रभावशीलता सुनिश्चित कर रहा है।

### दिल्ली में आयोजित होगा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने दक्षिण भारत के राज्यों को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। मनोहर लाल ने बताया कि आगामी 8 और 9 नवंबर को यशोभूमि दिल्ली में राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्रीय बैठकों के अनुभवों के आधार पर भारत के शहरी भविष्य का रोडमैप तैयार किया जाएगा। सम्मेलन में ऐसे भारत का रोडमैप तैयार किया जाएगा, जोकि स्वच्छ, समावेशी, स्मार्ट और विकसित हो।

### 350वें शहीदी दिवस को समर्पित कार्यक्रमों के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण

# पंजाब सरकार ने कार्यक्रमों के लिए विभिन्न दलों के नेताओं को दिया न्यौता : अमन अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/गांधीनगर, 30 अक्टूबर।** भाईचारे, सद्भावना और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए पंजाब के रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री तथा आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमन अरोड़ा और पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री श्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आज गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल को श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित राज्यभर में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

पंजाब के उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए श्री अमन अरोड़ा ने गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री से मुलाकात की और मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी की अद्वितीय शहादत को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किए जा रहे महीनेभर चलने वाले राज्यव्यापी यादगारी कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब जी की शहादत सिख इतिहास में भारत की धर्मनिरपेक्ष परंपरा का नींव-पत्थर है और यह सभी के लिए धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का विश्वव्यापी सिद्धांत है।

गुजरात के मुख्यमंत्री को इन कार्यक्रमों में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण देते हुए श्री अमन अरोड़ा ने कहा, ÷श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी की महान शहादत मानवाधिकारों, मानवीय मूल्यों और धार्मिक स्वतंत्रता का प्रतीक है, जो समूची मानवता के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। गुरु साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए विभिन्न दलों के नेताओं को आमंत्रित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। नेताओं की उपस्थिति हमारी साझा राष्ट्रीय भावना और सांझे मूल्यों का प्रतीक होगी।÷

इस अवसर पर तरुनप्रीत सिंह सौंद ने इन कार्यक्रमों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'यह ऐतिहासिक दिवस पूरे देश के लिए श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी द्वारा दर्शाए गए न्याय, बलिदान और सत्य के आदर्शों को अपनाने का संदेश देता है। हम धार्मिक कार्यक्रमों, कीर्तन दरबारों और अकादमिक सेमिनारों की श्रृंखला आयोजित कर रहे हैं ताकि नवें गुरु साहिब का शाश्वत संदेश नई पीढ़ी तक पहुँचाया जा सके। ये कार्यक्रम पूरे देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे।'

अमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु तेग़ बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विश्वभर के लोगों को गुरु साहिब जी की अनुपम शहादत के बारे में जागरूक करेंगे और उन्हें प्रेरित करेंगे।


**संशोधनी**

मुद्रण की त्रुटि के कारण, "ईओआई सूचना संख्या. एनएफआर-एसएमएमएमए-पीआर-2025 तारीख: 28-10-2025" के तौर पर प्रकाशित निविदा।

अब इसतरह से पढ़ना होगा: "ईओआई सूचना संख्या. एनएफआर-एसएमएमएमए-पीआर-2025 तारीख: 28-10-2025।"

अन्य सकल नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**


# अमरपाल राणा बने हरियाणा राज्य सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बोर्ड के चेयरमैन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** नायब सरकार द्वारा हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड का अमरपाल राणा को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। अमरपाल राणा को लगातार दूसरी बार ग्रामीण विकास बोर्ड की जिम्मेवारी सौंपी गई है। अमर पाल राणा जींद जिले में भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे चुके हैं और वर्तमान में कैथल के प्रभारी हैं। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सैनी और सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा का आभार व्यक्त किया है। हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के नवनियुक्त चेयरमैन अमरपाल राणा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की भलाई के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है, उन फैसलों को लागू करने में बैंक की अग्रणी भूमिका रहेगी।


**बोली/नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भदाना, ब्लॉक व जिला सोनीपत में साढ़े नौ एकड़ बंजर भूमि की मछ्ली पालन के लिए तालाब की बोली दिनांक 06-11-2025 दिन वीरवार को गांव के बाला जी मन्दिर के पास जनरल चौपाल में समय 11 बजे सुबह को की जानी है। इच्छुक व्यक्ति उक्त स्थान व समय पर पहुंच कर बोली का लाभ उठाए। सिक्योरिटी राशि, नियम व शर्ते मौके पर बता दी जाएगी।

**मुकेश देवी सरपंच,**
**ग्राम पंचायत भदाना, सोनीपत।**

**संपदा प्रबंधक हाउसिंग बोर्ड हरियाणा पंचकूला**
**सं. एचबीएच/ईएम/पीकेएल/3683/ दिनांक: 28.10.2025**
**सार्वजनिक सूचना**

**विषय:-** पुनीत उप्पल पुत्र विजय कुमार उप्पल निवासी मकान सं. 335, सेक्टर 25, पंचकूला, हरियाणा-134116 एवं संदीप कुमार पुत्र जगबीर सिंह निवासी आईआरबी ब्लॉक-डी, सेक्टर-26, चंडीगढ़-160019 के नामों में फ्लैट सं. 204, टाईप-बी, जीएचएस-3, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-31, पंचकूला, हरियाणा का हस्तांतरण, जीवित बिना वसीयत संपत्ति ।आम जनता और सभी संबंधित की जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है कि संपत्ति फ्लैट सं. 204, टाईप-बी, जीएचएस-3, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-31, पंचकूला, हरियाणा श्रीमती रीना पत्नी कृष्ण कुमार निवासी-मकान सं. 225, सियाना, महेंद्रगढ़, हरियाणा-123027 के नाम में दर्ज है, जीवित बिना वसीयत संपत्ति। आवेदक द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती रीना पत्नी कृष्ण कुमार निवासी-मकान सं. 225, सियाना, महेंद्रगढ़, हरियाणा-123027 इस संपत्ति की स्वामिनी थी, ने 17.10.2025 को सामान्य हस्तांतरण नीति के दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम में कथित संपत्ति के सामान्य हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। पुनीत उप्पल पुत्र विजय कुमार उप्पल निवासी मकान सं. 335, सेक्टर 25, पंचकूला, हरियाणा-134116 एवं संदीप कुमार पुत्र जगबीर सिंह निवासी आईआरबी ब्लॉक-डी, सेक्टर-26, चंडीगढ़-160019, यदि किसी व्यक्ति को आवेदक पुनीत उप्पल पुत्र विजय कुमार उप्पल निवासी मकान सं. 335, सेक्टर 25, पंचकूला, हरियाणा-134116 एवं संदीप कुमार पुत्र जगबीर सिंह निवासी आईआरबी ब्लॉक-डी, सेक्टर-26, चंडीगढ़-160019 के पक्ष में कथित संपत्ति के सामान्य हस्तांतरण में कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, जिसमें असफल रहने पर, यह समझा जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और उसके बाद में कोई दावा विचारणीय नहीं होगा।

संपदा प्रबंधक
हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

**एस्टेट ऑफिस यूटी, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक नोटिस**
**श्री नवीन, दानिक्स**
**सहायक संपदा अधिकारी,**
**यू.टी., चंडीगढ़**



[illegible]

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द**
**राजेश कुमार पुत्र स्व श्री सुरत सिंह निवासी अजमेर बस्ती, भिवानी रोड, जीन्द जिला जीन्द बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मुझ प्रार्थी के पिता स्व. श्रीमान सुरत सिंह पुत्र श्री धुप सिंह एक दस्तावेज जिसमें बरूवे वसीका बयनामा नं. 1 दिनांक 01/04/1982 तसदीक शुदा सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द अनुसार के रकबा को विक्रय/ हिब्बा/ स्थानानतरण/ वसीयत पत्र पंजीकृत हेतू इस कार्यलय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व. श्रीमान सुरत सिंह पुत्र श्री धुप सिंह का देहांत दिनांक 14/05/2021 को हो चुका है तथा मुझ प्रार्थी के दादा स्व. श्रीमान धुप सिंह व दादी स्व. श्रीमति भरपाई देवी का देहांत काफी समय पहले हो चुका है। जो कि मुझ प्रार्थी के पिता के देहांत के उपरान्त इनके कुल पांच जायज वारसान है। जो कि इस प्रकार से है - 1. बिश्नी देवी विधवा 2. राजेश कुमार पुत्र 3. राकेश कुमार पुत्र 4. शीतल पुत्री 5. पिंकी पुत्री स्व. श्री सुरत सिंह पुत्र श्री धुप सिंह है। इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सन्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारसि/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो व स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर अन्दर इस कार्यलय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ती पेश कर सकता है। यह नोटिस मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द।**

**सार्वजनिक सूचना**

हम, Surender Singh, Narender Singh Ss/o Jile Singh and Parveen Devi W/o Surender Singh संपत्ति के मालिक हैं, property i.e., Part of Bearing Khewat no. 53, Khatoni no. 72, Khasra no. 51//10 (8-0) and Khatoni no. 73, Khasra no. 51//9/2 (5-18) and Khatoni no. 74, Khasra no. 51//1/2 (4-18), Measuring 18K-16M, Situated at Village Bhiwani Rohilla, Sub Tehsil Balsamand and Distt Hisar. हमने भिवानी रोहिल्ला में कहीं भी ट्रांसफर डीड नंबर 1746 दिनांक 23.01.2024 खो दिया है। हिसार में एक डीडीआर नंबर 132290552502432 भी पंजीकृत है। हम यह भी घोषणा करते हैं कि हमने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपत्ति में कोई समस्या मिलती है, तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981#1591, सेक्टर 16-17, हिसार से संपर्क करें।

**सार्वजनिक सूचना**




[illegible]

**तलाश वांछित अभियुक्त**


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोतवाली सितारगंज जनपद उद्यमसिंह नगर (उत्तराखंड) पर पंजीकृत मुकदमा एफआईआर न. 210/2024 धारा 420 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त सतीश कुमार बेनीवाल पुत्र श्री सतपाल निवासी ग्राम दुपेड़ी कोतवाली असंध जिला करनाल हरियाणा लगातार फरार चल रहा है,उक्त अभियुक्त सतीश बेनीवाल उपरोक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा उद्घोषणा/कुर्की अन्तर्गत धारा 84 बीएनएनएस का आदेश जारी किया गया है।

**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)**



[illegible]

**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)**



[illegible]

**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ**
**ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ**

Booth No. 7, Sector 95-A, Size 20 SQ YDS, SAS Nagar ਦੇ ਅਲਾਟੀ Boota Singh S/o Sh. Ujagar Singh Vill. Fatowal, PO Bulowal, Distt. [illegible]

**सार्वजनिक सूचना**

विषय: फ्लैट नंबर-221, दूसरी मंजिल, टाईप-बी, जीएचएस-3, HBC, सैक्टर-31, पंचकूला का श्रीमती रेनू पत्नी श्री मनजीत सिंह निवासी गांव-तितराम, जिला- [illegible]

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

**SBFC**
**एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड**
**नए पते पर शाखा का स्थानांतरण**

[illegible]

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

**न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, लाखन माजरा।**

[illegible]

सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, लाखन माजरा।

**न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, लाखन माजरा।**

[illegible]

सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, लाखन माजरा।


# सामरिक महत्व के प्रतीक कानोड किला और सोहना किला अब राज्य संरक्षित स्थल

- पुरातत्व विभाग के 6 प्रस्तावों को मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद प्रारंभिक अधिसूचना हुई जारी
- पलवल के अहरवां, आशा खेडा और कोडला-खेडा की प्राचीन बस्तियों को भी मिलेगा संरक्षण
- रेवाडी रियासत की प्राचीन छतरियों के समूह भी अब राज्य संरक्षित स्थल सूची में आए





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 अक्तूबर।** हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहरों को दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर लाने की विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा की कवायद अब रंग ला रही है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ लगते दक्षिण हरियाणा में सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहे कानोड किला (महेन्द्रगढ किला) और सोहना किला समेत आधा दर्जन ऐतिहासिक धरोहरों को राज्य संरक्षित स्थल की सूची में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मंजूरी के बाद पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा इसकी प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। राष्ट्रीय ही नहीं, अपितु अंतरराष्ट्रीय महत्व की इन धरोहरों का अब संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि महेन्द्रगढ जिला में 18वीं शताब्दी में मराठा सेनापति तात्या टोपे द्वारा तैयार कानोड किला (महेन्द्रगढ किला), गुरूग्राम जिला में भरतपुर राजाओं द्वारा तैयार सोहना किला, पलवल जिला में प्राचीन बस्तियों अहरवां, आशा खेडा व कोडला खेडा व रेवाडी रियासत की धरोहर पांच छतरियों के समूह को राज्य संरक्षित स्थल के तौर पर प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र इन धरोहरों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण को लेकर विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी, ताकि सभी धरोहरों और इतिहास को देश, दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा सके। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि अब प्रदेश में राज्य संरक्षित स्थलों की संख्या बढकर 66 हो गई है। इसमें वर्ष 2022 से अब तक 26 नई राज्य संरक्षित स्थल को मंजूरी मिली हैं, जबकि 20 धरोहरों को इस सूची में लाने के प्रस्ताव पर काम चल रहा है।

विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि कानोड किला उत्तर भारत में मराठा प्रभाव के विस्तार का प्रमाण है। वर्ष 1860 में अंग्रेजों के शासन के दौरान किला व आसपास का इलाका पटियाला रियासत में शामिल होने के बाद पटियाला के महाराजा नरेन्द्र सिंह ने अपने पुत्र महेन्द्र सिंह के नाम पर किले का नाम बदलकर महेन्द्रगढ कर दिया था। यह किला राजपूत वास्तुकला, मुगल व मराठा शैलियों की सांस्कृतिक एवं राजनीतिक प्रभावों को सजीवटता प्रदान करता है। इसी प्रकार हरियाणा के सबसे पुराने किलों में शामिल सोहना किला मध्यकाल के सामरिक महत्व को दर्शाता है। राजपूत व मुगल स्थापत्य शैली के मिश्रण के अवशेष सोहना किला में पाए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि रेवाडी रियासत में पांच छतरियों के समूह का निर्माझा राव नंदराम के वंशजों द्वारा करवाया गया था। महान स्वतंत्रता सेनानी राजा राव तुलाराम के दादा राव तेज सिंह द्वारा वर्तमान छतरियों के स्थल पर उद्यान बनवाया गया था। शिल्प कौशल व संरचनात्मक अखंडता को दर्शाती इन छतरियों का स्वरूप इन्हें विशिष्टता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि पलवल जिला के आशा खेडा स्थित पुरातात्विक स्थल पर प्राचीन काल में पांडवों की संस्कृति से जुडाव के साक्ष्य मिले हैं, जो कुषाण, गुप्त और मध्यकालीन काल के बाद से आधुनिक काल तक अस्तित्व में रहा। इसी प्रकार अहरवां में प्राचीन धूसर मृदभांड संस्कृति से पूर्व के लोगों के बसने की संभावना हैं। उन्होंने बताया कि कोडला खेडा में प्रारंभिक लौह युग के आवासों के संकेत और 1200-600 ईसा पूर्व के मिट्टी के बर्तन पाए जाते थे, जो बाद में चीनी मिट्टी की परंपराओं के माध्यम से विकसित हुए। इस टीले की उपस्थिति व्यापक ब्रजभूमि में संरचित गांवों व छोटे समुदायों की तरफ इशारा करती है।

## सरदार पटेल का जीवन देश की एकता, दृढ़ संकल्प और अनुशासन का प्रतीकः कल्याण

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेशवासियों को एकता और अखंडता के संदेश के साथ शुभकामनाएं दी हैं। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता, दृढ़ संकल्प और अनुशासन का प्रतीक था। उन्होंने स्वतंत्र भारत के निर्माण में जिस अद्वितीय नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और दूरदर्शिता का परिचय दिया, वह आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि पटेल जी के विचारों में निहित सांस्कृतिक चेतना और शांति का संदेश समाज को सही दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखना ही सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण की दिशा में एकजुट होकर आगे बढ़ें और सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला अधिकारियों की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

सीएम ने हिसार घग्गर ड्रेन की चौड़ाई बढ़ाने के दिए निर्देश

जलभराव की समस्या दूर करने और किसानों को शीघ्र मुआवजा देने के निर्देश

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 30 अक्टूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। जिला फतेहाबाद में बाढ़, जलभराव, सिंचाई, सड़क, सीवरेज, पेयजल और अन्य अधोसंरचना संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री वीरवार को फतेहाबाद के विश्राम गृह में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी ने कहा कि हिसार घग्गर ड्रेन की चौड़ाई बढाई जाए ताकि जलभराव वाले इलाक़ों से इसके ज़रिए पानी निकासी की समस्या का समाधान हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि ओटू झील पर बहाव के बोझ को कम करने के लिए कहीं बीच में वैकल्पिक मार्ग से जल निकासी का प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों से यह ड्रेन होकर गुजरती है, वहां इसे पक्का (कंक्रीट लाइनिंग) करने की संभावनाएं तलाशें ताकि मिट्टी कटाव और अवरोध की स्थिति न बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां जलभराव की स्थिति अभी बनी हुई है, वहां शीघ्र जल निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान समय पर फसल की बुआई कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि लो-लाइन क्षेत्रों को चिह्नित कर भविष्य के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे आगामी वर्षों में वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। फसल क्षति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश से किसानों की फसल को हुए नुकसान की वेरिफिकेशन तेजी से पूरी की जाए।

**नगर निकायों और अस्पताल निर्माण पर निर्देश:** मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वैध घोषित कॉलोनियों में विकास कार्य पूरे कराए जाएं, ताकि शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए शहरी स्वच्छता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं, जिससे नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सहभागिता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने फतेहाबाद में निर्माणाधीन 200 बेड के अस्पताल को वर्तमान वित्त वर्ष में ही पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

**भुना में पानी निकासी प्रपोजल पर समीक्षा:** मुख्यमंत्री ने भुना क्षेत्र में जल निकासी प्रपोजल की समीक्षा करते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा अग्रसेन चौक से ड्रेन तक तैयार किए गए प्रस्ताव की व्यवहारिकता जांची जाए और जल्द कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पहले से मंजूर प्रोजेक्ट 10 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से रंगोई तक पाइप लाइन बिछाने के प्रपोजल को जल्द से जल्द सिरे चढ़ाया जाए, ताकि बरसाती पानी की समस्या का समाधान हो सके। बैठक में पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, पूर्व विधायक दुडाराम, एससी आयोग चेयरमैन रविंद्र बलियाला, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, एसपी सिद्धांत जैन, एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम आकाश शर्मा, जीएम रोडवेज मेजर गायत्री अहलावत, एसडीएम राजेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, सीईओ सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता सहित जिला के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### चिल्ली झील परियोजना पर समीक्षा

मुख्यमंत्री ने चिल्ली झील प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त से कहा कि सभी संबंधित विभागों की प्रगति रिपोर्ट उन्हें भेजी जाए। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाए, और यदि किसी विभाग ने निम्न गुणवत्ता का कार्य किया है, तो सख्त कार्रवाई की जाए। झील निर्माण में भूमि से संबंधित अड़चन को दूर करने के लिए उन्होंने निर्देश दिया कि ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से खरीद की प्रक्रिया अपनाई जाए। यदि भूमि मालिक पूरी 4 कनाल भूमि बेचना चाहता है तो ई-भूमि से खरीद सुनिश्चित की जाए।

### पेयजल, सड़क व सीवरेज कार्यों की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के तहत फतेहाबाद के सेक्टर में वाटर वर्क्स निर्माण की समीक्षा करते हुए इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि सेक्टर निवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने जिला में सड़क और सीवरेज व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। विभाग यह सुनिश्चित करे कि सर्दियों से पहले जिला की सभी सड़कों की मरम्मत पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला की40 सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से पूरा किया जाए, और जहां भी नई सड़क बनाई जा रही है, वहां पहले सीवरेज और पेयजल लाइन का कार्य पूरा हो, ताकि सड़क निर्माण के बाद खुदाई न करनी पड़े। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उपायुक्त को निर्देश दिए कि हर माह विकास कार्यों की समीक्षा करें, और गुणवत्ता में कमी मिलने पर संबंधित अधिकारी व ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें तथा रिपोर्ट उन्हें भेजें।

# सरकार हरियाणवी युवाओं को हरियाणा में ही रोजगार देने में नाकाम: सुल्तान जडौला

कहा- रोजगार न होने की वजह से युवा प्रदेश छोड़कर पलायन करने पर मजबूर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 30 अक्तूबर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि बीजेपी सरकार द्वारा फैलाई गई भयंकर बेरोजगारी के चलते हरियाणा के हजारों परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। अमेरिका से लगातार युवाओं को अपमानित करके निष्कासित किया जा रहा है, जिनमें सबसे ज्यादा संख्या हरियाणा के उन युवाओं की है। जो बहुत ही दुर्भागयपूर्ण है। कस्बे में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला ने कहा कि युवाओं को बेडियां लगाकर केदियों की तरह वापिस हरियाणा भेजा जा रहा है ये युवा बेरोजगारी से त्रस्त होकर अमेरिका गए थे। वहां जाने के लिए इन्होंने अपनी जमीन जायदाद और घर तक बेच डाला था। प्रत्येक युवा ने अमेरिका पहुंचने के लिए 50 से 60 लाख रुपये तक खर्च किए थे, लेकिन अब उन्हें अचानक वापस भेज दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके चलते हजारों परिवार पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं और कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। इसके लिए सीधे तौर पर 11 साल से सत्ता में बैठी भाजपा सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि यह सरकार हरियाणवी युवाओं को हरियाणा में ही रोजगार देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। कांग्रेस के पूर्व विधायक सुल्तान जडौला ने कहा कि विभिन्न रिपोर्ट्स और सरकारी आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा बेरोजगारी और अपराध में देश का नंबर-1 राज्य बना हुआ है। इसके चलते कोई भी निवेशक हरियाणा में निवेश करने को तैयार नहीं है। नया निवेश न आने की वजह से रोजगार सृजन नहीं हो रहा, बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है और युवा अपना प्रदेश छोडकर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हेरोइन तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**टोहाना (अप्रस/संजीव)।** टोहाना पुलिस ने हेरोइन तस्करी मामले में एक और आरोपी मोहम्मद सफवान (केरल निवासी) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह गिरफ्तारी उसी केस में हुई है जिसमें पहले 9 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। थाना शहर टोहाना प्रभारी के अनुसार जांच में सफवान की संलिप्तता सामने आने पर उसे गिरफ्तार किया गया। मामला 17 मार्च 2025 का है, जब एसआई जग्गा सिंह की टीम ने नाका ड्यूटी के दौरान एक पिकअप गाड़ी रोककर तलाशी में 270 ग्राम हेरोइन बरामद की थी और मौके पर तीन आरोपी पकड़े गए थे। इस प्रकरण में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि नशा तस्करों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### चेयरमैन धर्मबीर मिर्जापुर ने की गौ पूजा



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** अखंड हनुमान गौशाला लाडवा में गुरुवार को गोपाष्टमी समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्वामी सत्यानंद महाराज ने किया और मुख्य अतिथि हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मबीर मिर्जापुर रहे। पहुंचने पर उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। धर्मबीर मिर्जापुर ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाना है तो हर परिवार को एक गाय पालनी चाहिए, जिससे गौशालाओं की जरूरत नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि सरकार गौशालाओं के लिए बजट 40 करोड़ से बढ़ाकर 400 करोड़ कर चुकी है। गौमाता के महत्व और गोचरांद भूमि के संरक्षण पर भी जोर दिया। समारोह की शुरुआत गौ पूजन और हवन से हुई। अतिथियों को सम्मानित किया गया और भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### पंचायत भूमि मामले में सुनवाई नहीं, अगली तारीख 13 नवंबर



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** धनौरा जाटान के सरपंच सुभाष चंद गगैन ने बताया कि ग्राम पंचायत की कब्जाई गई जमीन से जुड़े मामले में गुरुवार को लाडवा एसडीएम कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन एसडीएम के अनुपस्थित रहने से फिर तारीख बढ़ाकर 13 नवंबर कर दी गई। उन्होंने कहा कि कई तारीखें देने के बाद भी अब तक सुनवाई नहीं हुई। सरपंच ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत की करीब 37 एकड़ जमीन पर कब्जा है, जबकि लगभग 22 एकड़ जमीन पंचायत ने 1970 में विद्या प्रचारक सभा को दी थी जिस पर बाद में कॉलेज व स्कूल बनाये गए। अतिरिक्त करीब 15 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा होने का आरोप लगाया गया। ग्रामीणों की मांग है कि स्कूल की कमेटी भंग कर नई कमेटी बनाई जाए और स्कूल का नाम बदला जाए, ताकि गरीब बच्चों को बेहतर व नि:शुल्क शिक्षा मिल सके।

### उपलाना की बेटियों ने फिर रचा इतिहास



**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** राजकीय उच्च विद्यालय डेरी फार्म, अंबाला छावनी में आयोजित अंडर-11 जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में राजकीय माध्यमिक विद्यालय उपलाना (खंड साहा) की बालिका खो-खो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी ने खिलाड़ियों और टीम इंचार्ज संजय कुमार व हरपाल सिंह को सम्मानित किया। इस अवसर पर पीटीआई राजवीर सिंह और विनोद कुमार भी मौजूद रहे। विद्यालय के मुख्याध्यापक कर्मवीर सिंह तथा संकुल संसाधन समन्वयक, प्राचार्य गोकलगढ़ अपर्णा कौशिक ने विजेता टीम और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उपलाना विद्यालय की बेटियाँ लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। गौरतलब है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय उपलाना की खो-खो टीम पिछले कई वर्षों से जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में विजयी रही है और इस बार भी अपनी जीत की परंपरा को बरकरार रखा।

# महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में मिला युवक

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 30 अक्तूबर।** यहां करनाल रोड फाटक के पास एक युवक पर पेचकस से हमला कर उसकी कथित हत्या करने का मामला उजागर हुआ है। मामले में एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है जिसमें युवक बिल्डिंग के चौबारे से नीचे जमीन पर गिरता हुआ नजर आ रहा है लेकिन उसमें यह स्पष्ट नहीं है कि युवक ने अपनी जान बचाने के लिए स्वयं छलांग लगाई थी या उसे चौबारे से फैंका गया है। सीसीटीवी में दो युवक सीढ़ियों से पेचकस लेकर चढ़ते नजर आते हैं। जब पहली मंजिल के चौबारे से एक व्यक्ति नीचे जमीन पर गिरता है तो उसके तुरंत बाद वही दो युवक सीढ़ियों से नीचे उतरते नजर आते हैं। साथ ही एक महिला भी नजर आती है जिस पर एक युवक थप्पड़ लगाते हुए नजर आता है। इस बीच पेचकस से घायल युवक चौबारे से नीचे जमीन पर गिरता है और 4 से 5 कदम चलते ही उसकी मौत हो जाती है। घटना के बाद कैथल एसपी उपासना, डीएसपी सुशील प्रकाश मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान कलायत के सुरेंद्र के रूप में हुई है। अभी पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग और आसपास तथ्य जुटाते हुए जांच शुरू कर दी है। विस्तृत जानकारी अनुसार जो युवक छत से गिरा तो वह अर्धनग्न अवस्था में था। इसकी रिकॉर्डिंग सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। युवक छत से गिरने के बाद पास की दुकान के एक शीशे के काउंटर से टकरा गया।

# हत्या के मामले में पिता पुत्र को उम्र कैद, 50-50 हजार जुर्माना भी ठोका

## प्लाट के विवाद में दोनों ने छूरी मारकर की थी भाई/चाचा की हत्या

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 30 अक्तूबर।** कैथल अतिरिक्त सेशन जज डा. नंदिता कौशिक ने हत्या के एक मामले में सजा का ऐलान करते हुए एक पिता-पुत्र को आजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में एक अपचारी/ नाबालिग भी शामिल है जिसे 21 साल की उम्र होने तक मधुबन में सुरक्षा/स्पेशल होम में रखने के आदेश वहां के अधीक्षक को अदालत ने दिए हैं। अदालत ने जुर्माने की राशि मृतक की पत्नी को देने के आदेश दिए हैं। साथ ही डीएलएसए को भी लिखा है कि पीड़िता को उचित मुआवजा दिलवाया जाए। इस बारे में पूजा देवी ने थाना कलायत में 25 मार्च 2024 को दोनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करवाया था। एफआईआर के अनुसार पूजा देवी के पति का उसके जेठ के साथ प्लाट के बंटवारे का विवाद चल रहा था। उसका जेठ व जेठ का लडक़ा इस प्लाट पर कब्जा करना चाहते थे। इस बारे में पंचायत भी हुई लेकिन उसके जेठ ने पंचायत की बात नहीं मानी। इसके बाद 24 मार्च 2024 को फिर पंचायत हुई लेकिन उसका जेठ व जेठ का लडक़ा पंचायत बीच में छोडक़र धमकी देते हुए चले गए। उसी रात पूजा का जेठ व उसका लडक़ा उसके पति को यह कहकर बुला ले गए कि उसके दूसरे जेठ के लडक़े अनिल को समझा लो, वह हमारे साथ झगड़ा कर रहा है। पूजा भी उनके पीछे पीछे चली गई। थोड़ी देर वे सभी आपस में बात करते रहे और फिर उसका जेठ व उसका लडक़ा तहस में आ गए। उसका जेठ व जेठ का लडक़ा पूजा के पति को घसीटकर एक कमरे में ले गए व कमरा बन्द कर लिया। पूजा ने अपने दूसरे जेठ के लडक़े के साथ धक्का देकर कमरा खोला तो देखा कि उसके पति को उसके जेठ ने पकड़ रखा था व जेठ का लडक़ा उसके पति के पेट में छूरी मार रहा था। उनका शोर सुनकर दोनों धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पूजा के पति को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज करके दोनों को पकड़ लिया और चालान अदालत के सुपुर्द कर दिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपचारी और उसके पिता को हत्या का दोषी पाया तथा अपने 54 पन्ने के फैसले में दोनों को उम्र कैद और 50-50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# बाइक सवार युवक की सडक़ हादसे में मौत

**कैथल (अप्रस)।** बीती देर रात गांव गुलियाना और किठाना के बीच हुए सडक़ हादसे में एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव देवबन निवासी अक्षय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अक्षय बुधवार रात करीब एक बजे जींद जिले के गांव पेगा से बाइक पर अपने घर देवबन लौट रहा था। जैसे ही वह किठाना से कुछ दूरी पर गुलियाना की तरफ पहुंचा, एक अज्ञात गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों ने घायल युवक को तुरंत कैथल नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के ताऊ चंद्रभान की शिकायत पर राजौंद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में बताया गया कि अक्षय ने हाल ही में 12वीं कक्षा पास की थी और आगे की पढ़ाई की तैयारी कर रहा था। साथ ही वह परिवार के साथ खेती-बाड़ी में भी सहयोग करता था।

# श्री गोविंद गौशाला बराड़ा में मनाया गोपाष्टमी उत्सव

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराड़ा, 30 अक्तूबर।** श्री गोविंद गौशाला बराड़ा में गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था एवं गौसेवा की भावना को और प्रगाढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। गोपाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में 28 अक्टूबर से श्रीरामायण पाठ का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसका समापन 30 अक्टूबर को पूर्णाहुति एवं भव्य भोग के साथ हुआ। इसके पश्चात आचार्य राम नारायण जी द्वारा हवन-यज्ञ संपन्न करवाया गया, जिसमें श्री विजयपाल सिंह जी एवं उनकी धर्मपत्नी मुख्य यजमान रहे। गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बराड़ा सहित आस-पास के अनेक गाँवों से सैकड़ों श्रद्धालु एवं गोभक्त उपस्थित हुए। सभी भक्तों ने गौमाता को तिलक लगाकर, पूजन किया तथा अपने हाथों से आटे के पेड़े और हरा चारा खिलाकर पुण्य अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान कथा व्यास आचार्य प्रवर ज्योति प्रकाश ने संकीर्तन, कथा एवं प्रवचन प्रस्तुत किए। उनके आध्यात्मिक विचारों और भक्ति भाव से उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो गया। कथा के उपरांत अटूट भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य किया। इस अवसर पर समाजसेवी सुदेश कुमार गर्ग तंदवाल ने अपने सुपुत्र स्वर्गीय दिलीप कुमार गर्ग की पावन स्मृति में 5,11,000 की सहयोग राशि श्री गोविंद गौशाला को भेंट की। गौशाला प्रबंधन समिति ने उनके इस पुनीत योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। गौशाला के प्रधान राजेश सिंगला ने कहा कि गौमाता हमारे सनातन धर्म और संस्कृति की आधारशिला हैं। इस अवसर पर अशोक बंसल, महावीर पुंडीर, बृजमोहन गोयल, नरेंद्र चौहान, हरीश शर्मा, सुखबीर सिंह, श्रवण गोयल, राजन चौहान, कोषाध्यक्ष अजय जैन, डॉ. योगेश, रविंदर गर्ग, ज्ञानचंद जैन, मैनेजर अमित कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, श्रद्धालु एवं गोभक्त उपस्थित रहे।

# फरीदाबाद निवासी राकेश वर्मा ने स्वर्गाश्रम पलवल को दान करी अपनी इको वैन गाड़ी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल, 30 अक्तूबर।** फरीदाबाद निवासी राकेश वर्मा ने स्वर्गाश्रम रसूलपुर रोड पलवल को अपनी इको वैन गाड़ी दान में दी है। गाड़ी दान देते हुए राकेश वर्मा ने बताया कि अभी कुछ ही दिन पहले पलवल में रहने वाले मेरे किसी परिचित का स्वर्गवास हो गया था और मैंने डेड बॉडी के संस्कार हेतु स्वर्गाश्रम रसूलपुर रोड पलवल से शव वाहन मंगवाया, स्वर्गाश्रम से शव वाहन तो आ गया परन्तु देखा कि स्वर्गाश्रम वाले शव वाहन में ई-रिक्शा का प्रयोग कर रहे हैं, जो कि किसी भी तरह वो शव वाहन में जचता नहीं, उनसे बात करने पर उन्होंने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि उनके पास तो यही व्यवस्था है।

राकेश वर्मा ने बताया कि तभी उनके दिमाग मे आया कि क्यों ना मैं ही अपनी इको वैन जो कि उनकी कंपनी में उपयोग होती है, को स्वर्गाश्रम (शमशान) को दे दूं। वैसे भी ये गाड़ी बेचकर नई गाड़ी लेने का विचार पिछले कई दिनों से चल रहा था। मैंने घर जा कर अपने परिवार के साथ बैठकर सलाह करी, जिसमें सभी सहमत हो गए और आज दिनाँक 30 अक्टूबर 2025 को मैं अपने परिवार के साथ आ कर अपनी इको वैन को स्वर्गाश्रम (शमशान) रसूलपुर रोड के पदाधिकारियों के सुपर्द कर दी। इसमें मेरे साथ परिवार के सदस्य मेरे पिता वेद प्रकाश वर्मा, माता जी प्रेमवती, लड़का शशांक, दीपांक और नमन वर्मा ने इस पुण्य कार्य मे सहयोग किया।

# पाइट में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, यूएसए और यूरोप से भी आए शोधपत्र

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सेशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस्तुत किए गए। कुल 562 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए। समीक्षा प्रक्रिया में देश-विदेश के 1500 से अधिक अकादमिक और इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने भाग लिया। एमेजान, गूगल, फ्लोरिडा गल्फ कोस्ट यूनिवर्सिटी यूएसए, आयरलैंड सहित राष्ट्रीय और निजी विश्वविद्यालयों से भी शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। कांफ्रेंस अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी ने कहा कि यह सम्मेलन शोध और नवाचार की दिशा में एक बड़ा कदम है। युवा शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करता है। एनएसयूटी वेस्ट कैंपस से निदेशक डॉ.प्रेरणा, एनआइटी कुरुक्षेत्र से डॉ.जितेंद्र छाबड़ा ने भी विचार व्यक्त किए।

# उपमंडल पिहोवा में विकास कार्यों के लिए सभी करें एकजुट होकर कार्य: डा. कृष्ण मिड्ढा

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



### सभी पार्षद व वर्कर जनहित के कार्य करे

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने उपमंडल पिहोवा के एमपी फार्म में नगरपालिका पार्षदों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने की। इस मौके पर डा. कृष्ण मिड्ढा ने सभी नगरपालिका पार्षदों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे आमजन के बीच जाकर स्वयं जनहित के कार्य करें तथा लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दें। जनता को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताएं तथा समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढक़र हिस्सा लें। जनता के बीच जाकर ही जनता की समस्याओं व उनकी जरुरतों को जाना जा सकता है।

**पिहोवा, 30 अक्टूबर।** उपमंडल पिहोवा के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपमंडल के विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता डीएमसी अमन कुमार तथा एसडीएम अभिनव सिवाच आईएएस ने की। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा ने भी हिस्सा लिया तथा उपमंडल पिहोवा के विकास कार्यों के बारे अवगत करवाया। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा जनहित के लिए विभिन्न योजनाएं तैयार की हैं। इन योजनाओं की घोषणा उन्होंने जनसभाओं में लोगों से रूबरू होकर की हैं। आमजन को सभी प्रकार की सुविधाएं पंहुचाना ही हमारी प्राथमिकता है। उपमंडल पिहोवा के विकास कार्यों पर समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में उपमंडल पिहोवा में कई विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं हर प्रकार के विकास कार्यों पर निगरानी रखते हैं तथा फीडबैक लेते हैं। डा. कृष्ण मिड्ढा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से उनके विभाग से सम्बंधित जनहित के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की तथा विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी, पब्लिक हैल्थ, यूएचबीवीएन सहित अन्य विभागों से विकास कार्यों की रिपोर्ट ली। जो विकास कार्य किए जा रहे हैं तथा जिन विकास कार्यों को आरंभ करना है, इन पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने सरस्वती तीर्थ के विकास कार्य पर गहनता से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरस्वती तीर्थ पिहोवा क्षेत्र की पहचान है। यह न केवल पवित्र स्थल है, बल्कि लोगों के आकर्षण का केंद्र भी है। इसके अतिरिक्त एक ऐसी कमेटी का गठन किया जाए, जो तीर्थ के दान-पुण्य की राशि को केवल सरस्वती तीर्थ पिहोवा के कार्यों पर ही इस्तेमाल करे। इस मौके पर उन्होंने अपनी तरफ से 51000 रुपए की राशि सरस्वती तीर्थ पर दान करने की घोषणा की। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने डिप्टी स्पीकर हरियाणा को इस्माईलाबाद के सीवरेज तथा ड्रेनेज सिस्टम व सडक़ों के बारे में अवगत करवाया। इसके अतिरिक्त उपमंडल पिहोवा के नव-निर्मित स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग तथा इसमें रखे उपकरणों के बारे में भी डिप्टी स्पीकर हरियाणा ने विशेष तौर पर चर्चा की तथा उसकी सम्पूर्ण रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की सुविधा में कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा की गई घोषणाओं को निर्धारित समय अवधि में निपटाएं ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिक्ति एक महीने के अंदर-अंदर लम्बित पड़े कार्यों की रिपोर्ट तैयार करके भेजी जाए तथा विकास कार्यों को सभी विभाग आपसी समन्वय से करें ताकि सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ आमजन को पंहुच सके।

सम्पादकीय

# पंजाब में सेवाओं का फेसलेस होना आम आदमी को देगा राहत

पंजाब सरकार ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय यानी आरटीओ की सेवाओं को फेसलेस कर जनता को जो सुविधा प्रदान की है, वह समय की मांग है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बीते दौर में अनेक ऐसे कदम उठाए हैं, जोकि जनता के हित में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। सरकार इससे पहले 406 सेवाओं को घर बैठे उपलब्ध करवाने का कार्यक्रम शुरू कर चुकी है। आज का समय ऑनलाइन प्रणाली का है और ऐसे में सरकार की ओर से जो कदम उठाए गए हैं वे जनकल्याण के लिए बड़ा उपक्रम हैं। सरकार आपके द्वार नाम से योजना आरंभ की गई है। इस योजना के तहत अब ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट संबंधी आवेदनों सहित अन्य सेवाओं की लोगों को उनके आवास पर ही सुविधा प्रदान की जा रही है। राज्य में प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन आरंभ हो चुका है और मोहाली जिले में इसका ट्रायल सफल हो गया है। दरअसल, किसी भी सरकार का दायित्व यही होता है कि वह अपने नागरिकों के जीवन को सुगम बनाए और पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार ने यह काम बखूबी अंजाम दिया है। पंजाब में इस समय बदलाव की बयार जारी है और राज्य में चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो रहा है। हालांकि विकास की कोई अंतिम सीमा नहीं होती है और सरकार को निरंतर अपने कदम आगे बढ़ाते रहने होंगे।

**आरटीओ से जुड़ी 56 सेवाएं फेसलेस होने से अब इन्हें घर बैठे हासिल किया जा सकेगा यानी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने होंगे और भीड़ का हिस्सा भी नहीं बनना पड़ेगा। सरकार का दावा है कि आगामी समय में कई अन्य विभागों की सेवाएं भी फेसलेस की जाएंगी। प्रदेश में आम आदमी पार्टी का दावा है कि बीते 75 साल में जो कार्य हो जाने चाहिए थे, वे अब हो रहे हैं। वास्तव में यह बात मानने योग्य है कि राज्य में बीते वर्षों के दौरान विकास की जो रफ्तार होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई। राजनीतिक नेतृत्व ही किसी प्रदेश के विकास की गति को नियंत्रित करता है।**

आरटीओ से जुड़ी 56 सेवाएं फेसलेस होने से अब इन्हें घर बैठे हासिल किया जा सकेगा यानी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने होंगे और भीड़ का हिस्सा भी नहीं बनना पड़ेगा। सरकार का दावा है कि आगामी समय में कई अन्य विभागों की सेवाएं भी फेसलेस की जाएंगी। प्रदेश में आम आदमी पार्टी का दावा है कि बीते 75 साल में जो कार्य हो जाने चाहिए थे, वे अब हो रहे हैं। वास्तव में यह बात मानने योग्य है कि राज्य में बीते वर्षों के दौरान विकास की जो रफ्तार होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई। राजनीतिक नेतृत्व ही किसी प्रदेश के विकास की गति को नियंत्रित करता है। अगर सत्ताधारी दलों ने यह विचारा होता कि आगामी समय में पंजाब की जनता की जरूरतें क्या होंगी और किस प्रकार उसके जीवन को सरलतम बनाया जाना चाहिए तो आज पंजाब भी विकसित राज्यों की श्रेणी में आता। हालांकि राज्य सरकारों की नींव में भ्रष्टाचार की दीमक लग गई और उसे खाती रही। इस दीमक ने पंजाब के किसी भी विभाग को नहीं छोड़ा। राज्य में नशाखोरी और अपराधों ने भी वह जहर घोला है, जिसका खामियाजा राज्य न जाने किस-किस प्रकार से भुगत रहा है। अब हालात ऐसे हैं कि सबकुछ नए सिरे से बनाए जाने की जरूरत पड़ रही है। मौजूदा मान सरकार के पांच वर्ष राज्य में इस प्रकार याद रखे जाएंगे कि उसने व्यवस्था को सुधारने के लिए किस प्रकार और कितने जत्न किए हैं। मौजूदा आप सरकार ने ऐसे कदम भी उठाए हैं, जिनके बारे में अभी तक किसी अन्य राजनीतिक दल एवं सरकार ने सोचा तक नहीं।

आप सरकार ने सड़क हादसों को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा फोर्स गठित की है। पंजाब वह पहला राज्य है, जिसने इस प्रकार के कदम उठाए हैं। पंजाब सरकार की ओर से राइट टू वॉक की अवधारणा को भी लागू किया गया है। सरकार यह करेगी कि भविष्य में बनने वाली नई सड़कों और मौजूदा सड़कों के विस्तार के समय राइट टू वॉक को ध्यान में रखकर साइकिल ट्रैक और फुटपाथ का निर्माण अनिवार्य करेगी। राज्य में मुख्यमंत्री तीर्थ योजना का दूसरा चरण भी शुरू किया गया है। कई राज्य हैं, जहां पर पंजाब से प्रेरणा लेकर ऐसे कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं। जाहिर है, राज्य सरकार पर ऐसे कार्यक्रमों का अल्प भार पड़ता है, लेकिन जनता को जो सुविधा हासिल होती है, वह अनमोल होती है। मान सरकार जनता के समक्ष इस वादे के साथ सामने आई थी कि वह विकास की नई इबारत लिख देगी तो जनता ने उसके कहे पर भरोसा किया था। उसी भरोसे का प्रतिफल यह रहा कि आम आदमी पार्टी को 92 सीटों का प्रचंड बहुमत हासिल हुआ। यह पंजाब की जनता का आम आदमी पार्टी, इसके संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान के प्रति अटूट भरोसा था कि अब राज्य में हालात बदल जाएंगे। और यह खूब है कि मान सरकार ने इस भरोसे को कायम रखते हुए अनेक ऐसे दूरगामी फैसले लिए हैं और योजनाओं को आगे बढ़ाया है, जिनसे पंजाब आज पूरे देश में अलग छवि का राज्य बन गया है।

## सरदार पटेल की जयंती पर विशेष

# राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी थे सरदार पटेल

दैनिक अर्थ प्रकाश



सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे जो भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बने। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत में सभी रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसके लिए उन्हें 'लौह पुरुष' भी कहा जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय नागरिक सेवाओं आईसीएस का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं आईएएस बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें देशभक्ति की ओर मोड़ा।

स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोड़कर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी।

महात्मा गांधी ने सरदार वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की।

सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया।

अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते।

गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी सरदार पटेल को ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी



संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी।

लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा।

जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया।

सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निमाण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं।

सरदार पटेल का निधन 15 दिसम्बर 1950 को मुम्बई में हुआ था। सरदार पटेल को उनकी मृत्यु के 41 साल बाद 1991 में मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया जो उन्हे बहुत पहले मिलना चाहिये था। वर्ष 2014 में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती (31 अक्टूबर) को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना शुरू कर उनको सम्मनित किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निर्माता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा।

**-रमेश सर्राफ धमोरा**

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

### एक ही रात में 25 हत्याएं, पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दो खाड़कू मारे गए

चंडीगढ़।पंजाब में गत रात्रि खाड़कुओं ने 3 बड़ी कार्यवाईयों के दौरान 25 लोगों की मौत के घाट उतार डाला। इसके अलावा दो खाड़कू पुलिस ने मार गिराये। यहां प्राप्त विवरण के मुताबिक जगराओ पुलिस के जिला गांव सिलो में खाड़कुओं ने दो बसों में सो रहे 17 व्यक्तियों को गोलियों से भून डाला। इनमें से एक बस में 8 तथा दूसरी में 9 व्यक्ति शामिल हैदो अन्य व्यक्ति घायल भी हुए है जिन्हें लुधियाना अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। खाड़कुओं की दूसरी बड़ी वारदात का निशाना भी जगराओ को निकटवर्ती इलाका खन्ना पुलिस जिला बना, जहां एक टयूब वैल पर सो रहे 8 लोगों को भून डाला गया। समझा जाता है, खाड़कुओं की यह योजनाबद्ध कार्यवाईयां थी। दीपावली के बाद खाड़कू गतिविधियों में निरंतर वृद्धि हुई है।

### यात्री बस में बम फटा: 11 मरे, 35 घायल

जम्मू। जम्मू-पठानकोट के मध्य विजयपुर के निकट एक यात्री बस में आज सुबह हुए बम विस्फोट में कम से कम 11 लोग मारे गए तथा 35 अन्य घायल हो गए। घायलों में 4 की हालत नाजुक है। यह हादसा सुबह पौने दस बजे के करीब पेश आया, जब यात्रियों को ले जा रही यह निजी बस जम्मू से कठुआ जा रही थी। इस महीने में जम्मू में घटा यह दूसरा बड़ा हादसा है। पहले 7 अक्तूबर को दिगयाना के निकट एक यात्री बस में विस्फोट में 13 लोग मारे गए थे। राज्यपाल मि.च. सक्सेना ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1759 फिलिस्तीन के सफ़ेद में आए भूकंप में 100 लोग मारे गए।
1759 फ़िलिस्तीन में भूकंप से सौ लोग मारे गए।
1817 सम्राट निन्को ने जापान की गद्दी स्वीकार की।
1871 नीदरलैंड के डोक्कुम में एक प्रोटेस्टेंट संघ की स्थापना की गई।
1914 ब्रिटेन और फ्रांस ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1953 बेल्जियम में टेलीविजन का प्रसारण शुरू हुआ।
1956 स्वेज नहर के राष्ट्रीयकरण के मिस्र के निर्णय के बाद, ब्रिटेन और फ्रांस ने स्वेज नहर को पुनः खोलने के लिए मिस्र पर बमबारी शुरू कर दी।
1960 बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवाती तूफान से लगभग 10,000 लोग मारे गए।
1971 लंदन के पोस्ट ऑफिस टॉवर के शीर्ष पर एक बम विस्फोट हुआ।
1975 बंगाली और हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध संगीतकार और गायक सचिन देव बर्मन का निधन हो गया।
1982 पोप जॉन पॉल द्वितीय स्पेन की यात्रा करने वाले पहले बिशप बने।
1984 तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके दिल्ली स्थित घर पर उनके अंगरक्षकों सतवंत सिंह और बेअंत सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।
1989 ओज़ल तुर्की के राष्ट्रपति चुने गये।
1996 रासायनिक हथियार प्रतिबंध संधि को लागू करने के लिए 65 देशों की स्वीकृति आवश्यक है।
1998 इराक निरस्त्रीकरण संकट शुरू- इराक ने घोषणा की कि वह अब संयुक्त राष्ट्र के हथियार निरीक्षकों के साथ सहयोग नहीं करेगा।
2003 मलेशियाई प्रधानमंत्री महाथिर मुहम्मद का 22 साल का शासन समाप्त हो गया।
2010 ह्यूमन राइट्स वॉच ने चिंता व्यक्त की है कि ईरान और सऊदी अरब, जिनकी महिला अधिकारों पर उनके रिकॉर्ड के लिए आलोचना की गई है, महिलाओं के लिए समर्पित एक नई संयुक्त राष्ट्र एजेंसी में शामिल होने की उम्मीद है और एजेंसी के काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

## बोल ब्यूटीफुल



**अमिताभ अग्निहोत्री:** डबल डेकर और मोडिफाइड बसें पूरे देश में प्रतिबंधित की जानी चाहिए। इन 'मृत्यु वाहनों' को जिलों में आरटीओ और उनके कारिंदों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। फैसला केंद्र सरकार करे और वह निर्णय पूरे देश में तत्काल प्रभाव से लागू हो।

**राजेश शुक्ला:** मतदाता सूची में संशोधन आवश्यक और अपरिहार्य है। इसमें राजनीतिक दलों के आरोप-प्रत्यारोप संशय पैदा करते है। आयोग की साख बनी रहे, इसलिए जरूरी है कि उसकी कार्यप्रणाली निष्पक्ष और पारदर्शी रहे, जो दिखनी भी चाहिए। स्वस्थ लोकतंत्र में मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा बनाए रखना भी चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।


# सहकारिता के सामर्थ्य को साकार कर रही नेशनल युवा को-ऑपरेटिव सोसाइटी

## 25 वर्षों से युवा सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान निभा रही है एनवाईसीएस

दैनिक अर्थ प्रकाश



देश के सहकार क्षेत्र का महत्वपूर्ण संगठन है नेशनल युवा कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एनवाईसीएस)। इसकी स्थापना 25 वर्ष पहले हुई और इन 25 वर्षों में इस संघठन ने हजारों युवाओं को एंटरप्रेन्योर बनने में सहायता की। आज इस संगठन के बारे में युवा सहकार किताब में पढ़ा और पाठकों के शेयर करने का यह भी कारण है की मोदी सरकार वर्तमान में जिस तरह युवा उद्यमियों के लिए योजनाएं ला रही है, सहकारिता मंत्री अमित शाह की देखरेख में जिस तरह युवाओं के लिए अनेकों पारदर्शी और आसान ऋणों पर लघु उद्योग लगाने एवं आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के प्रयास किये जा रहे हैं ऐसे में एनवाईसीएस द्वारा सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में अभूतपूर्व योगदान का उल्लेख जरूरी हो जाता है।




एनवाईसीएस की हाल ही में हुई वार्षिक आम सभा में एनवाईसीएस के अध्यक्ष प्रकाश चंद साहू द्वारा संघठन की आगामी योजनाओं एवं उपलब्धियां बताई गयीं। साहू की कलम से लिखे कुछ प्रमुख बिंदु हम सभी को जानना जरूरी है। 60 हजार से ज्यादा ऐसे युवाओं का रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास किया है जिनके पास कोई कौशल नहीं था और करीब 5 लाख युवाओं को करियर काउंसलिंग एवं खेल जैसे अन्य क्षेत्रों के माध्यम से अपना भागीदार बनाया है। सहकारिता एक ऐसे क्षेत्र के रूप में उभरा है जो भारत के व्यापक विकास का सपना पूर्ण कर सकता है। इसमें असीमित क्षमता है और इसके माध्यम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। जरूरत है, इसकी संभावनाओं की पहचान और उन्हें अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा का हिस्सा बनाने की। एनवाईसीएस का नेटवर्क देश के 603 जिलों में फैला हुआ है। इसका व्यापक नेटवर्क ही इसका असली नेटवर्क है। इस नेटवर्क से सतीश मराठे, ज्योतिंद्र मेहता जैसे सहकारिता दिग्गज सहित वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम विरला, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जैसे राष्ट्रीय नेता जुड़े रहे हैं।

**क्या है एनवाईसीएस :** 1999 में स्थापित यह संगठन एक बहु-राज्यीय सहकारी समिति अधिनियम 1984 की धारा 7 के अंतर्गत पंजीकृत है। एनवाईसीएस एक मल्टीस्टेट, मल्टीपर्पज सोसाइटी है। यह युवाओं को विभिन्न रोजगार सम्बन्धी गतिविधियों में संलग्न कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने की दिशा में कार्य करती है। एनवाईसीएस की मुख्य गतिविधियों में युवाओं को रोजगार सम्बन्धी एवं आत्मनिर्भर बनाने की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करना उद्यमिता विकास और आर्थिक सशक्तिकरण की क्षमता निर्माण करना है। एनवाईसीएस को आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के लिए युवा सशक्तिकरण की बुनियादी इकाई माना जा सकता है।

**-दिनेश दिक्षित**

लेखक एवं राजनीतिक विश्लेषक

# एकता के संरक्षक : राष्ट्र निर्माण में सीएपीएफ की भूमिका

हिमालय के विस्तृत भूभाग से लेकर मध्य भारत के घने जंगलों तक, शहरी केंद्रों से लेकर सुदूर सीमावर्ती गाँवों तक, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) चुपचाप लेकिन निर्णायक रूप से कार्य करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत की एकता केवल आकांक्षापूर्ण न होकर मूर्त हो। राष्ट्रीय एकता दिवस पर, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि CAPF शांति, सुरक्षा और सामंजस्य के उन स्थायी सिद्धांतों का प्रतीक हैं जिनकी सरदार वल्लभभाई पटेल ने नव स्वतंत्र भारत के लिए कामना की थी।

**व्यवस्था और एकीकरण की विरासत:** स्वतंत्रता के बाद, भारत को 560 से अधिक रियासतों को एकीकृत करने और सदियों से सामंती प्रशासन, औपनिवेशिक नीतियों और स्थानीय संघर्षों से विखंडित देश को एकजुट करने की विशाल चुनौती का सामना करना पड़ा। जहाँ सरदार पटेल ने एकता के लिए राजनीतिक और संस्थागत ढाँचा तैयार किया, वहीं सुरक्षा बलों और तत्पश्चात CAPF ने एकीकरण के व्यावहारिक पक्ष को लागू किया- कानून और व्यवस्था बनाए रखना, प्रशासनिक तंत्र का समर्थन करना और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी क्षेत्र राष्ट्रीयता की श्रृंखला में कमज़ोर कड़ी न बने। उनकी उपस्थिति अधिकार और आश्वासन दोनों का प्रतीक थी, और यह विचार प्रतिपादित करती थी कि प्रत्येक नागरिक, चाहे वह किसी भी स्थान पर हो, एक ही राष्ट्र का अंग है।

**एकता की मूक रीढ़ के रूप में CAPF:** BSF, CRPF, ITBP, CISF, असम राइफल्स, हस्त्र और स्स्क्रसहित CAPF न केवल सुरक्षा प्रदाता के रूप में, बल्कि राष्ट्र-निर्माता के रूप में भी कार्य करते हैं। इन्हें आंतरिक सुरक्षा अभियानों, आपदा प्रबंधन, सीमा सुरक्षा और उग्रवाद-रोधी कार्यों में तैनात किया जाता है। संवेदनशील क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करके, वे ऐसी परिस्थितियाँ निर्मित करते हैं जिनमें शासन, आर्थिक गतिविधि और सामाजिक एकता फल-फूल सकती है। उनका कार्य सुरक्षा से भी आगे तक फैला हुआ है- CAPF अक्सर स्वास्थ्य सेवा अभियानों, टीकाकरण अभियानों और सामुदायिक विकास पहलों में सहायता करते हैं, और स्वयं को उसी सामाजिक ताने-बाने में समाहित कर लेते हैं जिसकी वे रक्षा करते हैं।

**विकास के लिए पूर्व शर्त के रूप में शांति:** संघर्ष क्षेत्रों में विकास आगे नहीं बढ़ सकता। उग्रवाद, सांप्रदायिक तनाव या प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले क्षेत्रों को CAPF द्वारा प्रदान की जाने वाली भौतिक सुरक्षा और मनोवैज्ञानिक आश्वासन, दोनों की आवश्यकता होती है। सीमाओं की सुरक्षा, समुदायों की रक्षा और आपात स्थितियों का जवाब देकर, ये बल उस स्थान की रक्षा करते हैं जहाँ लोकतंत्र, वाणिज्य और विकास कार्य कर सकते हैं। उनकी अनुशासित उपस्थिति अक्सर उन क्षेत्रों को स्थिरता और प्रगति के केंद्रों में बदल देती है जो पहले अशांत थे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्थाएँ और सामाजिक कार्यक्रम फल-फूल सकते हैं।

**CAPF और राष्ट्रीय पहचान:** अपने परिचालन कर्तव्यों से परे, CAPF एक साझा राष्ट्रीय संस्कृति में योगदान करते हैं। इन बलों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम, परेड, एकता प्रतिज्ञाएँ और सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम विविध क्षेत्रों में नागरिकता चेतना और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। वे अक्सर दूर-दराज के क्षेत्रों में राज्य और नागरिकों के बीच पहला संपर्क सूत्र होते हैं, विश्वास की खाई को पाटते हैं और भारत के लोकतांत्रिक ढाँचे की पहुँच को प्रदर्शित करते हैं। इस अर्थ में, CAPF न केवल कानून के प्रवर्तक हैं, बल्कि राष्ट्रीय भावना और एकता के संरक्षक भी हैं।

**निष्कर्ष:** CAPF की भूमिका कानून प्रवर्तन से कहीं आगे तक फैली हुई है। वे एकता के संरक्षक हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत की विविधता राष्ट्र को खंडित करने के बजाय मजबूत करे। इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर, उनकी मौन, निरंतर और अनुशासित सेवा को स्वीकार करना, उन व्यावहारिक आधारों को पहचानना है जिन पर सरदार पटेल का अखंड भारत का दृष्टिकोण टिका हुआ है। उनका कार्य नागरिकों को याद दिलाता है कि एकता अमूर्त नहीं है, इसे सतर्कता, अनुशासन और समर्पित सेवा के माध्यम से प्रतिदिन बनाए रखा जाता है।

# क्षय रोग मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सोलन जिला सम्मानित

**सोलन (यशपाल कपूर)।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि क्षय रोग मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सोलन जिला को राज्य स्तरीय प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह पुरस्कार प्रदेश स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग की सचिव एम. सुधा देवी द्वारा गत दिवस शिमला में क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत अभियान पर आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला के दौरान प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार क्षय रोगियों की मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाने में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों को मान्यता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जिला में क्षय रोग के मामलों का शीघ्र पता लगाने, विभेदित क्षय रोग देखभाल मण्डल के दिशा निर्देशों को लागू करने, उपचार के बेहतर पालन, सामुदायिक जागरूकता अभियान और क्षय रोगियों को पोषण संबंधी सहायता सहित केंद्रित हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप पूर्व वर्ष में क्षय रोग मृत्यु दर में गिरावट आई है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद ने दिए निर्देश

# विकास कार्यों में गुणवत्ता का रखें ध्यान : अनुराग

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 30 अक्तूबर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक वीरवार को यहां हमीर भवन में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि जिला में नेशनल हाईवे, पीएमजीएसवाई की स?कों और मेडिकल कालेज सहित सभी विकास कार्यों में गति और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। शिमला-मटौर फोरलेन हाईवे, हमीरपुर बाईपास और हमीरपुर-अवाहदेवी-मंडी नेशनल हाईवे के निर्माण को पूरा करने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) और स?क परिवहन एवं हाईवे मंत्रालय के अधिकारियों ने जो समयसीमा निर्धारित की है, उसके भीतर ही कार्य पूरा होना चाहिए। अन्य स?कों के निर्माण में भी ग्रेडिएंट, ड्रेनेज और अन्य सभी मानकों का विशेष ध्यान रखें। बरसात के बाद स?कों के किनारे झा?ियों की कटाई के लिए पीडब्ल्यूडी आधुनिक तकनीक का प्रयोग करे।

उन्होंने कहा कि पीएम सूर्या घर योजना आम लोगों के लिए वरदान साबित हो सकती है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने घरों की छतों पर सरकारी अनुदान से सौर ऊर्जा संयंत्र लगा सकें।

सांसद निधि के कार्यों की समीक्षा करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने सभी बीडीओ को इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। किसी कार्य में कोई अ?चन आ रही है तो उसके बारे में तुरंत सांसद कार्यालय को सूचित करें। अगर केंद्र सरकार के स्तर पर किसी नियम या दिशा-निर्देश में संशोधन की आवश्यकता है तो उसके बारे में फीडबैक भी दें। उन्होंने कहा कि अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में भी कोई दिक्कत है तो संबंधित अधिकारी अपना फीडबैक अवश्य दें। सांसद ने टेली मेडिसिन को ब?ावा देने, आयुष्मान भारत योजना के बिलों की अदायगी, बच्चों में पोषण की स्थिति और कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि युवाओं को अटल पेंशन योजना से जो?ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। क्योंकि, वे बहुत ही कम प्रीमियम अदा करके 60 साल की उम्र के बाद पेंशन पा सकते हैं।

इस अवसर पर उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सांसद और दिशा के अन्य सदस्यों का स्वागत किया और बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की अनुपालना का आश्वासन दिया।

### आवास योजना के तहत परिवारों को धनराशि आवंटित

उन्होंने कहा कि जिला में नई शहरी निकायों को केंद्र सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए अधिकारी व्यापक योजनाएं तैयार करें। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिला के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के पात्र परिवारों को धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को ऋण योजनाओं से जो?ने, राजस्व रिकॉर्ड के डिजिटाइजेशन और यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ड्राईविंग लाइसेंसिंग अथॉरिटी एवं पुलिस के स्तर पर आवश्यक सुधारों पर भी जोर दिया।

एडीसी अभिषेक गर्ग ने सभी मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में विधायक इंद्र दत्त लखनपाल और आशीष शर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी, समिति के अन्य गैर सरकारी सदस्यों, एसपी भगत सिंह ठाकुर और अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया।



# चंबा अग्रणी आकांक्षी जिला के रूप में उभरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** योजना विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने आज यहां आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों तक समान विकास सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वंचित वर्गों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान सुनिश्चित हो। दुर्गम और पिछ? क्षत्रों का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करने के लिए इन योजनाओं को शुरू किया जाता है।

उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को कल्याणकारी कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सचिव स्तर पर हर तिमाही में समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर भी इन योजनाओं की प्रगति की निगरानी की जानी चाहिए। आकांक्षी जिला चंबा को विभिन्न समग्र मापदंडों में बेहतर प्रदर्शन करने के दृष्टिगत मार्च 2019 से फरवरी, 2025 तक 25 करो? रुपये आवंटित किए गए हैं। सीएसआर के तहत 41.74 करो? रुपये आवंटित किए गए हैं। जिला में एनएचपीसी, एसजेवीएन और सीएसआर के तहत 58.07 करो? रुपये की सात परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही है।

# रोहित ठाकुर ने शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज यहां शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग की विभिन्न पहलों और शैक्षिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

रोहित ठाकुर ने निदेशालयों के पुनर्गठन, मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना, डिजिटल उपस्थिति, शिक्षकों के अंतरराष्ट्रीय शिक्षण भ्रमण, अपना विद्यालय योजना, राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल तथा स्कूलों की सीबीएसई से संबद्धता जैसी महत्वपूर्ण पहलों के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि पिछले लगभग तीन वर्षों में राज्य सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अनेक परिवर्तनकारी पहल की हैं, जिनके परिणामस्वरूप प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब तक विभिन्न श्रेणियों के लगभग 7000 नियमित शिक्षकों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं। इसके बाद 9000 से अधिक और पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है जिनमें 1170 टीजीटी, 1762 जेबीटी, 37 प्रवक्ता (पीडब्ल्यूडी), 69 सी.एंड.वी तथा 6292 एनटीटी शिक्षक शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि शैक्षणिक संस्थानों में रिक्त पदों को समय पर भरा जा सके।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए सुधारों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और राज्य की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की रैंकिंग में सुधार हुआ है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि हिमाचल प्रदेश को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया है।

# रोहित भारद्वाज ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात की

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर, 30 अक्तूबर।** सोलन जिले से संबंध रखने वाले रोहित भारद्वाज ने आज पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, रोहित भारद्वाज ने भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. धूमल का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

प्रो. धूमल ने रोहित भारद्वाज को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन को मजबूत करने और हिमाचल प्रदेश के युवाओं को भाजपा के विकासात्मक दृष्टिकोण से जुड़ने के लिए प्रेरित करने हेतु पूरे समर्पण के साथ काम करेंगे।



रोहित भारद्वाज ने उन पर विश्वास जताने के लिए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वे भारतीय जनता पार्टी के मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए अथक प्रयास करते रहेंगे।

# प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना सुदृढ करने का आग्रह

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से भेंट की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत सायं नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से उनके आवास पर भेंट की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसरंचना को सुदृ? करने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अगले वित्त वर्ष में आवंटन में वृद्धि, प्रदेश के लिए 3 गहन चिकित्सा खंड स्थापित करने की स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अनुपात बनाए रखने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अगले वित्त वर्ष में आवंटन में 200 करो? की वृद्धि की जाए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार की हिस्सेदारी ब?ाने का आग्रह भी किया ताकि 90:10 का अनुपात बना रहे।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आग्रह किया कि प्रदेश के लिए तीन गहन चिकित्सा खंड स्थापित करने की अनुमति शीघ्र प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि यह खंड प्रदेश में गंभीर रोगों से पी?ित रोगियों के बेहतर उपचार के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृ?ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को हिमाचल में इस वर्ष आपदा से हुए नुकसान तथा प्रदेश सरकार द्वारा अधोसरंचना विकास एवं आपदा पी?ितों के पुनर्वास के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्कड़-बसोली सड़क एक माह के लिए रहेगी बंद, यातायात रहेगा वैकल्पिक मार्गों से संचालित

**ऊना (रोहित शर्मा)।** रक्कड़-बसोली सड़क (किलोमीटर 0/000 से 2/000 तक) पर वाहनों की आवाजाही 1 से 30 नवम्बर तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए वाहनों की आवाजाही मलाहतड्डबसोली और चताड़ाड्डबसोली मार्गों पर डायवर्ट रहेगी। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 116 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क अपग्रेडेशन कार्य और अन्य निर्माण संबंधित गतिविधियों को बिना किसी अवरोध के शीघ्र एवं सुचारू रूप से पूर्ण करने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि सड़क बंद होने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी आम जनता को समय रहते देने के लिए अग्रिम सूचना बोर्ड लगाए जाएं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### विधायक सुरेंद्र शौरी ने कनौन पंचायत में नव निर्मित सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन



**कुल्लू 30 अक्तूबर (अशेष शर्मा)।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के सैंज घाटी की ग्राम पंचायत कनौन में आज नव निर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत उद्घाटन विधायक सुरेंद्र शौरी ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय निवासियों एवं क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि यह सामुदायिक भवन ग्रामवासियों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय लोगों को सामूहिक कार्यक्रमों, बैठकों व सामाजिक आयोजनों के संचालन में सुविधा प्राप्त होगी। विधायक शौरी ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय में जनता आपदा से राहत की प्रतीक्षा में है परंतु सरकार उद्देश्यविहीन हो गई है व पूरा क्षेत्र घोर लापरवाही झेल रही है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य हर पंचायत को सुविधाओं से सशक्त बनाना है ताकि विकास का लाभ हर वर्ग तक समान रूप से पहुँचे। उन्होंने कहा, फ्रपूरे विधानसभा क्षेत्र में समान और संतुलित विकास सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर विधायक ने सभी ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं और स्थानीय जनसहभागिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चल रहे अन्य विकास कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं।

# हमीरपुर में ठप पड़ी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना : इन्द्रदत्त

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** बड़सर के विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने कहा कि यह कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी नाकामी और गरीब विरोधी सोच को उजागर करता है कि मुख्यमंत्री के अपने गृह ज़िले हमीरपुर में ही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ न के बराबर लोगों तक पहुँच पा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब, असहाय, विधवा और निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी में सरकारी सहयोग देने के लिए शुरू की गई थी ताकि ऐसे परिवारों को आर्थिक राहत मिल सके। लेकिन आज स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री के गृह ज़िले के लोग ही इस योजना के लाभ से वंचित हैं।



विभागीय आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 177 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से सिर्फ 7 लाभार्थियों को ही सहायता राशि प्रदान की गई है, जबकि 170 आवेदन विभागीय दफ्तरों में लंबित पड़े हैं।

योजना का उद्देश्य था गरीब परिवारों को समय पर आर्थिक मदद देना, ताकि बेटियों के विवाह में अड़चनें न आएं। लेकिन तीन-तीन महीने बीत जाने के बाद भी अनेक परिवारों को सहायता राशि नहीं मिली है। इससे सरकार की संवेदनहीनता और कार्यकुशलता की पोल खुलती है।

# ऊना जिला में साइलेंट कटर से हो रहा अवैध कटान

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** ऊना जिले में इन दिनों जंगलों में पेड़ों का अवैध कटान एक नए तरीके से किया जा रहा है। वन माफिया तस्कर अब ÷साइलेंट कटर÷ नामक आधुनिक मशीन का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे लकड़ी काटने की कोई आवाज़ तक नहीं होती। इस वजह से न तो वन रक्षक (गार्ड) को पता चलता है और न ही रेंज अधिकारी को कोई भनक लगती है। जिससे पेड़ों की ताबड़तोड़ कटाई बिना किसी रोक टोक के जारी है।

सूत्रों के अनुसार, रात के समय यह गिरोह जंगलों में घुसकर साइलेंट कटर की मदद से बड़े-बड़े पेड़ काट रहे हैं। मशीन की यह तकनीक इतनी खामोश है कि दूर-दूर तक किसी को आभास तक नहीं होता। धीरे-धीरे जंगलों का हरा सोना गायब हो रहा है,

एक्सक्लूसिव



लेकिन विभाग को जानकारी तक नहीं मिल रही। नतीजतन हरियाली तेजी से खत्म हो रही है और पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है ।

स्थानीय ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले वर्षों में ऑक्सीजन की गंभीर कमी और पर्यावरण असंतुलन जैसी भारी समस्या खड़ी हो जाएगी। उनका आरोप है कि विभाग की लापरवाही और प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से यह अवैध कटान खुलेआम जारी है।

स्थानीय लोग की यह भी मांग है कि जो भी व्यक्ति साइलेंट कटर का इस्तेमाल कर रहा है, उसके खिलाफ कड़ी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए और मशीनों को तुरंत जब्त किया जाए। इस विषय को लेकर प्रदेश सरकार को भी गंभीर एक्शन लेना चाहिए

वन हमारी सांस है और जो लोग इन्हें काट रहे हैं वह हमारी जिंदगी काट रहे हैं । पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल प्रदेश की सांस हैं, और यदि यही खत्म होने लगे तो इसका असर सीधे जलवायु, वर्षा और तापमान पर पड़ेगा। अब सवाल यह है कि सरकार और वन विभाग कब जागे गई ? क्या सरकार और प्रशासन इस साइलेंट कटान पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई करेगा, या फिर हरे-भरे जंगल यूं ही तस्करों की भेंट चढ़ते रहेंगे? जो भी लोग इसमें शामिल है उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कारवाही होनी चाहिए।

ऊना जिला वन अधिकारी सुशील कुमार राणा ने कहा कि जिले में वनों को संरक्षण व सुरक्षित रखने के लिए विभाग के कर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ नजर रख रहे हैं । जब भी अवैध कटान की जानकारी मिलती है विभाग उचित कारवाही करता है। राणा ने लोगों से अपील कर कहा कि लोगों की सहभागिता और जब तक लोगों का सहयोग नहीं होगा तब तक इसपर अंकुश लगाना मुश्किल है।

खेलकूद

## राज्य स्तरीय अंडर-14 बालिका खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ, उपायुक्त बोले-

# शिक्षा के साथ खेलों में भागीदारी से होता है सर्वांगीण विकास

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने आज (वीरवार) को राज्य स्तरीय अंडर-14 बालिका वर्ग खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ वन विहारी नंद ब्रह्मचारी राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सलोह में किया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के दस जिलों से आई लगभग 440 बालिकाएं भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के दौरान हॉकी, बास्केटबॉल और हैंडबॉल की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

उद्घाटन समारोह में उपायुक्त ने खिला?ियों की मार्च पास्ट परेड की सलामी ली तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। उन्होंने आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन की सराहना की और सभी खिला?ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

उपायुक्त जनित लाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए, क्योंकि व्यक्ति या तो जीतता है या सीखता है। असफलता को हार न मानते हुए उसे सीखने का अवसर समझना चाहिए। निरंतर प्रयास और दृ? निश्चय से ही सफलता प्राप्त होती है।इसके साथ ही, उपायुक्त ने युवाओं से नशे की बुराई के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

# प्राथमिक विद्यालय शिला के जर्जर भवन में दरार

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**पतलीकूहल (कुल्लू) 30 अक्तूबर।** ग्राम पंचायत हलाण-2 के राजकीय प्राथमिक विद्यालय शिला का भवन आपदा के कारण जर्जर हो गया है और उसमें गहरी दरारें आ गई हैं। इस गंभीर स्थिति के बावजूद, आपदा को चार माह बीत जाने के बाद भी स्कूल भवन की मरम्मत का काम शुरू नहीं हो पाया है, जिससे यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे लगभग 23 छात्रों और स्कूल स्टाफ की सुरक्षा पर गहरा संकट छाया हुआ है।

यह प्राथमिक विद्यालय एक मंजिला है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों की चिंता का मुख्य कारण आगामी सर्दियाँ और संभावित बर्फबारी है। लोगों का कहना है कि भवन में मौजूद दरारें सर्दियों में तेज ठंड और भारी बर्फबारी के कारण और अधिक चौड़ी हो सकती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन की मौजूदा दरारें सर्दियों में तेज ठंड और बर्फबारी के कारण और बढ़ सकती हैं, जिससे स्कूल भवन की हालत और खराब हो सकती है।


**Himachal Pradesh Jal Shakti Vibhag**

**" NOTICE INVITING E-Tenders"**

The Executive Engineer Jal Shakti Division Chamba, invites following E-Tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh, from approved eligible contractors for the following work through E-Tendering process :-

| Sr No. | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Time of completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | O & M of all drought affected WSS in GP Uteep, Baat, Kumarka, Luddu and Belly in Tehsil & Distt. Chamba H.P. for 5 years. | Rs. 2,94,69,809/- | Rs.3,69,698/- | Five Years (including all seasons) |

Last date of filling / uploading the tender through E-Tendering:-10-11-2025. The tender form and other detailed conditions can be obtained from the web site www.hpiph.org

RO NO. 4060_2025-2026

Executive Engineer
Jal Shakti Division Chamba

### एनजीओ सेव घग्गर ने उठाया था सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष घग्गर नदी की सफाई का मामला

# घग्गर नदी पर गारबेज के ढेर, छठ के दो दिन बाद भी चरमराई व्यवस्था

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा





**पंचकूला।** पूर्वांचल वासियो के सबसे बड़े पर्व छठ पूजा के उल्लासपूर्वक संपन्न होने के दो दिन बीतने के बाद भी घग्गर नदी के किनारे कचरे के ढेर से अटे पड़े हैं। हालांकि, घग्गर नदी पर प्रदूषण के फैलने का अंदेशा बताते हुए यह मामला पर्व से पहले ही सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष समाधान शिविर में भी पहुंच चुका है।

इसके बावजूद नदी के इर्द-गिर्द बदहाली का माहौल है। ये हालात घाटों से लेकर सेक्टर 27-26 की तरफ बहने वाली नदी के समीप देखे जा सकते हैं, सामग्री, प्लास्टिक, लकड़ी, पौधे, कागज और खाने पीने की वस्तुएं और अन्य कचरा फैला पड़ा है। गुरुवार को एक जगह पर कचरे को जलाया गया था।

बता दें कि इस बार राज्यस्तरीय छठ पूजा का आयोजन किया गया था। छठ की पूजा करने के लिए लोग लगातार चार दिनों तक सुबह शाम घाटों पर चहल पहल रही। यही नहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने आयोजन से पूर्व घाटों का दौरा भी किया और व्रतियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश भी दिए गए थे। घग्गर नदी की व्यवस्थाओं का जिम्मा सिंचाई विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम के पास रहा है। मगर हालात अब भी जस के तस हैं। उधर, सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष घाटों की स्वच्छता के मामला एनजीओ सेव घग्गर की सदस्य तपस्या शर्मा पर्व शुरू होने से पहले से सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष उठा चुकी हैं। उन्होंने घग्गर नदी पर फैली बदहाली को तत्काल सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करने की मांग की थी। उन्होंने तत्कार सफाई कर्मियों को पर्व से पूर्व और बाद तक तैनात करने की मांग उठाई थी। उन्होंने बदहाली की कुछ तस्वीरें भी सामने रखी।

तपस्या शर्मा के मुताबिक सिंचाई विभाग से संपर्क करने पर अधिकारियों का कहना था कि विभाग के पास पर्याप्त सफाई कर्मचारियों की कमी है। हालांकि, विभाग के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया था कि साफ सफाई के लिए कर्मचारियों को भेजा जाएगा, साथ ही मौके पर डस्टबिन भी रखवाए जाएंगे। मगर पर्व से पहले या बाद में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई। तपस्या शर्मा ने कहा कि एचएसवीपी का कहना था कि घग्गर नदी की साफ सफाई व्यवस्था का जिम्मा नगर निगम संभाल रहा है। अपनी दायर याचिका में तपस्या शर्मा ने समय रहते सफाई व्यवस्था करने पर जोर दिया था कि पर्व में प्रदूषण और संक्रमण से लोग बच सकें, लेकिन पूजा के दो दिन बीतने के बाद भी घाटों की सफाई नहीं हो पाई है।

**नगर निगम ने करवाई सफाई, नदी पर कौन करे**

नगर निगम के सेनेट्री इंस्पेक्टर अविनाश ने बताया कि छठ पूजा के बाद घाटों के बाहर के स्थलों की नगर निगम द्वारा सफाई कर दी गई है। पर्व से पहले और बाद में मुख्य सड?ें, रास्तों की सफाई कर दी गई है। जबकि घग्गर नदी के बाहरी हिस्सों पर फैली गंदगी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से की जानी है। सिंचाई विभाग के एक तत्कालीन एक अधिकारी के मुताबिक सिंचाई विभाग की तरफ से केवल नदी के पानी में आने वाली रूकावट को रोका जाता है, जबकि नदी के बाहर फैले कचरे को साफ करने की जिम्मेदारी नगर निगम के पास है। नदी के बाहरी हिस्सों का सवाल है वहां की साफ सफाई नगर निगम के पास है। घग्गर नदी पर सफाई व्यवस्था के बारे में जब एचएसवीपी के ईओ मानव मलिक से संपर्क किया गया तब उन्होंने व्यस्तता का हवाला दिया।

## तेज रफ्तार थार ने कई लोगों को कुचला, एक पुरुष व गाय की मौत

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता



**न्यू- चंडीगढ़।** नयागांव कांसल में बुधवार रात लगभग 11 एक तेज रफ्तार कार ने गांव कांसल में कईयों को कुचला मौके पर एक 40-45 साला पुरुष एक गाय की मौत हो गई एक गंभीर रूप में जख्मी हो गया लोगों ने पकड कर पुलिस को सौंपा।

जानकारी के अनुसार गांव नयागांव कांसल में बुधवार रात के 11 बजे थार कार नंबर एच आर -10-एए-9900 जिस पर एडवोकेट का स्टीकर भी लगा हुआ था कार की तेज रफ्तार ने गायों को कुचला डाला मौके पर ?लोग पंहचें कार ड्राइवर हादसा करने के बाद भागने लगा लेकिन लोगों ने उसे मौके पर पकड़ लिया और नयागांव पुलिस को हादसे सबंधी मोबाइल फोन किया और पूलिस टीम तुरंत कांसल हादसे वाले स्थान पहुंची तो लोगों को पकड़े ड्राइवर को पुलिस को सौंपा। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे लेकर मौके पर हुए हादसे की जांच पड़ताल करके मृतक साहब लाल पुत्र महिपाल यूपी हाल 8-10 सालों कांसल में परिवार के रह रहा है की पत्नी सुमन के बयानों पर मुकदमा दर्ज किया गया और हादसे वाली कार को जब्त और कार ड्राइवर मुकुल पुत्र मनोज खत्री निवासी सोनीपत हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर कर शव को परिवार को सौंप दिया गया है और कार ड्राइवर मुकुल को अदालत में पेश करके अगेतरी कार्रवाई की जाएगी

## दो माह में बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश

**चंडीगढ़ नगर निगम आयुक्त ने पीजीआईएमईआर अधिकारियों के साथ नगर निगम के प्रमुख मुद्दों की समीक्षा की**

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 30 अक्टूबर।** चंडीगढ़ नगर निगम आयुक्त, अमित कुमार, आईएएस ने पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ के अधिकारियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की, जिसमें लंबित संपत्ति कर और पानी के बिलों की बकाया राशि, अग्नि सुरक्षा अनुपालन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) उपायों और पीजीआईएमईआर परिसर में एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थापना सहित विभिन्न नगर निगम मामलों पर चर्चा की गई।

सेक्टर 17 स्थित नगर निगम भवन में आयोजित इस बैठक में पीजीआईएमईआर के अस्पताल अधीक्षण अभियंता कर्नल जी.एस. भट्टी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, डॉक्टर और एमसीसी अधिकारी शामिल हुए।

चर्चा के दौरान, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पीजीआईएमईआर के कई भवन आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रणालियों और प्रमाणपत्रों के बिना काम कर रहे हैं। जवाब में, पीजीआईएमईआर के प्रतिनिधियों ने बताया कि सीबीआरआई, रुड़की द्वारा अग्नि सुरक्षा ऑडिट किया जा रहा है और 16 भवनों का निरीक्षण पहले ही किया जा चुका है। संस्थान ने अग्नि सुरक्षा मानदंडों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया और अग्निशमन एवं बचाव विभाग की सभी टिप्पणियों को दो महीने के भीतर लागू करने की प्रतिबद्धता जताई।

आयुक्त ने पीजीआईएमईआर के अधिकारियों को आगे की कार्रवाई में आसानी के लिए सभी बकाया संपत्ति कर और जल कर का शीघ्र भुगतान करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, पीजीआईएमईआर ने एक बड़े पैमाने पर अपशिष्ट उत्पादक के रूप में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया और जैव-चिकित्सा अपशिष्ट अनुपालन के संबंध में विवरण प्रस्तुत करने पर सहमति व्यक्त की।

## मॉक ड्रिल : शिमला-कालका टॉय ट्रेन के एक डिब्बे लगी आग

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** वीरवार को लगभग साढे 11 बजे के आसपास कालका रेलवे स्टेशन पर रेल विभाग द्वारा मॉक ड्रिल दौरान अपने रेल स्टाफ और कर्मियों को सचेत करने के लिए किया गया। इस मॉक ड्रिल दौरान नार्दर्न डिजास्टर रेलवे कोर्स की टीम, अग्नि शमन की टीमें, कालका सिविल अस्पताल की ओर से डॉक्टर और नर्सिस, कालका सिविल अस्पताल की एम्बुलेंस, चेरिटेबल ट्रस्ट की एम्बुलेंस, रेलवे वर्कशॉप की टीमें, सिविल अग्नि शमन की टीम, रेलवे सुरक्षा बल से इंचार्ज नमो नारायण मीणा अपनी टीम के साथ, कालका पुलिस की ओर से इंस्पेक्टर कमलजीत अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे ।

वहीं प्रशासनिक अधिकारी और तहसीलदार कालका विवेक गोयल भी दुर्घटना की जानकारी पा मौके पर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। आज की यह मॉक ड्रिल डी एस ओ रेलवे विलियमजीत सिंह के देखरेख में की गई। उन्होंने इस मॉक ड्रिल बारे जानकारी देते बतलाया कि इस मॉक ड्रिल का मकसद रेल अधिकारियों व कर्मचारियों को चुस्त करने के लिए किया गया था ताकि अचानक कभी इस तरह की दुर्घटना की स्थिति आ जाए तो उस पर कैसे काबू पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस ऑप्रेशन दौरान दर्शाया गया है कि 12 यात्री बुरी तरह घायल हुए और तीन यात्रियों को रेल कर्मचारियों ने मामूली चोट के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। शिमला से कालका कालका पहुंची टॉय ट्रेन नंबर 01226 बनी बर्निंग ट्रेन कालका रेलवे स्टेशन पर अन्य ट्रेन के साथ टक्कर लगने से लगी ट्रेन के एक डिब्बे को आग

## जिंदगी सिर्फ मोबाइल स्क्रीन में नहीं है, असली जिंदगी किताबो के पन्नों में है, खुले मैदान में है : पुलिस कमिश्नर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पंचकूला पुलिस ने ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ के साथ-साथ सुरक्षित व नशामुक्त भारत का संदेश लेकर स्कूली छात्रों के बीच पहुंची। इस दौरान पुलिस ने भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा में सरदार पटेल के अमूल्य योगदान को याद करते हुए नई पीढ़ी को नशे और इंटरनेट की चकाचौंध से दूर रहकर सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

पंचकूला पुलिस कमिश्नर व हरियाणा साइबर आईजी शिवास कविराज ने बताया कि पंचकूला पुलिस हरियाणा सरकार व डीजीपी हरियाणा ओ.पी. सिंह के विज़न ÷युवाओं को नशे और इंटरनेट की चकाचौंध से बचाकर सशक्त भारत की नींव बनाना÷ को साकार करने की दिशा में आज जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक दिन में 14 स्कूलों का दौरा किया। हमारे थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज ने विभिन्न स्कूलो के हजारो की संख्या में छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव और मोबाइल फोन की लत से होने वाले नुकसान के बारे में सरल भाषा मे समझाया है। साथ ही नशे के खतरों पर भी चेताया और बता गया कि शुरुआत भले मज़े से होती है लेकिन इसका अंत हमेशा विनाश में होता है। साथ ही मै लोगो से पंचकूल पुलिस के ÷नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी अभियान÷ से जुड़ने की अपील करता हुं जिसके तहत हमारी पुलिस न सिर्फ नशा तस्करो पर कार्रवाई कर रही है बल्कि नशा पीड़ितो का उपचार भी करवा रही है।

पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने सभी बच्चो को संदेश देते हुए कहा कि ज़िंदगी सिर्फ मोबाइल स्क्रीन में नहीं है, असली ज़िंदगी किताबो के पन्नो में है, खुले मैदान में है, दोस्तों की हँसी में है, परिवार की बातों में है। हर दिन एक घंटा खेलो, पसीना बहाओ, और खुद में फर्क महसूस करो। हमारी कोशिश है कि हर बच्चा डिजिटल लत और नशे से दूर रहकर अपने सपनों की उड़ान भरे।

आज पुलिस की उपस्थिति में स्कूलों में छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, गीतो, कविताओं और भाषणों के माध्यम से नशे और सोशल मीडिया की अंधी दौड़ के खिलाफ आवाज उठाई। पुलिस की इस पहल को बच्चों ने पूरे उत्साह से अपनाया। डीसीपी ने बच्चों को चॉकलेट और भोजन वितरित कर पुलिस मित्रता और अपनापन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई नशा तस्करी या गुंडागर्दी दिखे, तो तुरंत 112 पर सूचना दें।

## न्यूज ब्रीफ

### गोपाष्टमी पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया गौ पूजन



**पंचकूला।** माता मनसा देवी परिसर के पास स्थित श्री माता मनसा देवी गौधाम में वीरवार को गोपाष्टमी पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पंचकूला गौशाला ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस आयोजन में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। करीब तीन हजार से अधिक लोगों ने गौ पूजन में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने गौ माता को गुड़, आटा, चारा और प्रसाद अर्पित किया। पूरे दिन श्रद्धालुओं के लिए मालपुआ, खीर और मथुरा के पेड़े का प्रसाद वितरित किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, नेता, समाजसेवी और धार्मिक व्यक्ति उपस्थित रहे। ट्रस्ट के चेयरमैन संजीव गोयल, प्रधान कुलभूषण गोयल और महासचिव डा. नरेश मित्तल ने बताया कि श्रद्धालु सुबह से ही गौ पूजन और दान के लिए पहुंचने लगे थे। ट्रस्ट उपप्रधान केवल गर्ग और कोषाध्यक्ष भूपिंद्र गोयल ने बताया कि भक्तों के लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से कर ली गई थीं। इस अवसर पर हरगोबिंद गोयल, विकास भौजिया, सतपाल सिंगला, भूपिंद्र गोयल, मिढुन लाल, हरीश गोयल, सतीश सिंगला, कुसुम कुमार गुप्ता, तेजपाल गुप्ता, अशोक गर्ग, अंशु अग्रवाल, वेद प्रकाश गर्ग, अजय गर्ग, प्रेम चंद गुप्ता और दीपक बंसल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दर्शन अकादमी में वेजी फेस्ट का आयोजन



**कालका (जग्गी)।** दर्शन अकादमी, कालका में आज卐वेजी फेस्ट卐 बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सब्जियों के महत्व से अवगत कराना तथा उनमें स्वस्थ भोजन करने की आदत विकसित करना था। इस आयोजन में न केवल विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया, बल्कि आसपास के प्ले-वे स्कूलों को भी आमंत्रित किया गया। बच्चों ने विभिन्न सब्जियों की वेशभूषा धारण कर मंच पर आत्मविश्वास से सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। कुछ बच्चों ने सब्जियों से बने स्वादिष्ट व्यंजन भी प्रदर्शित किए। विद्यालय का वातावरण रंग-बिरंगी सजावट और बच्चों की मुस्कुराहट से और भी आकर्षक बन गया। अध्यापिकाओं ने बच्चों को बताया कि सब्जियाँ हमारे शरीर को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखती हैं। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या जी के प्रेरणादायी शब्दों और बच्चों की सराहना के साथ हुआ।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 2.33 लाख की ठगी, केस दर्ज

**पंचकूला, (अप्रस)।** पंचकूला पुलिस ने पंजाब के पिंक सिटी, पीरमुछल्ला निवासी गणेश नौटियाल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। नौटियाल पर विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक स्थानीय निवासी से 2.33 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप है। पंचकूला के सेक्टर 26 निवासी शिकायतकर्ता गुरविंदर सिंह ने आरोप लगाया है कि टेरे एक्सकर्शन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से संचालित नौटियाल ने उन्हें संयुक्त अरब अमीरात में आकर्षक नौकरी का वादा किया था। आरोपी ने कथित तौर पर अक्टूबर 2023 और सितंबर 2024 के बीच गूगल पे के माध्यम से 2.33 लाख रुपये की कई बार अदायगी ली, लेकिन वादा की गई नौकरी नहीं दी। जब शिकायतकर्ता ने पैसे वापस मांगे, तो नौटियाल ने कथित तौर पर केवल



## विधायक शक्तिरानी शर्मा ने 47.32 लाख की लागत से बनने वाले पंचायत घर के कार्य का शिलान्यास किया

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** कालका विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई दिशा स्थापित करते हुए, क्षेत्र की लोकप्रिय व कर्मठ विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा ने आज लगभग ?62.32 लाख की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

इनमें सबसे प्रमुख परियोजना शाहपुर ग्राम पंचायत में लगभग 47.32 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पंचायत घर का शिलान्यास रहा। यह भवन ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक, प्रशासनिक और विकासात्मक कार्यों के लिए एक सशक्त केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

विधायक ने इस अवसर पर कालका क्षेत्र में विकास कार्यों की एक नई श्रृंखला की शुरुआत की। इनमें टगरा हंसुआ (वार्ड 27) में सड़क एवं नाली निर्माण, माजरा (वार्ड 28) में पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य तथा टगरा कालीराम (वार्ड 29) में सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को और मज़बूती मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ प्राप्त होंगी। इस अवसर पर विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा ने कहा – ÷विकास कार्य ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। शाहपुर में पंचायत घर का निर्माण केवल एक भवन नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी और सशक्तिकरण का प्रतीक है। हमारा संकल्प है कि कालका विधानसभा क्षेत्र का हर गाँव और हर वार्ड बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित हो।

## प्रोग्रेसिव कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने की संजय टंडन से भेंटवार्ता

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** प्रोग्रेसिव कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी, सेक्टर 50-बी, चंडीगढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन द्वारा जारी नोटिसों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन से उनके निवास स्थान पर भेंटवार्ता की और उन्हें हाल ही में एसडीएम (दक्षिण) द्वारा सोसाइटी के कई निवासियों को जारी किए गए नोटिसों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रविंदर मोहन भारद्वाज ने किया, उनके साथ एस. कुलदीप सिंह भट्ट, सौरव शर्मा, जे.सी. जुनेजा, राजिंदर अरोड़ा, प्रेम सिंगला, मंजीत कौर, ज्योति मेहता, भारती सिंगला, सुशीला पठानिया, अनिल निझावन और सरगुन अरोड़ा भी मौजूद थीं।

प्रतिनिधिमंडल ने टंडन को लोगों को मिले नोटिसों के बारे में बताते हुए कहा कि इस प्रकार के नोटिस से स्थानीय निवासी काफी चिंतित हैं और मामले को सुलझाने के लिए सभी निवासियों के हित में एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने के लिए संजय टंडन से हस्तक्षेप की मांग की।



## हेरोइन सप्लाई करने आया युवक गिरफ्तार

**पंचकूला।** पुलिस ने नशे की अवैध तस्करी पर सख्त कार्रवाई करते हुए एक शातिर हेरोइन सप्लायर को गिरफ्तार किया है। डिटेक्टिव स्टाफ की टीम रुटीन गश्त पर थी। इसी दौरान उन्हें पुख्ता गुप्त सूचना मिली कि सेक्टर-1 पंचकूला स्थित सूरज सिनेमा के पास एक युवक हेरोइन बिक्री के उद्देश्य से मौजूद है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज मनदीप के नेतृत्व में एक टीम मौके पर रवाना की गई। टीम ने क्षेत्र की घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को बिना देर किए दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपक सिंह (22) के तौर पर हुई। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में आरोपी के कब्जे से कुल 60 ग्राम 84 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की गई। मामले की जांच का जिम्मा एएसआई गोपाल को सौंपा गया है। आरोपी ने खुलासा किया है कि वह अमृतसर से हेरोइन की सप्लाई लेकर पंचकूला में अवैध रूप से बेचने पहुंचा था। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि सप्लाई चेन से जुड़े अन्य व्यक्तियों, फंडिंग सोर्स और नेटवर्किंग में शामिल लोगों की पहचान की जा सके।

## चंडीगढ़ में रीजनल डायरेक्टर और रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज हरियाणा के ऑफिस खुलने से ईज ऑफ डुइंग बिजनेस को मिलेगा बढ़ावा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** नॉर्थ इंडिया के प्रोफेशनल और इंडस्ट्रियल कम्युनिटी ने कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री (एमसीए) की ओर से 27 अक्टूबर को लिए गए ऐतिहासिक और सुधारवादी फैसले का स्वागत किया है। इस फैसले के तहत चंडीगढ़ में एक रीजनल डायरेक्टर (नॉर्दर्न रीजन-II) ऑफिस खोला जाएगा। साथ ही रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज़ (हरियाणा) का ऑफिस भी चंडीगढ़ में ही खोला जाएगा। यह ऐतिहासिक पहल ईज़ ऑफ डुइंग बिजनेस, एडमिनिस्ट्रेटिव डिसेंट्रलाइजेशन और रीजनल एम्पावरमेंट की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ के स्टेकहोल्डर्स को फायदा होगा। चंडीगढ़ में एक रीजनल डॉयरेक्टर (आरडी) ऑफिस खोलने की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

प्रोफेशनल और इंडस्ट्री कम्युनिटी की ओर से आभार व्यक्त करने के लिए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की एनसीएलटी और कॉर्पोरेट अफेयर्स कमेटी के संयोजक सीएस राहुल जोगी ने कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री के सीनियर अधिकारियों से मुलाकात की। इनमें जॉइंट सेक्रेटरी, कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री बालमुरुगन डी, डायरेक्टर जनरल, कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री संजय शोरे और रीजनल डायरेक्टर (नॉर्थ रीजन), कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री विनोद शर्मा शामिल थे। मीटिंग के दौरान, सीएस राहुल जोगी ने इलाके के स्टेकहोल्डर्स की लंबे समय से चली आ रही मांग को मानने और एक दूरदर्शी कदम उठाने के लिए मिनिस्ट्री का आभार व्यक्त किया जिससे एक्सेसिबिलिटी, एफिशिएंसी और रेगुलेटरी रिस्पॉन्सिवनेस में काफी सुधार होगा।

सीएस राहुल जोगी ने कहा कि चंडीगढ़ में रीजनल डायरेक्टर और रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज़ (हरियाणा) ऑफिस खोलना एक बड़ा रिफॉर्म है, जिससे कॉर्पोरेट एडमिनिस्ट्रेशन लोगों के करीब आएगा। यह पहल सच में रिस्पॉन्सिव गवर्नेंस और बैलेंस्ड रीजनल ग्रोथ के प्रति मिनिस्ट्री की कमिटमेंट को दिखाती है।

प्रोफेशनल कम्युनिटी और इंडस्ट्री एसोसिएशन ने इस डेवलपमेंट की तारीफ़ की है और इसे एक ट्रांसफ़ॉर्मेटिव रिफॉर्म बताया है। इससे न सिर्फ़ प्रोसीजरल चुनौतियां आसान होंगी, बल्कि रीजनल इकोनॉमिक डेवलपमेंट, एंटरप्रेन्योरल कॉन्फिडेंस और समय पर कॉर्पोरेट कंप्लायंस को भी बढ़ावा मिलेगा। पीएचडडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। इसका मकसद ऐसे आगे की सोच वाले इनिशिएटिव्स को सपोर्ट करना है जो उत्तरी क्षेत्र में ट्रांसपेरेंसी, एफिशिएंसी और बिजनेस करने में आसानी को बढ़ाते हैं।

# स्वदेशी अपनाने के लिए मंडल स्तर पर भरवाए जाएंगे संकल्प पत्र : बड़ौली

**पीएम मोदी के नेतृत्व में देश और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश बढ़ रहा है आत्मनिर्भरता की ओर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। भाजपा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली है। बनाई गई रणनीति के अनुसार अब भाजपा के कार्यकर्ता मंडल स्तर पर दुकानों, प्रतिष्ठानों पर जाकर लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे और संकल्प पत्र भी भरवाएंगे। 2 नवंबर से 15 नवंबर तक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंडल, जिला व विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम भी होंगे।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत युवा सम्मेलन, महिला सम्मेलन, व्यापारी एवं लघु उद्योग सम्मेलन, प्रबुद्ध सम्मेलनों का प्रदेशभर में आयोजन होगा। दुकानों पर स्टीकर लगाए जाएंगे, दुकानदारों, व्यापारियों और आम लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर नागरिक को आत्मनिर्भर बनाना, हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और हर घर में समृद्धि लाना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 2 नवंबर तक भाजपा के कार्यकर्ता मंडल अनुसार लगभग एक हजार दुकानों पर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे और स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्प पत्र भरवाएंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि 2 नवंबर से 10 नवंबर तक जिला स्तर पर चार प्रकार के



सम्मेलन होंगे। इन सम्मेलनों में भी जनता को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत प्रेरित करते हुए संकल्प पत्र भरवाए जाएंगे।

श्री बड़ौली ने कहा कि 10 नवंबर से 15 नवंबर तक हरेक मंडल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन होंगे। 15 नवंबर से पहले हर विधानसभा में कॉलेज स्तरीय स्वदेशी संकल्प सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 11 से 15 नवंबर के बीच भाजपा के कार्यकर्ता जिला स्तर पर प्रशासन के सहयोग से स्वदेशी मेले का आयोजन करेंगे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र है, हमारा लक्ष्य है, और हमारी शक्ति है। उन्होंने कहा कि हमें विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय अब अपनी जड़ों को पहचान कर स्वदेशी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा तीनों मिलकर हमें याद दिलाती हैं कि हमारी शक्ति, हमारी संस्कृति और हमारी उद्योग-कुशलता ही हमें आत्मनिर्भर भारत की ऊंचाइयों तक ले जाएगी। श्री बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गांव-गांव तक डिजिटल क्रांति पहुंची है। आज पूरी दुनिया में भारत का गर्व बढ़ा रहा है। पहले हम तकनीक आयात करते थे, आज दुनिया भारत से सीख रही है, यह आत्मनिर्भर भारत का नया चेहरा है। उन्होंने कहा कि आज जब भारत आत्मनिर्भरता की राह पर चल रहा है।

## बिरलानू एयरोकॉन के स्मार्ट व स्थायी दीवार समाधान

चंडीगढ़। बिरलानू एयरोकॉन अपने उन्नत होम और बिल्डिंग समाधानों के माध्यम से नवीन और स्थायी निर्माण के मानकों को निरंतर परिभाषित करता आ रहा है। यह ब्रांड मजबूती, शैली और स्थायित्व का संगम प्रस्तुत करते हुए प्रकृति-सकारात्मक और आकर्षक दीवार समाधानों की एक विविध श्रृंखला प्रदान करता है। प्रत्येक उत्पाद, चाहे वह एएसी ब्लॉक्स हों, सैंडविच पैनल्स, फाइबर सीमेंट बोर्ड्स, डिज़ाइनर बोर्ड्स और प्लैंक्स या फिर पैनल जॉइंटिंग कंपाउंड, आधुनिक निर्माण की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इस प्रकार बनाया गया है कि वह रूप और कार्य के बीच एक सुसंतुलन स्थापित करे।दक्षता और स्थायित्व के लिए तैयार किए गए, बिरलानू एयरोकॉन की सामग्री पारंपरिक तरीकों की तुलना में तेज़ निष्पादन, उत्कृष्ट प्रदर्शन और कम पर्यावरणीय प्रभाव सुनिश्चित करती है। मजबूत संरचनाओं से लेकर आकर्षक इंटीरियर्स तक, इस ब्रांड के समग्र समाधान कार्यक्षमता और सौंदर्य दोनों को बढ़ाते हैं, जिससे हर बिल्डर, आर्किटेक्ट और डिज़ाइनर अपने विज़न को सटीकता और दक्षता के साथ साकार कर सके।

## एलआईसी एमएफ ने लॉन्च किया कंजम्प्शन फंड

चंडीगढ़। भारत के प्रतिष्ठित फंड हाउसों में से एक एलआईसी म्यूचुअल फंड ने अपने थीमैटिक फंड 'एलआईसी एमएफ कंजम्प्शन फंड' को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो उपभोग थीम पर आधारित है।एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.के. झा ने एनएफओ के बारे में कहा, ''हम एक उपभोग आधारित फंड लॉन्च कर रहे हैं, क्योंकि भारत में आने वाले सालों में उपभोग में बड़ा उछाल आने की उम्मीद है। भारत की उपभोग की कहानी को मजबूत बनाने वाले कई कारक हैं, जिनमें मध्यम वर्ग की बढ़ती संख्या, स्वस्थ कार्यशील आयु की आबादी, बढ़ती प्रति व्यक्ति आय, तेजी से शहरीकरण और डिजिटलीकरण प्रमुख हैं. एक बड़ा मध्यम वर्ग भारत को उपभोग की शक्ति बनाएगा। इस प्रकार, हमारा नया फंड खुदरा निवेशकों को इस साइकिल का लाभ उठाने का बेहतर अवसर प्रदान कर रहा है।

## गौ माता की सेवा करना सौभाग्य की बात : विधायक निखिल मदान



**विधायक ने देशवासियों को दी गोपाष्टमी की शुभकामनाएं।**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। विधायक निखिल मदान वीरवार को गोपाष्टमी के अवसर पर जटवाड़ा गौशाला में पहुंचे। निखिल मदान ने पूरे विधि विधान से गौ माता की पूजा अर्चना की और गौ माता को गुड और हरा चारा विधायक निखिल मदान ने बताया कि गऊ माता की सेवा करना बड़े सौभाग्य की बात है। निखिल मदान ने गऊ शाला में मौजूद समस्त क्षेत्रवासियों को गोपाष्टमी की शुभकामनाएं दी और गौ शाला के बाहर भंडारे में प्रसाद वितरण किया। विधायक ने कहा कि गौपाष्टमी हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो गायों की पूजा के लिए मनाया जाता है। यह पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि हम सबको इस गोपाष्टमी पर गौपालन, गौसेवा ,गौरक्षा तथा उनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान महताब सिंह खत्री,सुरेश गुप्ता,प्रमोद गोयल,पं अमित शौनक , महेन्दर मंगला,मनिदर,अशोक गर्ग,सुरेश खत्री पहलवान,अशोक खत्री,कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

## सोनीपत की निकिता दहिया ने यूपीएससी रिजर्व लिस्ट में पाई 37वीं रैंक, सेल्फ-स्टडी को बताया सफलता का मंत्र

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** खरखोदा विधानसभा के रोहट गांव की निकिता दहिया ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की रिजर्व लिस्ट में 37वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि पर भाजपा की जिला उपाध्यक्ष सोनीपत, श्रीमती सोनिया मोर ने निकिता के घर जाकर उन्हें और उनके माता-पिता को व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। इस दौरान, निकिता ने भावी उम्मीदवारों के लिए एक शक्तिशाली संदेश साझा करते हुए कहा, यह एक मिथक है कि केवल बड़े कोचिंग संस्थान ही आपको यूपीएससी में सफलता दिला सकते हैं। आपकी स्वयं की पढ़ाई और कड़ी मेहनत ही सफलता की असली कुंजी हैं।भारतीय सेना की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली निकिता के पिता, सूबेदार विनोद दहिया, भारतीय सेना की 19 राजपूताना राइफल्स में सेवारत रहे हैं। निकिता ने अपनी स्कूली शिक्षा सोनीपत के ऋषिकुल विद्या पीठ से पूरी की और दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान (ऑनर्स) में स्नातक किया। सिविल सेवाओं का उनका सफर श्रीमती अनु कुमारी से प्रेरित था, जिन्होंने यूपीएससी 2017 की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2 हासिल की थी। 12वीं कक्षा की छात्रा रहते हुए, निकिता इतनी प्रेरित हुई कि वह अनु कुमारी से मिलने उनके गाँव गई। यह मुलाकात थी जिसने राष्ट्र की सेवा करने के उनके संकल्प को मजबूत किया।

श्रीमती सोनिया मोर ने निकिता की सराहना करते हुए भारतीय सेना के साथ अपने गहरे जुड़ाव का खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं स्वयं एक फौजी परिवार से हूं, मेरा बेटा सेना में कप्तान है और मेरे पति और ससुर भी भारतीय सेना में सेवारत रहे हैं। मैं इस परिवार के संघर्षों और कुर्बानियों को अच्छी तरह से समझ सकती हूं। निकिता ने पूरे फौजी बिरादरी, सोनीपत और हरियाणा का मान बढ़ाया है।

## घर से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने घर से चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की ने घर से चोरी करने के आरोप में राहुल वासी पूजा कॉलोनी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राहुल राणा वासी मोहन नगर ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी बहन का मकान सैक्टर-3 कुरुक्षेत्र में है। उसकी बहन का घर बन्द है और उसकी एक चाबी उसके पास रहती है। दिनांक 13 अक्टूबर को वह सैक्टर-3 स्थित मकान पर गया तो उसने देखा रात को कोई नामपता नामालूम चोर ने घर के ताले तोडकर घर से के अंदर रखा सामान व बाथरूम में लगी पानी की टोंटी तथा घरेलू सामान चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच की गई।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शहर में किया जाएगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को शहर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी में जिले के सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, खिलाड़ी, शिक्षणा संस्थाओं के विद्यार्थी और आमजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ शामिल होकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता का संदेश देंगे।रन फॉर यूनिटी की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ जानकीदास व डीएवी स्कूल व निर्धारित रूट का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी सुबह 06 बजे मुरथल रोड़ स्थित जानकीदास स्कूल से शुरू होकर विक्रम पैलेस, अग्रसेन चौक, सेक्टर-14 व 15 के सेंटर रोड़ से होते हुए सेक्टर-15 स्थित डीएवी स्कूल में समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि विधायक पवन खरखौदा बतौर मुख्यातिथि रन फॉर यूनिटी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे।उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी प्रतिभागी राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति समर्पण की शपथ भी लेंगे।

उपायुक्त ने जिले के नागरिकों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में भाग लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों को आत्मसात करें और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि बरोदा व गन्नौर में भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। गन्नौर में विधायक देवेन्द्र कादियान व भाजपा वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कौशिक तथा बरोदा में भाजपा नेता प्रदीप सांगवान रन फॉर यूटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

## गांव रेवली में लगभग दो करोड़ की लागत से बनने वाला पार्क होगा आधुनिक : कृष्णा गहलावत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई। राई विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने गांव रेवली में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक पार्क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर नगर निगम मेयर राजीव जैन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद विधायक कृष्णा गहलावत और मेयर राजीव जैन ने संयुक्त रूप से पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि यह पार्क रेवली गांव के लोगों के लिए एक नई सौगात है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में स्वच्छ वातावरण और हरियाली का विशेष महत्व है। यह पार्क न केवल ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए भी मनोरंजन और व्यायाम का उत्कृष्ट स्थल बनेगा।

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हमारी सरकार जनता की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाने का कार्य कर रही है। विधायक ने बताया कि इस पार्क में स्केटिंग रिंग, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, दो कैनोपी, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र (चिल्ड्रन पार्क), बैठने के लिए बेंचें और आकर्षक लैंडस्केपिंग की जाएगी। साथ ही, पार्क में पेड़-पौधों और फूलों की विभिन्न प्रजातियां लगाई जाएंगी ताकि यह पर्यावरण के अनुकूल और सौंदर्यपूर्ण दिखे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने विधायक गहलावत की विकासमुखी सोच की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राई क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

I, Sheetal पत्नी रमेश कुमार निवासी गांव कसान जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम Sheetal से बदलकर Shital रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** नमनीत कौर पुत्री गुरमैल सिंह निवासी 1277, डेरा गोबिंद पुरा, सीवन जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम नमनीत कौर से बदलकर नमनीत (नाम) कौर (उपनाम) रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-5324

**मैं,** गुरबक्श सिंह पुत्र राम सिंह निवासी गांव लाहड, डाकघर ज्वार,तहसील अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)। पिन 177210 ने मेरा नाम गुरबक्श सिंह से बदलकर गुरबक्श सिंह राणा कर लिया है।

**मैं,** बलराज सिंह पुत्र श्री गुरबक्श सिंह राणा, निवासी शिव कॉलोनी, धरमपुर, पिंजौर, तहसील कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा- पिन 134102 ने मेरा नाम बलराज सिंह से बदलकर बलराज सिंह राणा कर लिया है।
एपी-5325

**मैं,** रोशनी देवी पुत्री राम रखा निवासी कटीरडू माजरा उप तहसील पंजैहरा जिला सोलन हिमाचल प्रदेश बयान करती हूं कि मेरा जन्म 01/01/1965 को हुआ हैं अतः पंजीकरण ग्राम पंचायत कार्यालय कश्मीरपुर में दर्ज करवाना चाहती हूं यदि इस पंजीकरण इन्द्राज ग्राम पंचायत में दर्ज करने बारे किसी को ऐतराज है तो वह अदालत मे 03/11/2025 तक एतराज प्रस्तुत कर सकता हैं।
एपी-5326

I, Jasbir Kaur Wife of Sh. Gurcharan Singh, #2006/2, Sector 45-C, Chandigarh have changed my name from Jasvir Kaur to Jasbir Kaur. Further my date of Birth has been wrongly written as 17.03.1965 instead of correct date of birth as 06.10.1963. In future, my correct date of Birth may be treated as 06.10.1963 and my name may be read as JASBIR KAUR for all intents and purposes.
एपी-5327

**मैं,** लक्ष्मी पत्नी मनोज कुमार मकवाना निवासी मकान नंबर 1376, फेस-1 रामदरबार यूटी चंडीगढ़ ने अपना नाम लक्ष्मी से बदलकर लक्ष्मी मकवाना रख लिया है।

**मैं,** बिक्रम सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री वीर सिंह निवासी मकान नंबर 1366, फेज 1, रामदरबार कॉलोनी चंडीगढ़ ने अपना नाम बिक्रम सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री बीर सिंह से बदलकर विक्रम चौहान पुत्र स्वर्गीय श्री वीर सिंह रख लिया है।

**मैं,** कौशल्या देवी पत्नी जीत राम, निवासी मकान नंबर 468/1, मलोया, चंडीगढ़, ने अपना नाम कौशल्या देवी से बदलकर सर्वानी देवी रख लिया है और मेरी सही जन्मतिथि 10.10.1968 है।
एपी-5328

**मैं,** जतिन बांडा पुत्र विरेन्दरा बांडा वासी 18 जगाधरी रोड शर्मा गार्डन यमुनानगर ने अपना नाम बदलकर जतिन बांडा से जतिन कूमार बांडा रखा है।

**मैं,** दिलावर सिंह पुत्र सुलखन सिंह वासी मकान नं.347, वार्ड नं.12, नजदीक न्यू गुरुद्वारा घरौंडा जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर दिलवर सिंह से दिलावर सिंह रखा है।

**मैं,** रिद्धिमा गोयल पुत्री दविंदर गोयल वासी अनाज मंडी, जाखल मंडी जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर रिद्धिमा रखा है।

**मैं,** सत पाल सिंह पुत्र निहाल सिंह वासी गांव लहरियां जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर सतपाल सिंह रखा है।

**मैं,** रेखा पत्नी विशाल वर्मा वासी मकान नं. 93, मुखर्जी मोहल्ला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर रेखा वर्मा रखा है।

**मैं,** रचना पत्नी विष्णु कूमार वासी रतिया तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर रचना से रचना रानी रखा है।
एपी-5330

**मैं,** नीलम (आधार नं. 430394743750) पुत्री प्रेम चंद, पत्नी पदम देव, निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, अंबाला रोड कैथल, तहसील एवं जिला कैथल, सूचित करती हूँ कि मेरे 10वीं के प्रमाण पत्र में मेरा नाम नीलम पुत्री प्रेम चंद, जन्मतिथि 04-02-1966 सही है। लेकिन मेरे पैन कार्ड में मेरा नाम नीलम गुप्ता पुत्री गोबिंद राम, जन्मतिथि 06-02-1966 है, जो गलत है। अब मैं पैन कार्ड में अपना नाम नीलम पुत्री प्रेम चंद, जन्मतिथि 04-02-1966 में किया जाएं।
एपी-5331

I, Prabhati mother of No. 14851483H Hav/Clk (SD) Rajesh Kumar presently residing Kana Ka Ki Dhani Post office Gudha Gorjika Tehsil Udaipurwati District Jhunjhunu State Rajasthan Pincode-333022 have changed my name from Mani Devi ( Date of birth 05 Jan 1959) to Prabhati Vide Affidavit No L-017702 dated 28 Oct 2025
एपी-5332

I, Hani S/o Ved Prakash R/o Village H.No. 365, Ward No. 6, Savitri Nagar, Patiyala Chowk Jind Tehsil and District Jind have Changed my name from Hani to Hani Singh. In future I will be known as Hani Singh for all purposes.

**मैं,** सुमन पत्नी विजय कुमार, मनपल पट्टी गांव व डाकखाना अलेवा तहसील अलेवा जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम सुमन से बदलकर सुमन लता रख लिया है।

**मैं,** कृष्ण कुमार पुत्र बारू राम, गांव कडेला तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम मनप्रीत से बदलकर अन्नु रख लिया है।

**मैं,** अभिषेक ढुल पुत्र सुखवीर सिंह, गांव ईक्कस तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम अभिषेक ढुल से बदलकर देवराज ढुल रख लिया है।

**मैं,** अंग्रेज पत्नी सुल्तान सिंह, 935/25 रोहतक रोड, भटनागर कालोनी तहसील व जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम अंग्रेज से बदलकर अंग्रेजो देवी रख लिया है।

**मैं,** विजय पुत्र महावीर, मनपल पट्टी गांव व डाकखाना अलेवा तहसील अलेवा जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम विजय से बदलकर विजय कुमार रख लिया है।

हम मदन लाल पुत्र रुल्ला और श्रीमती मुकेश पत्नी मदन लाल निवासी मकान नंबर 4732/2, सेक्टर 38 वेस्ट चंडीगढ़, घोषणा करते हैं कि हमारा पुत्र अनुज हमारे नियंत्रण से बाहर है, इसलिए हम उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं, इससे लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।

I Monika Rani W/o Davinder Kumar R/o House No.2618, Durga Mandir Road, Rajpura, Tehsil Rajpura, Distt Patiala have changed my name from Menca alais Monica to Monika Rani

**मैं,** अंजली पत्नी श्री संजय कुमार निवासी मकान न. 1829 C सेक्टर 7 करनाल ब्यान करती हूं कि मैने अपना नाम अंजली गर्ग से बदलकर अंजली रख लिया है।

**मैं,** परनीत पुत्र जसबीर सिंह निवासी # 254/2, माजरी मोहल्ला, शाहाबाद मारकंडा, जिला कुरुक्षेत्र, यहां सूचित करता हूं कि मैंने अपना नाम परनीत से बदलकर परनीत पाल रख लिया है।
एपी-5334

**मैं,** आर्मी नंबर 2872519A रैंक ओडनरी नायब सूबेदार नाम राम कुमार निवासी गाँव लखमीर वाला जिला जींद, हरियाणा घोषित करता हूँ कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम दर्शना (Drashna) दर्ज है जो गलत है। मेरी पत्नी के सभी दस्तावेज़ों में उसका नाम दर्शना (Darshana) है जो सही है।
एपी-5335

**मैं,** रेनू सीकरी पत्नी श्री आशीष सीकरी, निवासी हाउस नंबर 84, स्काईनेट एन्क्लेव, लोहगढ़, जीरकपुर, जिला एसएएस नगर, मोहाली (पंजाब) घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम रेनू सीकरी से बदलकर रेनू कर लिया है।

**मैं,** विक्रम पाल पुत्र स्व. श्री सुलतान सिंह निवासी गांव खन्दरा, तहसील मडलौडा, जिला पानीपत, हरियाणा-132103 हाल निवासी मकान नम्बर 112, सैक्टर 22ए, चंडीगढ़ घोषणा करता हूं कि मेने अपनी पुत्री का नाम प्राची (Prachi) से बदलकर प्राची श्योराण (Prachi Sheoran) कर लिया है।

**मैं,** मंगलबाई, सैन्य संख्या- 15593945H रैंक- नायक नाम- निकम दीपक नानाराव की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 414 (I) इंजीनियर स्काड्रन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- नादरपुर, पोस्ट- पिंपरखेड़ा, तहसील- कन्नड़, जिला- औरंगाबाद, महाराष्ट्र 431104 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम मंगलबाई से बदलकर मंगलबाई नानाराव निकम कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/01/1968 से 01/01/1974 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219287, दिनांक- 30/10/2025

**मैं,** निकम नानाराव भाऊराव, सैन्य संख्या- 15593945H रैंक- नायक नाम- निकम दीपक नानाराव का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 414 (I) इंजीनियर स्काड्रन C/o 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- नादरपुर, पोस्ट- पिंपरखेड़ा, डाकघर- कन्नड़, जिला- औरंगाबाद, महाराष्ट्र 431104 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 09/10/1964 से 09/10/1970 में सही कर ली है। शपथ पत्र स ं ख य ा - 11AA 219288, दिनांक- 30/10/2025
एपी-5337

**मैं,** मनजीत कुमार पुत्र रोहताश निवासी वार्ड नंबर 2 रतिया जिला फतेहाबाद हलफन ब्यान करता हूं कि मेरी माता सुनीता पत्नी रोहताश की मृत्यु 07.03.2024 को हो गई थी। मेरी माता के कानूनी वारिसान 1. रोहताश(पति) 2.मनजीत कुमार, (पुत्र) 3. प्रदीप (पुत्र) 4 वर्षा (पुत्री) हैं। इसके अलावा कोई अन्य कानूनी वारिस नही है।
एपी-5338

**मैं,** कलमास, पत्नी ओमप्रकाश, निवासी मकान नं. 295, वार्ड नं. 07, वीपीओ बेहाल, भिवानी, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अब कमलेश देवी कर लिया है। अब मुझे सभी कानूनी और सरकारी कार्यों में कमलेश देवी के नाम से जाना जाएगा। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह संबंधित प्राधिकरण को सूचित कर सकता है।
एपी-5339

**मैं,** धर्मबीर पुत्र रामकिशन, निवासी गांव अहमदपुर, डाकघर अकबरपुर, तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र के जन्म रिकॉर्ड में उसका घरेलू नाम दिशांत लिखा गया है जबकि उसका वास्तविक नाम दिशांत सिंह है। भविष्य में उसे दिशांत सिंह के नाम से ही जाना जाए।
एपी-5340

I hitherto known as RAJ SHRI AGGARWAL wife of RAKESH KUMAR, R/o House No. 287, Backside Off Bangali Hospital, Ward No. 10, Sunam, P.O. Sunam, Distt. Sangrur, Punjab-148028, have changed my name and shall hereafter be known as RAJ SHRI GUPTA.
एपी-5334

I, Vipin Jindal S/o Ramesh Jindal R/o House No-818-A, B-Block, Ansal Sushant City, Panipat, Haryana-132103, have changed my minor daughter's name from Jiyaana Jindal aged 04 years to Gauri Jindal forever.
एपी-5341

### बेदखली सूचना

**मैं,** महेश कुमार पुत्र स्वर्गीय चमन लाल निवासी मकान नं. 157, मन्नत एन्क्लेव, भबात जीरकपुर, जिला एसएएस नगर मोहाली अपनी बेटी दीप शिखा को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। मेरे बेटी मेरे कहने सुनने से बाहर है । जो कोई भी उस से लेन - देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-5329

**मैं,** ईश्वर सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी उझाना तहसील नरवाना जिला जींद अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र अभिषेक (25 वर्ष) है। जोकि मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं मेरे पुत्र अभिषेक को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में जो कोई उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन देन करेगा, वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-5330

**मैं,** राधे श्याम सिंह पुत्र मुन्ना सिंह, निवासी #82, गली नंबर 5, वार्ड नंबर 1, दशमेश कॉलोनी, गाँव बलौंगी तहसील व जिला मोहाली, अपने बेटे सूरज सिंह को मेरे कहने से बाहर होने के कारण उसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है।। इसके लिए उसके साथ लेन-देन करने वाला व्यक्ति खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-5334

हम सलीम पुत्र मक़लूमा व बबली पत्नी सलीम गांव तिगरा, डाकखाना नाहरपुर जिला यमुनानगर की हमारा लड़का नसीम उर्फ गोल्डी व उसकी पत्नी रुबीना उर्फ रुबी जो कि हमारे कहने सुनने से बाहर है । हम इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं । इनसे लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा ना कि हम व हमारा परिवार।
एपी-5336

हम, रामप्रसाद पुत्र श्री शारदा राम और सलोचना पत्नी श्री रामप्रसाद, दोनों निवासी मकान नंबर- 910, सेक्टर 17, पंचकूला, हरियाणा घोषणा करते हैं कि हमारा पुत्र सौरव और उसकी पत्नी मनीषा हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। हम अपनी सभी चल-अचल संपत्तियो से अपने पुत्र और उसकी पत्नी को बेदखल करते हैं उनके साथ कोई भी लेन-देन करने वाला व्यक्ति अपनी कानूनी/अवैध लेन देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा और हमारे परिवार का इससे कोई लेना-देना नहीं होगा।
एपी-5337

**मैं,** बहादुर खान, पुत्र श्री खरैती निवासी गांव हरियोली, पोस्ट ऑफिस हरिपुर, तहसील एवं जिला पंचकूला, घोषित करता हूं कि मेरा बेटा अमन और उसकी पत्नी साहिला मेरे नियंत्रण से बाहर हैं इसलिए मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इनसे लेने देने करने वाला खुद जिम्मेदार होगा
एपी-5334

### ਬੇਦਖਲੀ ਸੂਚਨਾ

ਅਸੀਂ ਬਲਬੀਰ ਚੰਦ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਗੁਰਦ-ਾਸ ਮੱਲ ਅਤੇ ਅਨੀਤਾ ਰਾਣੀ ਪਤਨੀ ਬਲਬੀਰ ਚੰਦ ਵਾਸੀਆਨ ਪਿੰਡ ਬੁੰਗਲ, ਡਾਕਖਾਨਾ ਬਧਾਨੀ, ਤਹਿਸੀਲ ਤੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪਠਾਨਕੋਟ ਦੇ ਰਹਿਣ ਵਾਲੇ ਹਾਂ। ਸਾਡੀ ਲੜਕੀ ਰੇਖਾ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਸਾਡੇ ਕਹਿਣੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹੈ।ਸੋ ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਉਸ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਤਮਾਮ ਚੱਲ ਅਚੱਲ ਜਾਇਦ-ਾਦ ਤੋਂ ਬੇਦਖਲ ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਅੱਜ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਉਸ ਨਾਲ ਜੋ ਵੀ ਲੈਣ ਦੇਣ ਕਰੇਗਾ ਉਹ ਖੁਦ ਜਿੰਮੇਵਾਰ ਹੋਵੇਗਾ। ਸਬੰਧਤ ਨੋਟ ਕਰਨ।
एपी-5342

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।




# हरियाणा कांग्रेस अनुशासन कमेटी की पहली बैठक 2 नवंबर को : चंडीगढ़ में बनेगी आचार संहिता

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 30 अक्टूबर।** हरियाणा कांग्रेस की नवगठित अनुशासन समिति की पहली बैठक आगामी 2 नवंबर को चंडीगढ़ में होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता धर्मपाल मलिक करेंगे, जिन्हें हाल ही में समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस बैठक में पार्टी के भीतर अनुशासन बनाए रखने के लिए आचार संहिता तैयार की जाएगी और अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की प्रक्रिया तय की जाएगी। समिति के केवल नव नियुक्त सदस्यों को ही बैठक का न्योता भेजा गया है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कमेटी की कार्यप्रणाली तय करना और आने वाले समय में अनुशासन संबंधी मामलों पर निर्णय लेने की रणनीति बनाना रहेगा।

**समिति की संरचना और संतुलन:** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने दो दिन पहले ही इस समिति की घोषणा की थी। इसमें धर्मपाल मलिक के साथ अकरम खान, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व विधायक अनिल धन्तौड़ी और एडवोकेट रोहित जैन को सदस्य बनाया गया है। रोहित जैन को समिति का सेक्रेटरी भी बनाया गया है। पार्टी ने इस कमेटी में जाट, ओबीसी, दलित, मुस्लिम और वैश्य समाज को प्रतिनिधित्व देकर सामाजिक और गुटीय संतुलन साधने की कोशिश की है। धर्मपाल मलिक और कैलाशो सैनी जहां हुड्डा गुट से जुड़े माने जाते हैं, वहीं अनिल धन्तौड़ी सुरजेवाला खेमे के और अकरम खान व रोहित जैन सैलजा गुट से संबंध रखते हैं।

**पिछली कमेटी रही निष्क्रिय:** गौरतलब है कि हरियाणा कांग्रेस ने करीब दो साल पहले भी एक अनुशासन समिति गठित की थी, जिसकी जिम्मेदारी महेंद्र प्रताप को दी गई थी। उस समय समिति में फूलचंद मुलाना, जगबीर मलिक और चक्रवर्ती शर्मा जैसे नेता शामिल थे, लेकिन वह समिति प्रभावी साबित नहीं हो सकी थी। इस बार कांग्रेस ने नए सिरे से कमेटी बनाकर उसे सक्रिय रूप में काम करने का मौका दिया है। पार्टी उम्मीद कर रही है कि यह समिति संगठन में अनुशासन और एकजुटता कायम करने में अहम भूमिका निभाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 'साइबर जागृत भारत' अभियान सफलतापूर्वक संपन्न



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरगट जट्टान में शिक्षा मंत्रालय व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (अक्टूबर) के तहत एक सप्ताह तक 'साइबर जागृत भारत' अभियान चलाया गया। उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। विद्यालय के साइबर सुरक्षा क्लब द्वारा कक्षा चौथी व पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें मजबूत पासवर्ड बनाना, फर्जी संदेश/ईमेल पहचानना और व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा न करने जैसे विषय समझाए गए। कक्षा आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 'ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहें' व 'अपने डेटा को सुरक्षित रखें' जैसे संदेश प्रदर्शित किए गए। प्रधानाचार्य रोबिन कुमार व प्रबंधक सोहनलाल सैनी ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साइबर जागरूकता प्रत्येक छात्र के लिए आवश्यक है। यह अभियान विद्यार्थियों में सुरक्षित व जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग की समझ विकसित करने में सफल रहा।

### मोबाइल विक्रेता से लूट मामले में तीसरा आरोपी काबू

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** पानीपत में सीआईए-वन पुलिस ने हाईवे पर मोबाइल विक्रेता से लूट करने वाले गिरोह के तीसरे सदस्य विक्की निवासी मायना (रोहतक) को सेक्टर-18 मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। इस मामले में दो आरोपी मयंक उर्फ सूरज निवासी रोहतक और सन्नी निवासी कैथल को पुलिस पहले ही सिवाह बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर चुकी थी। तीनों आरोपी मिलकर वारदात को अंजाम देने में शामिल थे।



पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी अपने चौथे साथी नरेंद्र के साथ पानीपत पार्टी में आए थे और मित्र की स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर हाईवे पर घूम रहे थे। इसी दौरान नांगलखेड़ी के पास रात में उन्होंने वैगनआर कार को रोककर उसमें सवार मोबाइल व्यापारी और उसके चालक को डरा-धमकाकर उनकी कार और सामान लूट लिया। पीड़ित दिल्ली करोल बाग का मोबाइल व्यापारी था, जो अपने ड्राइवर के साथ पानीपत आ रहा था। वह अपनी कार छोड़कर फरार हो गया था और बाद में कार एनएफएल गेट के पास मिली, जिसमें से 10 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और कपड़ों का बैग गायब था। पुलिस ने आरोपियों से 7 मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो बरामद कर ली है। आरोपी विक्की को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जबकि मयंक और सन्नी को रिमांड अवधि पूरी होने पर पहले ही पेश किया जा चुका है। अदालत ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अभी चौथे आरोपी की तलाश कर रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशों में सीआईए-वन टीम द्वारा की गई।

# आने वाले समय में अमेरिका-कनाडा, आस्ट्रेलिया यूके से युवाओं पर मंडराएंगा डिपोर्टेशन का खतरा

युवा विदेश जाने के लिए शार्टकट नहीं अपनाएं अधिकृत बीजा सलाहकार से ही संपर्क करें : कादियान

डिपोर्टेशन की तलवार अमरीका नहीं कनाडा, यूके और आस्ट्रेलिया गए युवाओं पर भी लटकेगी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 30 अक्तूबर।** भारत से विदेश जाने वाले युवाओं पर डिपोटेशन का खतरा मंडरा रहा हैं। यह अमरीका तक ही सीमित न रह कर कनाडा यूके और आस्ट्रेलिया तथा अन्य देशों में जाने वाले युवाओं पर भी डिपोटेशन का खतरा मंडरा रहा हैं। अमरीका से अब तक दो हजार से अधिक युवा डिपोट हो चुके हैं। आने वाले दिनों में युवाओं पवर डिपोटेशन का बड़ा खतरा मंडरा रहा हैं। अमरीका में उन लोगों के बीजा की समीक्षा की जा रही हैं।जिन्होंने सायलम के आाधर पर नागरिकता हांसिल की। कनाडा के अधिकृत एमीग्रेशन एटार्नी तथा पूर्व प्राचार्य तथा केड एमीग्रेशन के संचालक डा. अरविंद कादियान ने बताया कि कनाडा में भी डिपोटेशन का खतरा मंडरा रहा ळैं। यहां से दो हजार युवाओं को डिपोट कर दिया गया हैं। वहां पर 48 हजार युवाओं की सूची तैयार कर दी गई हैं। इनमें से सात हजार लोगों की पहचान हो चुकी है। इनमें से 2800 श्रमिकों को नोटिस दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि यू के में भी बीस हजार युवाओं पर डिपोटेशन का खतरा मंडरा रहा हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए युवा ही जिम्मेदार हें। जो विदेश जाने के लिए शार्ट कट अपनते हैं। वह गलत साक्ष्यों के आधार पर तथा अपने वारे में गलत जानकारी दे कर विदेश जाते है। जब उनके बारे में पड़ताल की जाती हैं। तो फिर उन पर संकट के बादल मंडराने लगते हैं। उन्होंने बताया कि यदि बीजा लेना है तसो अधिकृत एटार्नी से संपर्क करे। जिसे संबंधित सरकार से मायता मिली हो। उन्होंने बताया कि इस समय कनाडा, अमरीका यूके और आस्टेलिया में उन लोगों की समीक्षा की जा रही है जिन्होंने अपने आपको गलत तरीके से प्रताडित बताकर शरणार्थी केटेगरी में बीजा हासिल किया हैं। उन्होंने बताया कि कई युवा भारत में राजनीतिक दलों सामाजिक संगठनो, धार्मिक संगठनों से गलत पत्र लेकर खुद को प्रताडित और खुद के जीवन पर खतरा बता देते है। उन्होंने कहा कि जो युवा सही तरीके से संबधित देशों के अधिकृत एमीग्रगेशन आटार्नी के माध्यम से बीजा हासिंल करते हैं। उनको कोई खतरा नहीं होगा। उसका करियर भी लाजबाब रहेगा। उन्होंने बताया कि सरकार भी इस संबध में पालिसी बनाए। अनाधिकृत एजेंटों को दंडित करने के लिए अभियान चलाए। उन्होंने बताया कि युवा जब बीजा बनाने के लिए तैयारी कें तो वहि संबंधित देशों की ससूची का अवलोकन करे। ह देंश की वेव साइट पर अधिकृत बीजा सलाहकारों की सूची होती हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार और राज्य सरकारें अनुबंधित श्रमिकों को भेजने के लिए लाइसेंस देती हैं। इन एजेंटों से युवा सावधान रहें।

# सुशासन की अवधारणा सिद्ध करने में रात्रि ठहराव कार्यक्रम कारगर : डीसी



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 30 अक्तूबर।** हरियाणा सरकार की सुशासन की अवधारणा को धरातल पर उतारने की दिशा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को गांव पट्टी कलियाना में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने न केवल ग्रामीणों की 100 से ज्यादा समस्याएं सुनी व साथ ही गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पट्टी कलियाना की ओर से सरपंच मुकेश कुमार ने डीसी डॉ वीरेंद्र दहिया का भव्य स्वागत किया। इस उपरांत ग्राम सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत की तरफ से मांग पत्र डीसी के समक्ष रखा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने कहा कि रात्रि ठहराव के माध्यम से सरकार का यह संकल्प है कि प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंचे और उसकी समस्याओं को समझे। उन्होंने कहा कि कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिनका स्थानीय स्तर पर समाधान संभव होता है,ऐसे में ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्रामीण विकास में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि शिविर में जो शिकायतें दर्ज हुई हैं उनका प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# एलसीएलओं कर्मचारियों का धरना 42वें दिन भी जारी

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 30 अक्तूबर।** आज 30 अक्टूबर 2025 को एल.सी.एल.ओ. कर्मचारियों का धरना 42वें दिन में प्रवेश कर गया, वहीं क्रमिक अनशन भी 32वें दिन जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता एल.सी.एल.ओ. यूनियन राज्य कार्यकारिणी सदस्य करनाल द्वारा की गई।

धरने पर उपस्थित साथियों को सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान ओमप्रकाश तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के सदस्य रामेश्वर आजाद ने मालाएँ पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया। आज क्रमिक अनशन पर दीपक (महेंद्रगढ़), प्रीतम (रोहतक), किर्ति (रोहतक), शैंटी (यमुनानगर), अजय (जींद) बैठे।

अब तक कई दौर की बातचीत सरकार से हो चुकी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से 5 बार, मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष कार्याधिकारी से 7 बार तथा कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत के बावजूद एल.सी.एल.ओ. कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। लगभग 18 माह पूर्व सी.आर.आई.डी. विभाग द्वारा दो परीक्षाएँ लेकर प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कंप्यूटर परिचालक नियुक्त किए गए थे, लेकिन आज तक न तो उन्हें कार्य दिया गया है और न ही वेतन प्रदान किया गया है।

कर्मचारियों का कहना है कि यदि सरकार ने समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया, तो सभी कर्मचारी संगठन मिलकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे तथा हड़ताल पर जाएंगे। सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र और सीटू संयुक्त रूप से आंदोलन चलाएंगे, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी हरियाणा सरकार और प्रशासन की होगी।

आज के धरने को महावीर प्रसाद दहिया, संदीप सांगवान, रामेश्वर आजाद, रोशन लाल फौजी, रतन लाल, मदन दयानंद (ब्लॉक प्रधान, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र) तथा जितेंद्र बंसल (जिला चेयरमैन, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र) ने संबोधित किया।

# बड़े-बड़े ट्रकों में आ रहा है यूपी का धान और घाटे में जा रहा है हमारे हरियाणा का किसान

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 30 अक्तूबर।** टोहाना शहर की सभी अनाज मंडियां धान की आवक से भरी अटी पड़ी हुई हैं।इसका मुख्य कारण शहर के सभी राइस मिलों का यूपी से धान के बड़े-बड़े ट्रक जिसे (घोड़ा) भी कहते हैं वह बड़ी मात्रा में मंगवाना है और दूसरी वजह हरियाणा में धान का समर्थन मूल्य उत्तर प्रदेश से ज्यादा है इसलिए हरियाणा के व्यापारी यूपी से धान खरीद कर हरियाणा में धान ला रहे हैं टोहाना शहर में यूपी से धान के भरे हुए बड़े-बड़े ट्रक सरकारी अधिकारियों की मिली भगत के कारण धान से भरे ट्रैकों की राइस मिलों में एंट्री सरेआम धड्डले से की जा रही है कुछ दिन पहले पुलिस कप्तान जिला फतेहाबाद का एक बयान भी इन ट्रको की धर पकड़ के लिए लोकल पुलिस को आदेश जारी किया गया था की नाके लगाकर इनका निरीक्षण किया जाए और कमी पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए यह धान ज्यादा हरियाणा के शहरों में आने के कारण हरियाणा के अपने किसानों की फसल कम दाम में बिक रही है दूसरी तरफ सरकारी खजाने को भी करोड़ों रूपयो का नुकसान हो रहा है हरियाणा सरकार ने फसल पर एम एस पी किसानों को दी हुई है जिसका फायदा व्यापारी वर्ग उठा रहा है जिसमें मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी व अन्य सहकारी एजेंसियां भी व्यापारियों का साथ दे रही हैं कुछ सैलरी मालिकों व अधिकारियों की मिली भगत के कारण ही टोहाना में यह भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है यदि हरियाणा सरकार के पंचकूला में बैठे अधिकारी इस घोटाला में शामिल नहीं है तो ईमानदारी से सभी सैलरौ में धान की आवक के गेट पास से मिलान कर चेक किया जाए तब एक बहुत बड़ा घोटाला सामने आएगा और सरकार को भी करोड़ों रूपए राज्स्व का फायदा मिलेगा।




# विधायक प्रमोद विज और उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया का सख्त आदेश अवैध अतिक्रमणों पर शून्य सहनशीलता, जेसीबी से सफाया शीघ्र

ट्रांसपोर्ट नगर व सेक्टर 25 पार्ट 2 में प्रशासन की मजबूत कार्रवाई करने का ऐलान

शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने का बड़ा अभियान, विधायक प्रमोद विज व डीसी डॉ. विरेंदर दहिया बोले अब कोई समझौता नहीं

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 30 अक्टूबर।** शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण और झुग्गियों को हटाने को लेकर शासन और प्रशासन ने बड़ा फैसला ले लिया है। अब शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक ड्राइव शुरू की जा रही है, जिसका असर बहुत जल्द पूरे पानीपत में दिखाई देगा। इस अभियान को पूरी तरह जनकल्याण के उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

गुरुवार को जिला सचिवालय में शहरी विधायक प्रमोद विज और उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने अधिकारियों के साथ इस अभियान को प्रारंभ करने को लेकर विशेष बैठक की। बैठक में उपायुक्त और विधायक ने अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अब शहर में कहीं भी अवैध झुग्गी या अतिक्रमण नजर नहीं आना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि शासन की मंशा साफ है। शहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाना। जो लोग अवैध कब्जा कर शहर की व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का अब समय आ गया है। प्रशासन किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा। जिन स्थानों पर बजरी डाली गई है या कंटेनर रखे गए हैं, उन्हें तुरंत सीज किया जाएगा और संबंधित लोगों के खिलाफ धारा 133 के तहत मामला दर्ज होगा।

विधायक प्रमोद विज ने इस अभियान को लेकर स्पष्ट कहा कि यह कदम पूरी तरह जनहित में उठाया गया निर्णय है। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर और सेक्टर-25 पार्ट-2 में कई स्थानों पर अवैध अतिक्रमण की शिकायतें मिली हैं। सरकार और प्रशासन का लक्ष्य है कि इन क्षेत्रों को जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त बनाया जाए। शहर को सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए यह ड्राइव बहुत जरूरी है। जो लोग पार्किंग स्थल या सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा किए बैठे हैं, अब उनका सफाया किया जाएगा। हम इन जगहों पर खुदाई कराकर यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में फिर से अवैध कब्जा न हो सके।

उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि इस कार्रवाई के लिए पूरी फोर्स तैयार है। जेसीबी मशीनें और क्रेन जल्द ही मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माणों को हटाने का कार्य शुरू करेंगी। जो भी सामान या कंटेनर अवैध रूप से रखे गए हैं, उन्हें जप्त किया जाएगा और सील किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि, यह ड्राइव तब तक जारी रहेगी जब तक शहर से हर एक अवैध झुग्गी और अतिक्रमण का सफाया नहीं हो जाता। हमारा उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि सभी के हित में शहर को बेहतर बनाना है।

उपायुक्त ने एचएसवीपी और एचएसआईडीसी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। विदित रहे कि प्रशासन का यह अभियान पानीपत को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। बैठक में एसडीएम मनदीप सिंह, एजीएम गुलशन, एचआईडीसीईओ कुश, स्टेट ऑफिसर सतनारायण कुहाड़, जिला न्यायवादी राजेश चौधरी सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकतम 29 डिग्री से.
16 न्यूनतम
सूर्योदय 6.36
सूर्यास्त 5.36

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 1,20,640.00 |
| सेंसेक्स | 84,404.46 |
| अमेरिका | 88.70 |
| कैनेडियन | 63.59 |
| आस्ट्रेलिया | 58.27 |

## न्यूज ब्रीफ

### हॉकी चंडीगढ़ के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया: करन गिल्होत्रा

**चंडीगढ़ (अप्रस/साजन शर्मा)।** भारत में हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हॉकी चंडीगढ़ द्वारा आगामी 7 नवंबर को भव्य भारतीय हॉकी शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि होंगे। हॉकी चंडीगढ़ के अध्यक्ष करन गिल्होत्रा, उपाध्यक्ष अनिल वोहरा और एडवाइजर शालीन कपूर ने श्री कटारिया से मुलाकात कर उन्हें समारोह में आमंत्रित किया। राज्यपाल ने इस आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि चंडीगढ़ इस अवसर पर हॉकी के इतिहास में एक नई पहचान बनाएगा। करन गिल्होत्रा ने बताया कि समारोह के आयोजन में चंडीगढ़ प्रशासन, स्पोर्ट्स विभाग और नगर निगम चंडीगढ़ का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा, हॉकी भारत की गौरवशाली धरोहर है। 1925 में राष्ट्रीय हॉकी संस्था के गठन से शुरू हुई यह यात्रा आज 100 वर्ष पूरे कर रही है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि चंडीगढ़ इस ऐतिहासिक उत्सव का हिस्सा बनेगा। हमारा उद्देश्य नई पीढ़ी को हॉकी के स्वर्णिम इतिहास से जोडना है। अनिल वोहरा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे होगी, जिसमें तीन प्रदर्शनी मैच खेले जाएंगे। लडकों के जूनियर और सीनियर वर्गों के मुकाबले तथा लड़कियों का एक विशेष मैच शामिल होगा। इस मौके पर देश-विदेश से हॉकी के कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें ओलंपियन दीपक ठाकुर, राजपाल सिंह, बलजीत सिंह, साथ ही भारत की मौजूदा टीम के कप्तान संजय, मनिंदर सिंह, विक्रमजीत सिंह, और जूनियर टीम के कप्तान रोहित प्रमुख हैं। करन गिल्होत्रा ने आगे बताया कि हॉकी इंडिया के नेतृत्व में देशभर में एक साथ ऐसे शताब्दी समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिससे हॉकी को नया आयाम और नई पहचान मिलेगी।

### बियॉन्ड बॉर्डर्सः पाकिस्तान की प्रॉक्सी वार और भारत की आंतरिक सुरक्षा सेमिनार आज

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में फैंस (फोरम फॉर अवेयरनेस ऑफ नेशनल सिक्योरिटी) (राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच) तथा डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस एंड नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज़ के संयुक्त तत्वावधान में बियॉन्ड बॉर्डर्सः पाकिस्तान की प्रॉक्सी वार और भारत की आंतरिक सुरक्षा विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 31 अक्तूबर 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन लैब, पंजाब विश्वविद्यालय में होगा। इस संगोष्ठी के प्रमुख वक्ताओं में मेजर जनरल नीरज बाली (से.नि.), निदेशक, ज्ञान चक्र थिंक टैंक, वेस्टर्न कमांड; कर्नल जैबंस सिंह (से.नि.), रक्षा एवं सुरक्षा विशेषज्ञ, लेखक और स्तंभकार; तथा प्रो. जसकरण सिंह वरैच, चेयरपर्सन, डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस एंड नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज़, पंजाब यूनिवर्सिटी शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य पाकिस्तान की प्रॉक्सी वार (परोक्ष युद्ध) और भारत की आंतरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना और छात्रों व नागरिकों में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस आयोजन का संचालन मेजर जनरल अनिल खोसला (से.नि.), अध्यक्ष; राहुल शर्मा, महासचिव; फैंस (फोरम फॉर अवेयरनेस ऑफ नेशनल सिक्योरिटी ) (राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच) चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा किया जा रहा है।

पीजीआईएमईआर की बड़ी खोज

# उत्तर भारत में 'काली खांसी' जैसे लक्षणों वाला नया जीवाणु, बच्चों को ज्यादा खतरा

पीजीआई के माइक्रो बायलॉजी विभाग के प्रो. विकास गौतम और उनकी टीम ने किया शोध

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 30 अक्टूबर।** उत्तर भारत में बच्चों के बीच फैल रही खांसी और श्वसन संक्रमण की नई वजह का खुलासा हुआ है। पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुके शन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी खोज की है, जिसने चिकित्सा जगत को चौंका दिया है। संस्थान के शोधकर्ताओं ने पाया है कि 'काली खांसी' जैसे लक्षण देने वाले कई मामलों के पीछे एक अलग जीवाणु, बोर्डेटेला होम्सीआई जिम्मेदार है, न कि पारंपरिक बोर्डेटेला पर्टुसिस। पीजीआईएमईआर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की टीम ने वर्ष 2019 से 2023 के बीच 935 संदिग्ध काली खांसी के मामलों का विश्लेषण किया। अध्ययन में पाया गया कि इनमें से लगभग 37 प्रतिशत संक्रमण बोर्डेटेला होम्सीआई के कारण हुए थे, जबकि बोर्डेटेला पर्टुसिस, जो पारंपरिक रूप से काली खांसी का मुख्य कारण माना जाता है, केवल 2 से 5 प्रतिशत मामलों में पाया गया। सबसे अधिक संक्रमण 5 से 10 वर्ष के बच्चों में दर्ज किए गए, जो मुख्यतः उत्तर भारत के राज्यों से थे। पीजीआईएमईआर की निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2015 से अब तक बोर्डेटेला पर्टुसिस संक्रमण 15-20 प्रतिशत से घटकर केवल 2-5 प्रतिशत रह गया है, जबकि बोर्डेटेला होम्सीआई के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव काली खांसी जैसे श्वसन संक्रमणों के कारणों में बड़ा परिवर्तन दर्शाता है।

### वैज्ञानिकों की टीम और सहयोग

यह अध्ययन डॉ. विकास गौतम की प्रयोगशाला (पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़) द्वारा किया गया है, जिसमें डॉ. प्रभु पाटिल (सीएसआईआर-आईएमटेक, चंडीगढ़) का सहयोग रहा। डॉ. गौतम की टीम इससे पहले स्टेनोट्रोफोमोनस सेपिलिया नामक नए जीवाणु की खोज भी कर चुकी है, जो सेप्सिस जैसी गंभीर बीमारी का कारण बनता है। डॉ. गौतम के अनुसार, बोर्डेटेला होम्सीआई के लक्षण पारंपरिक काली खांसी जैसे ही हैं, लेकिन यह संक्रमण मौजूदा टीकाकरण से पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सकता। इसलिए समय रहते पहचान और जागरूकता बेहद जरूरी है। पीजीआईएमईआर का यह अध्ययन संकेत देता है कि भारत में श्वसन संक्रमणों का स्वरूप बदल रहा है। वैज्ञानिक अब यह जांचने में जुटे हैं कि क्या इस नए जीवाणु के लिए अलग टीका या विशेष जांच पद्धति की आवश्यकता होगी।

### अध्ययन का महत्व

यह खोज प्रतिष्ठित इमर्जिंग इंफेक्शंस डिसीसिज जर्नल (सीडीसी, अमेरिका) में प्रकाशित हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अध्ययन न केवल उभरते रोगजनकों की पहचान में पीजीआईएमईआर की अग्रणी भूमिका को दर्शाता है, बल्कि भारत में संक्रामक रोगों की निगरानी प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में भी एक अहम कदम है।

## एनआईपीआर में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा महासम्मेलन आज, राज्यपाल कटारिया करेंगे शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 अक्तूबर।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया कल एनआईपीईआर, मोहाली में 31 अक्तूबर को तीन दिवसीय शिक्षा महाकुंभ के शुभारंभ पर उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उनके साथ सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब प्रो. आर. पी. तिवारी विशिष्ट अतिथि उपस्थित होंगे। आगामी दिनों में प्रो. असीम कुमार घोष, राज्यपाल, हरियाणा तथा कबिंदर गुप्ता, उपराज्यपाल, लद्दाख, बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यह महासम्मेलन 2 नवंबर आयोजित किया जाएगा। आगामी तीन दिनों में 14 कॉन्क्लेव, छात्र परियोजना प्रदर्शनी, तथा 250 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुतियां होंगी, जिनमें देशभर के शिक्षाविद्, विद्यार्थी और संस्थान भाग लेंगे। महासम्मेलन शिक्षकों, विद्यार्थियों, नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और समाजसेवियों को एक मंच पर एकत्र करेगा। इस बार केंद्रीय विषय कक्षा से समाज तक, शिक्षा के माध्यम से एक स्वस्थ विश्व का निर्माण, है। शिक्षा के महाकुंभ में शुक्रवार को समाज को विद्यालयों से जोड़ना शिक्षा में सामाजिक सहभागिता की भूमिका पर केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 1 नवंबर को अकादमिक उद्योग समाज समन्वय एवं नवाचार और व्यावहारिक उपयोग के बीच सेतु का निर्माण विषयों पर चर्चा होगी। 2 नवंबर को भारत 2047 स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष के लिए भारत की शिक्षा रूपरेखा की कल्पना विषय पर सम्मानित अतिथि अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत ओलंपियाड उत्तर भारत में पहले से ही करवाया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा महाकुंभ के अंतर्गत योग सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भारतीय ज्ञान परंपरा तथा आधुनिक शिक्षा के समन्वय पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। प्रो. (डॉ.) ठाकुर एस.के. रौनीजा, कल्पक, संयोजक, शिक्षा महाकुंभ अभियान ने कहा शिक्षा महाकुंभ केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि मूल्याधारित और समग्र शिक्षा की दिशा में एक राष्ट्रीय आंदोलन है।

## आर्थिक विकास व रोजगार सृजन में एमएसएमई की भूमिका अहम

पीएचडीसीसीआई ने यूटी उद्योग विभाग की रैंप श्रृंखला के अंतर्गत किया सत्र का आयोजन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 30 अक्टूबर।** चंडीगढ़ प्रशासन के उद्योग विभाग के सहयोग से पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा चलाई जा रही रैंप श्रृंखला के अंतर्गत 'वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए एमएसएमई विकास को गति' विषय पर सत्र आयोजित किया।

पीएचडीसीसीआई की क्षेत्रीय एनसीएलटी और कॉर्पोरेट मामलों की समिति के संयोजक, सीएस राहुल जोगी ने भारत के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई की भूमिका पर बोलते हुए कहा कि एमएसएमई को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में मदद करने के लिए नई तकनीक, वित्तीय साक्षरता और गुणवत्ता वृद्धि पर ध्यान देने की जरूरत है।

पीएचडीसीसीआई की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक सुश्री भारती सूद ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि रैंप पहल एमएसएमई के बीच जागरूकता को मजबूत करने और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए एक उत्कृष्ट मंच के रूप में कार्य करती है, विशेष रूप से उभरते क्षेत्रों में।

सत्र के दौरान क्यू सॉल्यूशंस ग्रुप के अंकुर धीर ने बताया कि कैसे गुणवत्ता प्रबंधन मानकों को अपनाने से एमएसएमई को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पादकता, ग्राहक विश्वास और बाजार पहुंच में सुधार करने में मदद मिलती है। ब्रांड और मार्केटिंग रणनीतिकार सुश्री जाह्नवी सिंह ने डिजिटल मार्केटिंग में एआई के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। क्रेस्ट के सहायक परियोजना प्रबंधक, भूपिंदर सैनी ने लागत में कमी और एमएसएमई की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में योगदान देने में नवीकरणीय ऊर्जा की भूमिका पर जानकारी दी। सत्र का समापन एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहाँ प्रतिभागियों ने योजना कार्यान्वयन, वित्तीय चुनौतियों और टिकाऊ एवं डिजिटल तकनीकों को अपनाने पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की।

चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं में नई पहल

## राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किए मॉडल आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का दौरे

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 30 अक्टूबर।** पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने वीरवार को शहर के चार स्वास्थ्य केंद्रों डड्डूमाजरा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर और सेक्टर 47, 39 तथा 25 में स्थित तीन शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का दौरा किया। ये सभी केंद्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मॉडल आरोग्य मंदिरों के रूप में विकसित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक-सक्षम स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है। अपने दौरे के दौरान श्री कटारिया ने सभी केंद्रों का निरीक्षण किया, मरीजों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत की और प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली। लाभार्थियों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रियाओं से वे संतुष्ट दिखे और इन मॉडल केंद्रों की रोगी-अनुकूल व्यवस्था की सराहना की। राज्यपाल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपनाई गई स्कैन एंड शेयर और नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल जैसी डिजिटल व पेपरलेस प्रणालियों की प्रशंसा की, जिनसे स्वास्थ्य सेवा अधिक पारदर्शी और त्वरित हुई है। उन्होंने डीवीडीएमएस पोर्टल के माध्यम से दवा आपूर्ति प्रबंधन की प्रणाली की भी समीक्षा की और इसे प्रभावी कदम बताया। सेक्टर 39 स्थित यूएएएम में श्री कटारिया ने एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन किया, जहां शहरवासियों को मुफ्त में विभिन्न जांच सेवाएँ उपलब्ध होंगी। इस पहल से मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही जांच की सुविधा मिलेगी और उच्च संस्थानों में रेफर किए जाने की आवश्यकता कम होगी। इसके साथ ही, राज्यपाल ने एक मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर का भी उद्घाटन किया, जो बच्चों के टीकाकरण को और अधिक सहज एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह चंडीगढ़ में स्थापित पांचवां ऐसा केंद्र है, जिसमें बच्चों के लिए खेल क्षेत्र और मनोरंजन स्थल की व्यवस्था की गई है। राज्यपाल ने कहा कि ये मॉडल आरोग्य मंदिर प्रशासन की इस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं कि हर नागरिक को सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिले। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को शहर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव वी.पी. सिंह, स्वास्थ्य सचिव मंदीप सिंह बराड़, अतिरिक्त सचिव स्वास्थ्य एवं आयुष निदेशक अखिल कुमार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक एवं एनएचएम मिशन निदेशक डॉ. सुमन सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा सेक्टर 39, डड्डूमाजरा और 25 के क्षेत्रीय पार्षद भी उपस्थित रहे।

## 2026 चुनावों के लिए कांग्रेस ने कसी कमर, पार्टी पूर्ण चुनाव मोड में

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 30 अक्टूबर।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी 2026 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह चुनाव मोड में प्रवेश कर लिया है। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की और चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी के नेतृत्व में पार्टी ने वार्ड कोऑर्डिनेटरों के साथ आठ घंटे लंबी मैराथन बैठक आयोजित की, जिसका उद्देश्य पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना था।

बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त करने की रणनीति पर विशेष रूप से चर्चा की गई, जिसे किसी भी सफल चुनाव अभियान की नींव माना जाता है। दोनों नेताओं ने जोर देकर कहा कि चंडीगढ़ के प्रत्येक बूथ पर पांच सदस्यों की बूथ कमेटी बनाई जाएगी, साथ ही एक बूथ लेवल असिस्टेंट की नियुक्ति होगी जो बूथ की गतिविधियों का समन्वय, मतदाताओं को संगठित करने और पार्टी व स्थानीय निवासियों के बीच संवाद बनाए रखने का कार्य करेगा।

बैठक के दौरान एच.एस. लक्की ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है और अब समय है कि हर बूथ को कांग्रेस की विचारधारा का गढ़ और जनता के विश्वास का केंद्र बनाया जाए।

सांसद मनीष तिवारी ने अपने संबोधन में संगठनात्मक अनुशासन और डाटा-आधारित योजना की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल चुनाव नहीं लड़ रही, बल्कि यह एक आंदोलन है–चंडीगढ़ की गरिमा, विकास और लोकतांत्रिक भावना को पुनर्स्थापित करने का।

उन्होंने कहा कि भाजपा की कुशासन और अहंकार की नीतियों ने नागरिकों को निराश किया है, जबकि कांग्रेस पारदर्शी और जवाबदेह शासन लेकर आएगी।

बैठक में वार्डवार मतदाता संपर्क, सोशल मीडिया समन्वय, डोर-टू-डोर अभियान और स्थानीय मुद्दों की पहचान जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने प्रत्येक वार्ड कोऑर्डिनेटर से फीडबैक लिया और कार्यों के समयबद्ध निष्पादन हेतु जिम्मेदारियाँ सौंपीं।

कांग्रेस जल्द ही 'बूथ टू बैलेट' अभियान शुरू करेगी, जिसका उद्देश्य हर घर तक कांग्रेस का संदेश पहुँचाना और भाजपा-शासित प्रशासन की विफलताओं को उजागर करना होगा।

एच.एस. लक्की के नेतृत्व और मनीष तिवारी के मार्गदर्शन में चंडीगढ़ कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी पूरी तरह से तैयार, संगठित और एकजुट होकर 2026 की चुनावी चुनौती का सामना करेगी – नई सोच, मजबूत जमीनी नेटवर्क और जनता के अटूट समर्थन के साथ।

चंडीगढ़ प्रशासन में मुख्य सचिव की उच्चस्तरीय बैठक

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण और ई-ऑफिस सहित कई अहम मुद्दों पर समीक्षा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 30 अक्तूबर।** चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने वीरवार को प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में ई-ऑफिस, शिकायत निवारण पोर्टल, पार्किंग व्यवस्था तथा चल रही विकासात्मक पहलों की समीक्षा की गई। यह बैठक यूटी, चंडीगढ़ के प्रशासक, के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कई प्रमुख विषयों पर विशेष जोर दिया। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर वह सख्त दिखे। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि सरकारी खुली भूमि को अतिक्रमण से बचाया जाए। इसके लिए नगर निगम, इंजीनियरिंग विभाग, एस्टेट ऑफिस तथा चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) मिलकर एक संयुक्त अभ्यास करेंगे, जिसमें अपने-अपने अधिकार क्षेत्र की भूमि की पहचान और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सभी विभागों को प्रत्येक माह निर्धारित प्रारूप में अतिक्रमण की स्थिति और कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। न्यायालय मामलों की निगरानी को लेकर भी समीक्षा हुई। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को न्यायालय मामलों की व्यवस्थित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर विधिक अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया तय करे, ताकि मुकदमों की समय पर और प्रभावी पैरवी की जा सके। ईवी चार्जिंग स्टेशन का मुद्दा भी प्रमुख रहा। बैठक में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि चंडीगढ़ में स्थापित 35 ईवी चार्जिंग स्टेशनों को अगले दो महीनों में पूरी तरह कार्यशील किया जाए। वहीं शेष 18 ईवी चार्जिंग स्टेशनों के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीजीपी सागरप्रीत हुड्डा, गृह सचिव मनदीप सिंह बराड़, शिक्षा सचिव सुश्री प्रेरणा पुरी, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार सहित प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 30 अक्तूबर।** आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक आज पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें दिल्ली के विधायक एवं चंडीगढ़ प्रभारी जर्नैल सिंह ने मुख्य रूप से भाग लिया। इस बैठक में चंडीगढ़ अध्यक्ष विजयपाल सिंह, महामंत्री ओमकार सिंह ओलक, कोषाध्यक्ष जे.डी. घई, सभी पार्षद, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी नगर निगम चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करना और संगठन को और अधिक सशक्त बनाना था। अपने संबोधन में श्री जर्नैल सिंह ने कहा कि 'हमने 2021 में पहली बार चंडीगढ़ में चुनाव लड़ा और जनता ने हमें 35 में से 14 सीटें देकर अपार स्नेह और विश्वास जताया। जिस प्रकार दिल्ली में जनता ने आम आदमी पार्टी को 70 में से 67 सीटें देकर ऐतिहासिक समर्थन दिया था, उसी तरह चंडीगढ़ की जनता ने भी हमें दिल से अपनाया। हमें पूरा भरोसा है कि आने वाले समय में यह प्यार और समर्थन और भी बढ़ेगा।' उन्होंने आगे कहा कि पार्टी की नींव सेवा, ईमानदारी और पारदर्शिता पर आधारित है, और यही सिद्धांत चंडीगढ़ में जनता का विश्वास जीतने की सबसे बड़ी ताकत होंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने कहा कि 'अब हमारा लक्ष्य है कि आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ में पूर्ण बहुमत के साथ नगर निगम में आए, ताकि पूरे मनोयोग से जनता के हित में कार्य किया जा सके। हम पूरी ताकत के साथ जनता के बीच जाएंगे और लोगों के विश्वास को और मज़बूत करेंगे। हमें पूर्ण विश्वास है कि चंडीगढ़ की जनता हमारा साथ देगी और पार्टी को एक बार फिर प्रचंड समर्थन देगी।'

बैठक का समापन उत्साह और एकजुटता के वातावरण में हुआ, जहाँ सभी कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

# 24 गुना 7 वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट पूर्ण रूप से फेल

समस्या प्रधान टीम ने प्रशासक से परियोजना समाप्त करने को लिखा पत्र

करोड़ों रुपये खर्च कर सरकारी धन को बर्बाद करने का लगाया आरोप

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह




**चंडीगढ़, 30 अक्तूबर।** शहर के लिए लागू किए गए पायलट प्रोजेक्ट 24 गुना 7 वाटर सप्लाई की योजना पूर्ण रूप से फेल हो गई है। इस पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद चौबीसों घंटे तो क्या सुबह शाम को दो-ढाई घंटे तक भी पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पानी में स्वच्छ नहीं, यहां मनीमाजरा के संबंधित रिहायशी लोगों को गंदे पानी पीने के लिए विवश होना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि समस्या समाधान टीम चंडीगढ़ ने इस पायलट योजना को लेकर पहले ही चेतावनी दे चुकी है। उसका कहना है कि यह योजना व्यवहारिक नहीं है और न ही यह जनहित में है। इस प्रकार मौजूदा समय में वही स्थिति उत्पन्न हो चुकी है कि लोगों को फायदा होने की बजाय असुधिा बढ़ी है। टीम का कहना है कि इस परियोजना पर करोड़ों का सरकारी धन बर्बाद हो गया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इसके उद्घाटन पर कहा था कि अब चंडीगढ़ की महिलाओं को पानी भरने के लिए घड़ी में सुबह की अलार्म नहीं लगानी पड़ेगी। किंतु सारी बातें बेकर साबित हुई।

### स्वतंत्र जांच एजेंसी से हो जांच

समस्या समाधान टीम ने पंजाब के गर्वनर एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को पत्र भेजकर परियोजना को तत्काल समाप्ति एवे स्वतंत्र जांच की मांग की है। समस्या समाधान टीम के क्रांति शुक्ला और मुकेश का कहना है कि यह परियोजना न तो जलापूर्ति में सुधार ला सकी और न ही समान वितरण सुनिश्चित कर पायी। उलटे नागरिकों को जल संकट और कम प्रेशर सहित बढ़े हुए पानी के बिलों जैसी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टीम सदस्यों ने बताया कि उन्होंने अपने इस पत्र में कुछ मुख्य बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए परियोजना पर खर्च की गई पूरी धनराशि का वित्तीय ब्यौरा सार्वजनिक करके जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। इस मामले पर स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

### प्रति नियुक्ति पर रखे गये अन्य राज्यों के अधिकारियों को जांच होने तक वापस मत भेजें

पत्र में यह भी कहा गया है कि कोई अधिकारी हरियाणा या पंजाब से प्रतिनियुक्ति है तो उन्हें तत्काल वापस न भेजा जाए, जब तक उक्त जांच पूरी न हो जाए। इसकी स्वतंत्र जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी या महालेखाकर से करवाई जाए, ताकि पूरी सच्चाई का पता चल सके।

### सुबह, दोपहर व शाम को दो-दो घंटे फुल प्रेशर वाटर सप्लाई का सुझाव

टीम सदस्यों ने यह भी सुझाव दिया है कि यदि प्रशासन को जल सेवा में सुधार लाना है तो नियमित रूप से सुबह, दोपहर और शाम को दो-दो घंटे फुल प्रेशर से पानी की सप्लाई की जाये। यह व्यवस्था न सिर्फ व्यवहारिक होगी, अपितु पारदर्शी भी होगी। इस बात पर भी जोर दिया गया है कि सांसद मनीष तिवारी ने भी इस प्रोजेक्ट की असफलता पर सवाल खड़े किए हैं और जांच की मांग की है। टीम ने यह भी कहा कि गवर्नर और नगर प्रशासक इस परियोजना पर शीघ्र विराम लगाकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में इस प्रकार की गलत योजनाओं से जनता और सरकारी संसाधनों को बचाया जा सके।

# भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में संरचनात्मक बदलाव और मोदी नेतृत्व की वैचारिक यात्रा

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वर्षों पर निष्पक्ष नज़र डालने से पता चलता है कि कैसे उनके जीवन की प्रत्येक बड़ी घटना और कार्यक्रम को अंतिम परिणाम सुनिश्चित करने के लिए संरचित किया गया था। हम में से कई लोग नियति के अनुसार चलते हैं, लेकिन श्री मोदी और गांधी जैसे कुछ लोग उन ताकतों का रूप हैं जो एक राष्ट्र के रूप में भारत के उद्भव को आकार देते हैं। नरेन्द्र मोदी जनता की चेतना को तुरंत बढ़ाने की महात्मा गांधी की क्षमता की प्रशंसा करते हैं। श्री मोदी याद करते हैं कि कैसे एक चुटकी नमक उठाने के साधारण कार्य से, गांधीजी ने सविनय अवज्ञा और प्रतिरोध का राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाया। नागपुर विश्वविद्यालय में दिए गए एक भाषण में, श्री मोदी ने गांधीजी को एक महान संचारक कहा था, उन्होंने श्रोताओं के एक वर्ग को आश्चर्यचकित कर दिया था, जो सोचते थे कि महात्मा गांधी इतने महान वक्ता नहीं थे। श्री मोदी ने आगे कहा कि गांधीजी एक वक्ता नहीं थे, लेकिन वह जानते थे कि जनता की चेतना से तुरंत कैसे जुड़ना है, और यही कारण है कि वह एक महान संचारक थे। बेशक, श्री मोदी एक वक्ता और एक महान संचारक दोनों हैं। कोविड-19 संकट के दौरान जिस तरह श्री मोदी ने लॉकडाउन से पहले जनता कर्फ्यू को स्वीकार करने के लिए पूर्वोत्तर सहित पूरे देश को राजी किया, वह इस क्षमता का प्रमाण है।

ईटन और हैरो के खेल के मैदानों और ऑक्सब्रिज के पवित्र पोर्टलों से दूर, नरेन्द्र मोदी के लिए प्राथमिक विद्यालय आठ कमरों की इमारत थी जिसमें ब्लैकबोर्ड पर चाक से लिखा हुआ था। हाई स्कूल, जो इसके बाद हुआ, वैसा ही था। नरेन्द्र मोदी के जन्म से साठ साल पहले, 20वीं सदी की शुरुआत से ठीक पहले, श्री मोदी के बचपन के बिल्कुल अलग, देश के पहले प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू को अंग्रेजी गवर्नेस और आयरिश शिक्षक के साथ उनके बैरिस्टर पिता के 42 कमरों के आनंद भवन में विशेष पौशाक वाले नौकरों के एक दल के साथ देखा गया था। इसके बाद वे हैरो में अध्ययन करने गए, जहां ब्रिटिश अभिजात वर्ग अपने बच्चों को स्कूली शिक्षा मिलती थी और फिर ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज। नेहरू जी ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि उनके पास एक बगीचा, एक टेनिस कोर्ट और एक स्विमिंग पूल और सवारी करने के लिए एक पालतू टट्टू था। उन्होंने लिखा, उनका बचपन, सामान्य था। उनकी बेटी, इंदिरा, भारत और स्विट्जरलैंड के पॉश स्कूलों में पढ़ी थी, फ्रेंच में धाराप्रवाह थी और ऑक्सफोर्ड में एक कार्यकाल पूरा किया।

बालक जवाहरलाल, अपने पिता को आयातित लाल क्लैरेट की चुस्की लेते हुए देखकर हैरान होते थे क्योंकि वह उसे वह खून समझते थे, यह उन्होंने अपनी आत्मकथा में लिखा है। बचपन में नरेन्द्र मोदी ने अपनी मां को कांच मिश्रित राख से दूसरों के बर्तन साफ करते हुए देखा, इससे अक्सर उसकी उंगलियों से खून बहने लगता था। यह तुलना केवल श्री मोदी की परवरिश और शुरुआती अनुभवों को समझने के लिए प्रासंगिक है, इसने उनकी मानसिकता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया। गरीबी और जमीनी स्तर के सामाजिक-आर्थिक दर्शन के साथ उनका स्वाभाविक जुड़ाव, जो उनके राजनीतिक विरोधियों से बहुत अलग है, इसी मानसिकता का परिणाम है।

देश में बुद्धिजीवी अभिजात वर्ग का एक हिस्सा नरेन्द्र मोदी को डिकोड नहीं कर पाया है। चौथी बार गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उनका मानना था कि उनकी राजनीतिक किस्मत एक मजबूत क्षेत्रीय नेता बनने तक ही सीमित है। 2013 की शुरुआत में, राष्ट्रीय नेता के रूप में श्री मोदी के तेजी से उभरने के बावजूद, उन्हें विश्वास था कि उन्हें भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित नहीं किया जाएगा। यह केवल तब था जब 2014 के अभियान के दौरान उनके द्वारा उत्पन्न लहर अजेय लग रही थी और इससे अभिजात वर्ग स्पष्ट रूप से घबरा गया। कुछ लोगों ने घोषणा की कि अगर श्री मोदी प्रधानमंत्री बनते हैं तो वे पलायन कर जाएंगे लेकिन ऐसा किसी ने नहीं किया।


राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 2014 की जीत को उन्होंने, यूपीए के खराब प्रदर्शन के खिलाफ गुस्से के कारण एक बार का जनादेश माना था। दूसरे कार्यकाल से पहले, अभिजात वर्ग को संदेह था कि एनडीए के फिर से जीतने की संभावना नहीं है। इसलिए, 2019 में, वे फिर ये मानकर निश्चिंत हो गए कि भाजपा हार जाएगी। इसके विपरित, भाजपा ने रिकॉर्ड बहुमत हासिल किया और उसे सरकार बनाने के लिए किसी गठबंधन की आवश्यकता नहीं थी। 2024 में, नतीजों के दिन भाजपा को झटका लगने के कारण, उनकी उम्मीदें क्षण भर के लिए फिर जागी, लेकिन एक बार फिर कम हो गई। अभिजात वर्ग इस बात की सराहना करने में विफल रहता है कि श्री मोदी ने भारत के राजनीतिक परिदृश्य की गतिशीलता में एक संरचनात्मक बदलाव की शुरुआत की है, जो यह सुनिश्चित करता है कि, मध्यम अवधि में, एक राष्ट्रवादी एजेंडे को बढ़ावा देने वाली एक अत्यधिक अनुशासित पार्टी को हटाने की संभावना न्यूनतम है।

एक असंवेदनशील उपमा का उपयोग करें तो श्री मोदी एक परमाणु बम की तरह हैं जो अभिजात वर्ग की पोषित धारणाओं और विचारों पर गिरे हैं। अभिजात वर्ग और विशेष तबके के लोग परेशान हैं, वे इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि गुजरात के बैकवाटर से एक चाय विक्रेता का एक ग्रामीण पृष्ठभूमि का बेटा, एक आरएसएस प्रचारक, लगातार तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बन गया है। अभिजात वर्ग, जो निष्पक्ष होने का दावा करता है, वास्तव में श्री मोदी के खिलाफ पूर्वाग्रह से भरा हुआ है। परेशान होने के कारण कई हैं। हालांकि, उनकी मानसिकता का विश्लेषण करने से पहले, आइए हम पहले यह परिभाषित करें कि वर्तमान संदर्भ में भारतीय बौद्धिक अभिजात वर्ग की अभिव्यक्ति का क्या अर्थ है।

जिनके पास किसी भी रंग के राजनीतिक या धार्मिक प्रचार का एजेंडा है, उन्हें स्पष्ट रूप से बाहर रखा जाना चाहिए। यहां संदर्भित अभिजात वर्ग में ज्यादातर अत्यधिक निपुण व्यक्ति शामिल होते हैं, आमतौर पर व्यक्तिगत जीवन में ईमानदारी और नैतिकता के साथ, किसी भी राजनीतिक दल या संगठन से कोई स्पष्ट सम्बंध नहीं होता है। इसमें शिक्षाविद, इतिहासकार, जीवनीकार, वकील और मीडियाकर्मी शामिल हैं। बेशक, उनमें से सभी इस तरह के पूर्वाग्रह को नहीं पालते हैं। 'मोदी विरोधी' का एक विशिष्ट प्रोफाइल अंग्रेजी माध्यम में शिक्षित व्यक्ति है (ज्यादातर हिल स्टेशनों के बोर्डिंग स्कूलों में या महानगर के प्रसिद्ध स्कूलों में, उदार कला में विदेशी डिग्री के साथ) एक उच्च मध्यम वर्गीय पेशेवर परिवार से, जो वामपंथी उदारवादी झुकाव और धर्म पर नास्तिक अज्ञेयवादी विचारों वाले हैं। आधारहीन तर्कवादी, जिनकी मुद्दों को सहज रूप से समझने की क्षमता अक्सर कुंद हो जाती है। वे धर्मनिरपेक्षता का चोला गलत तरीके से पहनते हैं। उनमें से कई गुप्त रूप से उन लोगों के बारे में दयाभाव रखते हैं जो स्थानीय माध्यम में पढ़ाए जाते हैं जो अंग्रेजी नहीं बोल सकते हैं। आजादी के बाद, कांग्रेस राजनीतिक मास्टर स्ट्रोक में, हिंदू राष्ट्रवादी उत्साह के एक हिस्से को दिशा दे सकती थी, अगर गांधी भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू के बजाय लौह इच्छाशक्ति वाले वल्लभभाई पटेल को चुनने के लिए सहमत हो गए होते। अभिजात वर्ग ने शांत और सीधे-साधे सरदार पटेल के शेरवानी में सौम्य, शहरी, लाल-गुलाब को पसंद करना जारी रखा। टाटा समूह के बेहद सम्मानित मुखर संरक्षक जेआरडी टाटा ने राजीव मेहरोत्रा के साथ एक साक्षात्कार में बताया कि वह नेहरू से प्यार करते हैं और उनकी प्रशंसा करते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से यह भी स्वीकार किया कि नेहरू अर्थशास्त्र के बारे में बहुत कम जानते थे और उन्हें टाटा के साथ इस विषय पर चर्चा करने में भी कोई दिलचस्पी नहीं थी, इसके बजाय उन्होंने अपने बगीचे में खिड़की से बाहर देखा, जहां एक विशाल पांडा था। टाटा ने कहा कि अगर पटेल युवा होते और उन्हें प्रधानमंत्री चुना जाता तो चीजें काफी अलग हो सकती थीं।

लंबे समय तक अस्वीकार्य रहने के बाद जब श्री मोदी आखिरकार एक नियति बन गए तो भी अभिजात वर्ग को विश्वास था कि नई दिल्ली गांधीनगर नहीं है। उन्हें लगता था पहली बार संसद सदस्य बनने वाले श्री मोदी ने अपने मूल गुजरात पर प्रभुत्व स्थापित किया होगा, लेकिन जल्द ही उन्हें पता चल जाएगा कि देश पर शासन करना पूरी तरह से एक अलग है। नॉर्थ ब्लॉक में नौकरशाही के चक्रव्यूह से गुजरना या दूसरे देशों से निपटना श्री मोदी की क्षमता से परे साबित होगा। तेरह साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनका प्रशासनिक अनुभव केंद्र सरकार चलाने के लिए अपर्याप्त साबित होगा। न तो पश्चिमी शक्तियों और न ही इस्लामी देशों ने उन्हें मंजूरी दी। उनकी अंग्रेजी बोलने की क्षमता इतनी अच्छी नही थी और उस स्तर के तौर-तरीकों का अनुभव भी उनके पास नहीं था। उनका कट्टरपंथ उन पर बहुत उल्टा पड़ेगा। श्री नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना एक आपदा थी। अभिजात वर्ग ने श्री मोदी के असफल होने का इंतजार किया।

विडंबना यह है कि श्री मोदी के कुछ प्रतिबद्ध समर्थक भी इस बात को लेकर आशंकित थे कि वह कैसा प्रदर्शन करेंगे। शीर्ष पद के लिए दरकिनार किए जाने से नाराज भाजपा के अपने कुछ वरिष्ठ नेता गुप्त रूप से उम्मीद कर रहे थे कि वह सफल नहीं होंगे। 2014 के अभियान के दौरान पश्चिमी मीडिया भी पीछे नहीं था और उनके चुने जाने के बाद भी, उनके बारे में अत्यधिक आलोचनात्मक




संपादकीय और लेख लिखे गए थे। टाइम मैगजीन का हेडलाइन श्री मोदी का मतलब बिजनेस है, लेकिन क्या वह भारत का नेतृत्व कर सकते हैं? चुनाव की पूर्व संध्या पर लंदन के द इकोनॉमिस्ट ने एक संपादकीय लिखा, जिसका शीर्षक था क्या कोई नरेन्द्र मोदी को रोक सकता है? हालांकि, भारत भाग्य विधाता और श्री मोदी की जगत जननी की कुछ और ही योजनाएं थीं। प्रत्येक आशंका गलत साबित हुई। कार्यालय में पहले सौ दिनों के बाद, हवा अभिजात वर्ग के पाल से बाहर निकल गई थी।

उन सौ दिनों में श्री मोदी ने नौकरशाही की परतों को कम किया, सरकारी अधिकारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू की और गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन शुरू किया। उन्होंने पहले दिन 15 मिलियन बैंक खातों के साथ जन धन योजना का उद्घाटन किया, औद्योगिक गलियारों, स्मार्ट शहरों और गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पर नीतिगत पहलों की घोषणा की। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह को बढ़ाने के लिए उपाय शुरू किए गए और निवासी भारतीयों के विदेशी खातों में काले धन की वसूली के लिए एक एसआईटी का संचालन किया। दुनिया के देशों ने उन्हें यात्रा के लिए आमंत्रित करने के लिए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा की, इनमें वे भी शामिल थे जिन्होंने पहले उन्हें वीजा देने से मना कर दिया था। इस तरह के व्यक्तिगत अपमान के बावजूद, श्री मोदी ने अमरीका यात्रा निमंत्रण को गर्मजोशी से स्वीकार कर लिया। अपने कार्यकाल के 12 महीने पूरे होने पर, नरेन्द्र मोदी श्री मोदी ने स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय सेवा प्रदाताओं द्वारा किए गए सर्वेक्षणों में रिकॉर्ड अनुमोदन रेटिंग प्राप्त की। इसमें दिखाया गया कि 87 प्रतिशत भारतीयों ने श्री मोदी के पक्ष में राय व्यक्त की, 68 प्रतिशत ने उन्हें 'बहुत अनुकूल' रेटिंग दी और 93 प्रतिशत ने उनकी सरकार को मंजूरी दी। जुलाई 2025 में, आधिकारिक मॉर्निंग कंसल्ट सर्वे के अनुसार, श्री नरेन्द्र मोदी को वैश्विक स्तर पर सभी लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेताओं के बीच उच्चतम अनुमोदन रेटिंग मिली, जो लगातार 11 वर्षो तक कार्यालय में रहने के बाद 75 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ सभी पर हावी थे।

द इकोनॉमिस्ट को आखिरकार अपने सवाल का जवाब मिल गया और उसे बार-बार श्री मोदी के लिए अपनी प्रशंसा दर्ज करनी पड़ी। श्री मोदी ने 'पर्सन ऑफ द ईयर' के लिए टाइम पत्रिका के ऑनलाइन रीडर्स पोल में ओबामा और ट्रंप को पीछे छोड़ते हुए लाखों वोट हासिल किए। श्री मोदी की असाधारण क्षमताओं और प्रतिबद्धता के साथ, सभी बाधाओं के खिलाफ यह अलौकिक प्रदर्शन निरंतर दैवीय सुरक्षा के बिना संभव नहीं होता, जो श्री मोदी को भारत के भाग्य को नियंत्रित करने वाली ताकतों से प्राप्त होती है। उनके गुण और योग्यता चाहे जो भी हों, अभिजात वर्ग को न केवल श्री नरेन्द्र मोदी से, बल्कि वल्लभभाई पटेल और मोरारजी देसाई जैसे लोगों से भी लगातार परेशानी रही है। लोगों की नब्ज जानने वाले मिट्टी के एक देहाती बेटे को अभिजात वर्ग पचा नहीं सकता। भारत के बहुत ही अल्पकालिक प्रधानमंत्रियों में वीपी सिंह और आईके गुजराल अभिजात वर्ग के लिए स्वीकार्य थे, लेकिन चरण सिंह या चंद्रशेखर या देवगौड़ा नहीं। एक व्यक्ति जिसने उच्च स्तरीय अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त नहीं की है या जो स्थानीय भाषा के उच्चारण के साथ भाषण देता है, उसे हेय दृष्टि से देखा जाता है। वे सोचते हैं, यह हम में से कोई भी नहीं है।

अभिजात वर्ग एक तरफ हिंदू सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और दूसरी ओर अल्पसंख्यक को निशाना बनाने वाले उग्र सांप्रदायिकता के बीच अंतर नहीं कर सकता है। अभिजात वर्ग का मानना है कि धर्म की छाया देश के आसपास कहीं भी नहीं पड़नी चाहिए। अगर 2002 के दंगे कभी नहीं हुए होते, तब भी वे श्री नरेन्?द्र मोदी के विरोधी होते। श्री मोदी की तीसरी चुनावी सफलता के बाद अब जाकर अभिजात वर्ग को एहसास हुआ है कि देश श्री मोदी को चाहता है। अभिजात वर्ग को अभी भी इस बात का एहसास नहीं है कि श्री मोदी से परे भी, देश चाहता है कि उसका प्रधानमंत्री राष्ट्रवादी हो और हिंदू राष्ट्र का एक सभ्यतागत और सांस्कृतिक जीवन शैली के रूप में उभरना निश्चित है। उन्हें यह भी एहसास नहीं है कि विडंबना यह है कि अल्पसंख्यक इस तरह की व्यवस्था के तहत सबसे अधिक सुरक्षित और आश्वस्त महसूस करते हैं। यह हाल के चुनावों में मुस्लिम वोटों में भाजपा की बढ़ती हिस्सेदारी से परिलक्षित होता है।

एक राष्ट्रवादी नेता जो एक मंदिर में भगवान राम की पूजा करता है, कन्याकुमारी में ध्यान करता है, और नवरात्रि के दौरान उपवास करता है, इससे उन्हें शर्मिंदगी होती है। सच्चाई यह है कि अभिजात वर्ग का यह वर्ग देश के वैचारिक धरातल पर एक निराशाजनक सूक्ष्म-अल्पसंख्यक में तेजी से बढ़ रहा है।

नरेन्द्र मोदी औसत मुसलमान की सोच में बहुत बड़ा बदलाव लाये है। श्री मोदी के 11 साल बाद मुसलमानों को इस बात का भरोसा हो रहा है कि श्री मोदी उनकी भी उतनी ही रक्षा करेंगे जितनी किसी अन्य भारतीय नागरिक ने की है। जैसे-जैसे भारतीय मुसलमानों की साक्षरता दर और शिक्षा के स्तर में लगातार सुधार हो रहा है, वे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान को दुश्मन के रूप में देखना शुरू कर रहे हैं, न कि दोस्त के रूप में। श्री मोदी राष्ट्र की सेवा में देशभक्त मुसलमानों की सेवाओं को उजागर करने का एक भी अवसर नहीं छोड़ते हैं, चाहे बात नागरिकों की हो या सशस्त्र बलों की।

अनुच्छेद 370 को निरस्त करने या नागरिकता संशोधन अधिनियम के अधिनियमन या राम मंदिर के निर्माण जैसे निर्णय किसी भी तरह से देश में आम मुसलमानों के अधिकारों और हितों पर प्रतिकूल प्रभाव या पूर्वाग्रह नहीं डालते हैं। उनके मौलिक अधिकारों को भारत के संविधान के तहत पर्याप्त रूप से संरक्षित किया गया है और सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों द्वारा लागू किया गया है। इसी तरह, एक सभ्यतागत और सांस्कृतिक इकाई के रूप में हिंदू राष्ट्र की ओर कोई भी कदम, और जब तक कि यह एक धर्मशासित राज्य नहीं है, भारतीय मुसलमानों के हितों के लिए प्रतिकूल नहीं है। जहां तक देश का सम्बंध है, आर्थिक, वित्तीय या धन के मामलों में उसके साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उन्हें दैनिक जीवन में सामाजिक पूर्वाग्रह और भेदभाव का सामना करना पड़ता है, हालांकि, यह उन्हें देश में दोयम दर्जे का नागरिक नहीं बनाता है।

इन सभी वर्षों में, धर्मनिरपेक्षता को नकारने या कहे के रूप में गलत समझा गया, नसबंदी का इतिहास, अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण, आर्थिक लाभ और नौकरी में आरक्षण, पाकिस्तान से उकसावे के लिए कमजोर प्रतिक्रिया, राजनीतिक शुद्धता को दबाना और जीवन के एक तरीके के रूप में हिंदू धर्म से विरोध। भारतीय राजनीतिक स्पेक्ट्रम अब इस मुद्दे पर विभाजित नहीं होगा। राष्ट्रीय सोच में इस परिवर्तनकारी बदलाव का श्रेय नरेन्द्र मोदी को दिया जाएगा। दूसरी ओर, श्री मोदी ने अपने कार्यों को भी ईमानदारी से पूरा किया है जो अल्पसंख्यकों को प्रभावित करते हैं। नरेन्द्र मोदी के बारे में भारतीय मुसलमानों और भारतीय ईसाइयों, विशेष रूप से महिलाओं के दिमाग से गलत धारणाएं कम की जा रही हैं। कोई भी भारत के कल्याणकारी राज्य द्वारा मामूली भेदभाव का आरोप नहीं लगा सकता है, जो धर्म तटस्थ है। श्री मोदी के शासन में सांप्रदायिक शांति भी आदर्श रही है, इसमें एक भी बड़ी या अधिक सांप्रदायिक हिंसा नहीं हुई है। भाजपा का अल्पसंख्यक वोट शेयर देश भर में बढ़त बना रहा है। मुसलमानों के बीच श्री मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता बढ़ रही है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए उनके द्वारा लागू किए गए प्रत्येक उपाय ने सभी समुदायों को समान रूप से लाभान्वित किया है। उनकी सरकार का कोई भी उपाय या योजना कभी भी मुख्य रूप से हिंदुओं को लाभ पहुंचाने के लिए तैयार नहीं की गई है। सहारनपुर की जुबैदा को वही लाभ मिलते हैं जो उसकी पड़ोसी राधा को मिलती है। कोई भी इस बात से मना नहीं कर सकता कि भारत में कल्याणकारी राज्य धर्म-तटस्थ है। इसलिए धीरे-धीरे और भीतरी रूप से भारतीय मुसलमानों की सोच बदल रही है। उनका कट्टरपंथी धार्मिक प्रचारकों से मोहभंग हो रहा है। उन्हें लगता है कि धार्मिक प्रचारकों ने नफरत फैलाने के अलावा अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ नहीं किया है। जबकि श्री नरेन्?द्र मोदी ने निश्चित रूप से उनके जीवन को बेहतर बनाया है। बिना किसी भेद-भाव आर्थिक सहायता, रसोई गैस सिलेंडर, मासिक धन-राशि सीधे उनके खाते में जमा हाने से लेकर सभी प्रकार के लाभ उन्हें अपने हिंदू पड़ोसियों की तरह मिल रहे हैं।

# सरदार पटेल एक दूरदृष्टि, जिसने एक राष्ट्र का निर्माण किया

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती है। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद, तत्कालीन उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार के रूप में उभरे। दृढ़ विश्वास और राजनीतिक कुशाग्रता से लैस, पटेल और उनके सचिव वी.पी. मेनन ने राष्ट्र निर्माण के लिए अथक परिश्रम किया। पटेल का प्रभाव एकीकरण से आगे बढ़कर एकता-संचालक से राष्ट्र-निर्माता तक फैला हुआ था। पटेल के अद्वितीय योगदान को मान्यता देते हुए, भारत सरकार ने 2014 में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में घोषित किया। इस दिन एकता दौड़, सार्वजनिक प्रतिज्ञाएँ और भव्य एकता परेड आयोजित की जाती हैं, जो भारत की एकजुट रहने की सामूहिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। पटेल का संदेश दशकों से गूंज रहा है, 'एकता के बिना जनशक्ति तब तक शक्ति नहीं है, जब तक कि उसमें सामंजस्य और उचित एकीकरण न हो।' उनका मानना था कि भारत की ताकत उसकी विविधता में एकता में निहित है। ऐसी विविध संस्कृति को एक स्थिर वातावरण की आवश्यकता होती है, जिसका ध्यान भारत की पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बल रखते हैं। एकता दिवस पर पटेल का संदेश हर गाँव, मोहल्ले और हर साझा भोजन में भारत को निरंतर एकीकृत करने का है।

नर्मदा नदी के तट पर स्थापित, सरदार पटेल की 182 मीटर ऊँची प्रतिमा केवल स्टील और कंक्रीट का स्मारक नहीं है, बल्कि उस व्यक्ति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है जिसने भारत को उसकी क्षेत्रीय आत्मा दी। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा था, एकता की प्रतिमा अतीत का स्मारक नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक प्रतिज्ञा है। भारत सरकार ने पटेल के विचारों को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम से लेकर स्कूलों और विश्वविद्यालयों में सांस्कृतिक आदान-प्रदान की पहल तक आगे बढ़ाया है। पूरे भारत में, स्कूली बच्चे मैराथन दौड़ में एकता की शपथ ले रहे हैं और राज्यों की राजधानियों में एकता परेड का आयोजन किया जा रहा है। जैसे-जैसे भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर अग्रसर होता है, एकता का सही मापदंड भौतिक भूभाग



नहीं, बल्कि साझा उद्देश्य होगा। जिस विचार ने कभी 560 रियासतों को एक सूत्र में पिरोया था, उसी विचार ने अब 1.4 अरब सपनों को एक सूत्र में पिरोया है। सरदार पटेल ने अपने पहले बैच के आईएएस अधिकारियों के साथ मिलकर नव-स्वतंत्र राष्ट्र की नाजुकता को पहचाना था और एक पेशेवर, निष्पक्ष और प्रभावी सिविल सेवा पर ज़ोर दिया था।

चुनावों की देखरेख से लेकर सामाजिक कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन तक, उन्होंने कानून के शासन, समता और राष्ट्रीय एकता को कायम रखा। उन्होंने संकट प्रबंधन, राष्ट्र निर्माण और भारत के सभी नागरिकों में राष्ट्रीय मूल्यों को समाहित करने के लिए काम किया।

एकता के संरक्षक, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) ने चुपचाप काम किया है, फिर भी निर्णायक रूप से भारत की एकता सुनिश्चित की है। उन्होंने एकीकरण के व्यावहारिक पहलुओं को लागू किया है जैसे कानून और व्यवस्था बनाए रखना, प्रशासनिक तंत्र का समर्थन करना और राष्ट्रीय शक्ति सुनिश्चित करना। आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआरपीएफ, असम राइफल्स, एनएसजी, एसएसबी सहित सीएपीएफ न केवल सुरक्षा प्रदाता के रूप में बल्कि राष्ट्र निर्माता के रूप में भी काम करते हैं और एकता की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस भारत की विशिष्टता और सामूहिक पहचान का उत्सव मनाता है, चाहे वह क्षेत्रीय विविधताएँ हों, कला और संगीत हों, या त्योहार हों। राष्ट्रीय एकता दिवस पर, सरदार पटेल को श्रद्धांजलि केवल स्मरण करने में ही नहीं, बल्कि उनकी विरासत 'एक भारत, एक दृष्टि, एक संकल्प' को जीने में भी निहित है।

**-संदीप उपाध्याय**

# न्यायमूर्ति मानवेंद्रनाथ रॉय ने प्रदेश उच्च न्यायालय न्यायाधीश के रूप में शपथ ली

**अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी**

**अमरावती।** न्यायमूर्ति काक्ति मानवेंद्रनाथ रॉय ने आंध्र प्रदेश राज्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति धीरज सिंह ठाकुर ने नेलापाडु स्थित राज्य उच्च न्यायालय के प्रथम न्यायालय कक्ष में उन्हें न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मानवेंद्र रॉय संयुक्त विजयनगरम जिले के पार्वतीपुरम से हैं। कानून की पढ़ाई करने के बाद, उन्हें 2002 में जिला न्यायाधीश संवर्ग में नियुक्त किया गया और उन्होंने तेलुगु राज्यों के विभिन्न हिस्सों में कानूनी सेवाएँ प्रदान कीं। उन्होंने जुलाई 2015 से उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और जून 2019 से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य किया, लेकिन नवंबर 2023 में उनका स्थानांतरण गुजरात उच्च न्यायालय में हो गया। गुजरात उच्च न्यायालय से स्थानांतरण पर अपने गृह राज्य लौटने के बाद, वे राज्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभालने के लिए वापस लौटे।

इस शपथ ग्रहण समारोह में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, महाधिवक्ता दम्मलापति श्रीनिवास, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चल्ला धनंजय, उच्च न्यायालय बार



एसोसिएशन के अध्यक्ष के. चिदंबरम, एपी बार काउंसिल के अध्यक्ष एन. द्वारकानाथ रेड्डी, अतिरिक्त महाधिवक्ता ई. संबाशिव प्रताप, उप सॉलिसिटर जनरल पोन्ना राव, लोक अभियोजक एम. लक्ष्मीनारायण, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल पार्थसारथी, कई अन्य रजिस्ट्रार, वरिष्ठ वकील, बार एसोसिएशन, बार काउंसिल के सदस्य और उच्च न्यायालय के कर्मचारी, एपी कानूनी सेवा प्राधिकरण, एपी न्यायिक अकादमी के प्रतिनिधियों ने भाग लिय ।

# जियो यूज़र्स को 18 महीनों तक मिलेगा गूगल एआई प्रो का मुफ़्त एक्सेस

**अर्थ प्रकाश नेटवर्क**

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड और गूगल ने आज एक बड़ी रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। जिसके तहत दोनों कंपनियाँ मिलकर भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को तेज़ी से बढ़ाएँगी। इस साझेदारी की सबसे बड़ी खासियत है, जियो यूजर्स को 18 महीनों के लिए गूगल एआई प्रो प्लान का मुफ़्त एक्सेस। इस ऑफर की कीमत करीब 35,100 प्रति यूज़र है। यूज़र्स को गूगल जेमिनी 2.5 प्रो, लेटेस्ट Nano Banana और Veo 3.1 मॉडल के साथ शानदार इमेज और वीडियो बनाने की एक्सपेंडिड लिमिट मिलेगी। पढ़ाई और रिसर्च के लिए नोटबुक एलएम का बढ़ा हुआ एक्सेस, 2 टीबी क्लाउड स्टोरेज जैसी प्रीमियम सेवाएँ भी ऑफर में शामिल हैं।

शुरुआत में इस सुविधा को18 से 25 वर्ष के जियो यूज़र्स के लिए खोला जाएगा, बाद में सभी जियो यूजर्स को इसका एक्सेस मिलेगा। यह एआई सुविधा कंपनी सिर्फ उन जियो ग्राहकों को मुहैया कराएगी जिनके पास 5जी अनलिमिटेड प्लान्स होंगे। रिलायंस की सहायक कंपनी रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड और गूगल मिलकर जियो ग्राहकों के लिए यह खास एआई सुविधा लेकर आए हैं। इसका उद्देश्य, हर भारतीय उपभोक्ता, संस्था और डेवलपर को एआई से जोड़ना है। साझेदारी रिलायंस के "AI for All" विज़न के अनुरूप है, इसपर रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश डी. अंबानी ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि 1.45 अरब भारतीयों तक एआई सेवाएं पहुँचें। गूगल जैसे दीर्घकालिक साझेदारों के साथ मिलकर हम भारत को एआई सक्षम नहीं बल्कि एआई समर्थ बनाना चाहते हैं। जहाँ हर नागरिक और संस्था एआई का उपयोग कर आगे बढ़ सके।

# आंध्र में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के निजीकरण के खिलाफ एक करोड़ हस्ताक्षर अभियान

**नायडू सरकार पर बढ़ा जनदबाव**

**अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी**

विजयवाडा। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने ज़ोर देकर कहा राज्य के विकास में अवरोध उत्पन्न करना गलत सरकार जनहित में की गई योजनाओं को ठंडा बस्तें में डालना पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में केंद्र से 17 मेडिकल कॉलेजो की पूरी अनुमतियों के साथ तैयारी कर लेने के बाद पूरे कॉलेज बन चुकाने के बाद जिसमें मात्र एक प्रतिशत निर्माण कार्य से जुड़ी चलते-चलते काम को रुकवा कर राज्य के वास्तविक जमीनी विकास को रोकने का भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार इस विभाग के मंत्री हैं तभी दोष पूरा भारतीय जनता पार्टी को आम जनता दे रही है तेलुगु देशम पार्टीजनसेना पार्टीऔर भारतीय जनता पार्टी की



प्राइवेसी कारण की नीति को आंध्र की जनताकभी स्वीकार नहीं .करेगी आम जनता का कहना हैकेंद्र में प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री गुजरात राज्य के होने के वजह से गुजरात का जो विकास है उससे अधिक विकास किसी राज्य का नहीं चाहते हैं।

अन्य राज्यों को इस तरह का अनेक अवरोध उत्पन्न करना जैसे राज्य को विशेष दर्जा देने की घोषणा के बाद भीउसे इसलिए रोका गया क्योंकि गुजरात से कुछ बड़ी इंडस्ट्री आंध्र को आने की तैयारी में थे यह बात कहते हुए कम की के नेताओं नेएक स्वर में पत्रकारों को बताया है का कर सीनियर भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र का दुर्दशा नेताओं का स्वार्थ को इंगित किया है।

इस मामले को आगे ले जाकर जन समर्थन में रोकना बहुत जरूरी है कहकर एक सभी विपक्षी पार्टियों की बैठक के बाद एक करोड़ हस्ताक्षर करवा करकेंद्र को सूचित करना फिर सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर करने की योजना परजोरो से काम चल रहा है समय रहते भाजपा इस परइस प्राइवेट ही कारण को तत्काल नहीं रोकेगा तो शायद दक्षिण भारत में भाजपा एक बहुत प्रमुख समर्थक को खोने की स्थिति आ रही है कहकर कहाकई भाजपा के प्रमुख सीनियर कार्यकर्ता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भारतीय मार्केट पार्टी के भीसीनियर नेताओं ने एक बैठक के बादइसकी जिम्मेदारीपर पुनः केंद्र को विचार करना चाहिए।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत आरेडिका में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम



**अर्थ प्रकाश नेटवर्क**

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2025 का आयोजन महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के मागदर्शन तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद के नेतृत्व में नीतिपरक कार्य पद्धतियों को अपनाने, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देने हेतु 27 अक्तूबर से 02 नवंबर तक किया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2025 की थीम ''सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी'' के तहत सतर्कता विभाग द्वारा कर्मचारियों और अधिकारियों को सर्तकता के प्रति जागरुक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किये गये जैसे- दिनांक- 29.10.2025 को गणेश इण्टर कॉलेज ऐहार एवं केन्द्रीय विद्यालय आरेडिका में सतर्कता शपथ, व्याख्यान, निबंध लेखन, कार्टून-पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें बच्चों ने उत्साह के सहभागिता की। वीरवार को मैराथन दौड़, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कोंकण रेलवे कॉपरेशन लिमिटेड के भण्डार नियंत्रक अरुन मेहता ने ''रीसेण्ट चेन्ज इन पब्लिक प्रोक्यूरमेण्ट पॉलिसीज- विजिलेन्स पर्सपेक्टिब'' (विजिलेंस परिप्रेक्ष्य में सार्वजनिक विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया तथा सभी वरिष्ठ अधिकारियों को प्रोक्यूरमेण्ट करने में क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए।

## पशुपालक के पशुओं को प्रतिदिन सड़क पर छोड़ने से नाराज लोगों ने की नगर परिषद में शिकायत

# सड़क पर घूमते पशुओं को पकड़ने गई नगर परिषद टीम के साथ पशुपालक ने किया दुर्व्यवहार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर, 30 अक्तूबर।** पीर मुछल्ला क्षेत्र में एक पशुपालक द्वारा अपने पशुओं का दूध निकालने के बाद प्रतिदिन उन्हें खुलेआम सड़कों पर छोड़ दिया जाता है जिससे परेशान स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद जीरकपुर के अधिकारियों को शिकायत करके पशुपालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। संदीप सिंह पूनिया की अगवाई में क्षेत्र के लोगों द्वारा जो नगर परिषद अधिकारियों को शिकायत दी है उसमें उन्होंने लिखा है कि हमारा पड़ोसी रतन सिंह जो के एक पशुपालक है वह प्रतिदिन दूध निकालने के बाद जानबूझकर अपने पशुओं को बाहर सड़क पर खुला छोड़ देता है यह पशु पूरे इलाके में सारा दिन घूमते रहते हैं सड़क के बीच बैठ जाते हैं राहगीरों का रास्ता रोकते हैं और कई बार इनके कारण सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही है।



उन्होंने आगे लिखा कि कई बार कार और बाइक चालक भी इन पशुओं के कारण घायल हो चुके हैं इन पशुओं के कारण गली में बच्चे हर समय डर के माहौल में रहते हैं क्योंकि पशु बच्चों पर हमला भी कर देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमने रतन सिंह से अपने स्तर पर बातचीत भी की है लेकिन उनकी तरफ से कोई समाधान नहीं किया गया। लोगों द्वारा इस संबंधी नगर परिषद अधिकारियों को फोटो और वीडियो भेज कर अपनी समस्या की विस्तृत जानकारी दी।

लोगों की इस शिकायत के बाद नगर परिषद अधिकारियों द्वारा पशुओं को पकड़ने के लिए मौके पर बुधवार को एक ट्राली और पशु पकड़ने वाली टीम को भेज दिया। जब पशु पकड़ने के लिए टीम मौके पर पहुंची तो उसे टीम के साथ भी रतन सिंह द्वारा दुर्व्यवहार किया गया और पशुओं को उठाने नहीं दिया गया। इसके बाद टीम को खाली हाथ वापस मुड़ना पड़ा।



सड़क पर घूमते हुए पशुओं को पकड़ने के लिए गई हमारी टीम के साथ रतन सिंह द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया है जी संबंधी हम एक पत्र नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी को लिख रहे हैं और रतन सिंह के खिलाफ पुलिस को शिकायत करके कानूनी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

**मनोज कुमार सेनेटरी इंस्पेक्टर नगर परिषद जीरकपुर।**

# हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित नाभा साहिब में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने द्वार और सड़क निर्माण का शिलान्यास किया

गुरुद्वारा नाभा साहिब के सड़क निर्माण कार्य पर 2.78 करोड़ रुपये और द्वार व पार्किंग सुधार पर 45.00 लाख रुपये खर्च किए जाएँगे

गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएँ मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत हैं : कुलजीत सिंह रंधावा




अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 30 अक्तूबर।** क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित, गाँव नाभा साहिब में ग्रामीणों की उपस्थिति में गुरुद्वारा नाभा साहिब के मुख्य द्वार और पार्किंग सुधार परियोजनाओं सहित सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य पर 2.78 करोड़ रुपये और गुरुद्वारा नाभा साहिब के द्वार व पार्किंग के सुधार पर 45.00 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, सत्य और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। गुरु जी का जीवन और चरित्र समस्त मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि आज के युग में सहिष्णुता, शांति और भाईचारे को मजबूत करने के लिए गुरु जी की शिक्षाएँ अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कहा कि भगवंत सिंह मान सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है और लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। नाभा साहिब क्षेत्र में इन परियोजनाओं से न केवल धार्मिक स्थलों की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि स्थानीय लोगों के लिए सुविधाएं भी बेहतर होंगी।

इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी, नगर निगम सदस्य, पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष और कई स्थानीय नेता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# सचदेवा सटाकस फैमिली वाक के प्रति कलब मैंबरों की प्रशासन से मीटिंग

हर विभाग ने सहियोग देने का दिलाया विशवाश : परमजीत सचदेवा



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 30 अक्तूबर।** 2 नवंबर को करवाई जा रही 5 किलोमीटर लंबी सचदेवा स्टॉक्स होशियारपुर फैमिली वॉक में पुलिस प्रशासन की तरफ से पूरा सहियोग दिया जाएगा, यह बात नायब तहिसीलदार हिरदेवीर सिंह जिन्हे इस आयोजन के लिए प्रशासन की तरफ से नोडल अफसर नियुक्त किया गया है ने लाजवंती स्टेडियम में फिट बाइकर कलब के मैंबरों और अलग-अलग विभागों के अधिकारियों से की मीटिंग के दौरान कही। इस मीटिंग में नगर निगम, पुलिस, पीडब्लयूडी विभाग, खेल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान लाजवंती स्टेडियम से टांडा रोड़ पर स्थित पावरकाम के दफतर पर सडक़ पर पैच वर्क करने के प्रति पीडब्लयूडी विभाग के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया। इस मौके कलब के प्रधान परमजीत सचदेवा ने कहा कि इस फैमिली वाक को पंजाब सरकार के कैबनिट मंत्री अमन अरोड़ा हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन करवाने वाले लोग शुक्रवार शाम 5 वजे तक सचदेवा सटाकस के दफतर से टी-शर्ट प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि 2 नवंबर को सुबह फैमिली वाक की शुरूआत लाजवंती स्टेडियम से होगी जो कि शहर के अलग-अलग स्थानों जिन्मे रौशन ग्रांऊड, बलवीर कालोनी, भगवान महावीर पुल से होकर टांडा चौंक से होती हुई वापिस लाजवंती स्टोडियम में संपंन होगी। उन्होंने कहा कि फैमिली वाक समाज को तंदरुसत रहने का संदेश देती हुई नौजवानों को नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगी। इस मौके रणवीर सचदेवा, उत्तम सिंह साबी, गुरमेल सिंह, तरलोचन सिंह, सागर सेनी, रोहित बसी, संजीव सोहल, सौरभ शर्मा, दौलत सिंह, ओंकार सिंह चब्बेवाल, गुरविंदर सिंह भी मौजूद रहे। परमजीत सचदेवा ने बताया कि यह फैमिली वॉक दिवंगत एथलीट फौजा सिंह को समर्पित है।

# लुधियाना शहर के सभी पुलिस स्टेशनों में भी विजिलेंस अवेयरनेस के बारे में बैनर और पोस्टर लगाए

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**लुधियाना 30 अक्टूबर।** विजिलेंस अवेयरनेस वीक के दौरान, रूपिंदर कौर सारा, सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस, विजिलेंस ब्यूरो, रेंज लुधियाना और ए.ए. ब्रांच, लुधियाना ने माननीय कमिश्नर ऑफ़ पुलिस लुधियाना स्वपन शर्मा, आईपीएस और दूसरे सीनियर पुलिस अधिकारियों के साथ एंटी-करप्शन अवेयरनेस के बारे में एक मीटिंग की।



सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस, विजिलेंस ब्यूरो, लुधियाना, कमिश्नर ऑफ़ पुलिस लुधियाना और दूसरे सीनियर पुलिस अधिकारियों ने इस बारे में कमिश्नरेट लुधियाना के ऑफिस में बैनर और पोस्टर लगाए ताकि लोगों को एंटी-करप्शन और सरकारी ऑफिसों में ट्रांसपेरेंसी के बारे में अवेयर किया जा सके। इसके अलावा, कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना शहर के ज़ोन 1,2,3,4 के तहत लुधियाना शहर के सभी पुलिस स्टेशनों में भी विजिलेंस अवेयरनेस के बारे में बैनर और पोस्टर लगाए जाएंगे ताकि उन्हें करप्शन रोकने के बारे में अवेयर किया जा सके।

एसएसपी विजिलेंस ब्यूरो, लुधियाना ने करप्शन खत्म करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए शहर के अलग-अलग हलहह्य के साथ मीटिंग की और उन्हें इसके बारे में अवेयर किया। इसके अलावा, विजिलेंस ब्यूरो के अधिकारियों ने सीटी यूनिवर्सिटी में करप्शन के खिलाफ अवेयरनेस पर एक सेमिनार में हिस्सा लिया और इस कैंपेन के तहत स्टूडेंट्स और दूसरे स्टाफ को अवेयर किया। विजिलेंस ब्यूरो के अधिकारियों ने रायकोट के तहसील कॉम्प्लेक्स में बीडीपीओ ऑफिस और दूसरे ऑफिसों के सभी स्टाफ, कर्मचारियों और आम जनता को करप्शन के खिलाफ लड़ाई के बारे में जानकारी दी। कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना के सभी ष्टक्क ऑफिसों ने भी विजिलेंस अवेयरनेस वीक के बारे में जानकारी दी और सभी स्टाफ और आम जनता को करप्शन के खिलाफ अवेयरनेस के बारे में अवेयर किया और सभी ऑफिसों में विजिलेंस अवेयरनेस से जुड़े बैनर और पोस्टर लगाए गए।

शहर के कई बैंकों में विजिलेंस अवेयरनेस सेमिनार ऑर्गनाइज़ किए गए, जिसमें विजिलेंस ब्यूरो के अधिकारियों ने मौजूद बैंक कर्मचारियों और आम जनता को करप्शन के खिलाफ अलर्ट रहने और इस बारे में जानकारी देने के लिए मोटिवेट किया। विजिलेंस ब्यूरो के अधिकारियों ने माछीवाड़ा साहिब में पंजाब स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के ऑफिस में एक सेमिनार ऑर्गनाइज़ किया ताकि अलग-अलग डिपार्टमेंट के रिटायर्ड कर्मचारियों और आम जनता को करप्शन के खिलाफ अलर्ट रहने के बारे में अवेयर किया जा सके।

इसके अलावा, विजिलेंस ब्यूरो, लुधियाना के अधिकारियों ने स्स्ह्ल लुधियाना और सिविल हॉस्पिटल के सभी स्टाफ के साथ सिविल हॉस्पिटल लुधियाना में एक सेमिनार किया, जिसमें विजिलेंस ब्यूरो ने सभी स्टाफ और आम जनता को करप्शन और रिश्वतखोरी के खिलाफ जागरूक किया और उन्हें करप्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के बारे में जानकारी देने और शिकायत करने के लिए प्रोत्साहित और मोटिवेट किया।

इसके अलावा, लुधियाना शहर की अलग-अलग खास जगहों, जैसे डिप्टी कमिश्नर ऑफिस, तहसील, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और दूसरे सरकारी ऑफिसों में करप्शन खत्म करने के लिए बैनर और पोस्टर लगाए गए।

इस बारे में जनता से संपर्क करके उन्हें विजिलेंस डिपार्टमेंट के जारी नंबरों पर रिश्वत मांगने या लेने वाले, अपने पद का गलत इस्तेमाल करने वाले, सरकारी कागजों में हेराफेरी करने वाले और अपनी हैसियत से ज़्यादा संपत्ति जमा करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# डेराबस्सी में गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 30 अक्तूबर।** धनौनी मार्ग पर स्थित जैन मुनि जगदीश कामधेनु गौशाला में गोपाष्टमी पर्व बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जैन साध्वी शांतमुंद्रा श्री सुव्रता जी महाराज, प्रवचन प्रभाविकता डॉ प्रवीण जी एवं मधुर गायिका साध्वी श्री हितांशी जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। ाैशाला संस्था सदस्य ने जानकारी देते बताया कि सुबह 9 बजे गौपूजन व अभिषेक के बाद हवन का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। इसके उपरांत अटूट भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया और शाम को गौ आरती व कीर्तन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर गौमाता की आराधना की। इस मौके संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# धीर परिवार ने स्पेशल बच्चों को स्कूल बैग बांटे

**होशियारपुर (अप्रस/तरसेम दीवाना)।** जे.एस.एस.आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला में प्रिया धीर एंव उनके परिवार के मैंबरों की तरफ से स्कूल के छात्रों को 110 बैग बांटे गए, इस मौके श्रीमती रानी धीर, राज कुमार धीर, वैशाली धीर भी मौजूद रहे। इस समय प्रिया धीर ने कहा कि आशादीप वैलफेयर सोसायटी की तरफ से स्पेशल बच्चों को जीवन में आगे बढने के लिए जो मौके प्रदान किए जा रहे है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि स्पेशल बच्चो को भी दूसरे बच्चों की तरह आगे बढने के लिए मौके मिलने चाहिए। इस मौके आशादीप वैलफेयर सोसायटी के मैंबर राम आसरा की तरफ से धीर परिवार का धंन्यबाद किया गया। इस मौके स्कूल प्रिंसीपल शैली शर्मा ने धीर परिवार के मैंबरों और स्टाफ का धंन्यबाद किया।



# पंजाब में 31 अक्टूबर से फिर थमेंगे बसों के पहिए

पंजाब रोडवेज, पन-बस ठेका कर्मचारियों की चेतावनी; निजीकरण के खिलाफ खोला मोर्चा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 30 अक्तूबर।** पंजाब में एक बार फिर से रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी (पंजाब रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन) की बस सेवाएं ठप हो सकती हैं। राज्य की तीनों परिवहन इकाइयों के कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी यूनियनें सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की तैयारी में हैं। हड़ताल के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

यूनियन ने घोषणा की है कि 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के बाद से सभी बसें बंद रहेंगी। इससे पूरे पंजाब में रोडवेज और पनबस सेवाएं प्रभावित होंगी। यूनियनों का कहना है कि सरकार ने कई बार मांगों को लेकर बातचीत का वादा किया, लेकिन अब तक कोई बैठक नहीं बुलाई गई।

### कॉन्ट्रैक्ट वर्कर यूनियन का पत्र

पंजाब रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर यूनियन के प्रधान जोध सिंह ने ट्रांसपोर्ट विभाग, पनबस के प्रबंध निदेशक और पीआरटीसी के प्रबंध निदेशक को एक पत्र लिखकर आगाह किया है कि यदि विभाग 31 अक्टूबर को किलोमीटर स्कीम के तहत बसों को शामिल करने के लिए नया टेंडर जारी करता है, तो सभी बसों का संचालन रोक दिया जाएगा।

# वाटर सप्लाई वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा ने वार्ड 27 में किया दौरा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 30 अक्तूबर।** वार्ड 27 के समाज सेवी योगेश अरोड़ा की विनती पर आज पंजाब सीवरेज और वाटर सप्लाई बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा ने वार्ड 27 का दौरा किया और क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया।



इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। समाज सेवी योगेश अरोड़ा जी की अगुवाई वार्ड के एकेएस 3 के निवासियों ने चेयरमैन को बताया कि इनके एरिये में पिछले 4 महीने से सड़कों को खोद कर छोड़ दिया गया आधे एरिये में पानी की पाइप डाल कर बाकी छोड़ दिया गया है,जिसे से यहाँ रहने वाले लोगी का परेशानी का सबब बन हुआ है।

दौरे के दौरान ही एकेएस के प्रधान धर्मपाल ने एक पत्र वाइस चैयरमेन सुभाष शर्मा जी को सौंपा जिसमे उनके विनती की गई है की जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाए।

वाटर सप्लाई चेयरमैन ने कहा, 'हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र के सभी निवासियों को स्वच्छ और नियमित पेयजल की आपूर्ति हो। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं और जल्द ही समस्या का समाधान करेंगे।' और जल्द ही एकेएस के काम को शुरू किया जाएगा और बाकी बचे का को खत्म किया जाएगा

इस मौके ओर एकेएस से प्रधान धर्मपाल खजांची मोहिंदर पाल के अलावा स्केटरी लम्बा जी इंदरप्रीत, शमिंदर शम्मी, इंदरप्रीत गौरव अरोड़ा, तिवारी जी आदि मौजूद रहे।

# लायन रणजीत सिंह राणा ने जापान में 62वी लायंस ओसील फोरम में लिया भाग



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 30 अक्तूबर।** लॉयन्स क्लब इंटरनेशनल की ओरिएंट साऊथ ईस्ट एशिया लॉयन्स फोरम जापान के शहर सोपोरू में हुए। जिसमें इंडिया से लॉयन्स क्लब होशियारपुर प्रिंस के प्रेसिडेंट लायन रणजीत सिंह राणा ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान, थाईलैंड, फिलीपींस, नाइजीरिया, मलेशिया, सिंगापुर, हांगकांग और भारत सहित लगभग 12000 लायंस सदस्यों ने भाग लिया। इसमें भाग लेना मेरे लिए बहुत खुशी का क्षण था। इस सम्मेलन में लायंस क्लब इंटरनेशनल के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लायन ए.पी. सिंह ने उपस्थित सभी लायन सदस्यों को संबोधित किया और उनसे ज़रूरतमंदों की मदद करने, युवाओं को नशे से दूर रखने, मेडिकल कैंपस स्थापित करने और अधिक से अधिक सेवा कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने दुनिया भर में लायंस क्लबों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल हमेशा चमकता रहा है और प्रत्येक लायन सदस्य द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के कारण चमकता रहेगा। लायन रणजीत सिंह राणा की एम.जे.एफ बनने के लिए एल.सी.आई.एफ के इंटरनेशनल चेयरमैन लायन फैब्रिको ओलिवेरा ने सराहना की।

# गोपाष्टमी पर्व पर जगतगुरु पंचानंद गिरी गोपाल गौशाला में भव्य गौ पूजन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 30 अक्तूबर।** जगतगुरु भूवनेश्वरी नंद गिरी जी महाराज के पावन दिशा-निर्देश अनुसार आज जगतगुरु पंचानंद गिरी गोपाल गौशाला, शालीमार एन्क्लेव, ढकोली में गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संत समाज एवं गौभक्तों ने उपस्थित होकर गौमाता की आराधना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10.00 बजे हवन यज्ञ से हुआ, जिसमें विश्व शांति और कल्याण की कामना की गई। इसके उपरांत गौ पूजन एवं गौ आरती का आयोजन हुआ, जहाँ भक्तों ने गौमाता की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। 11.00 बजे से भजन-कीर्तन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें भक्ति गीतों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन 1.00 बजे विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता गौशाला के प्रधान दीपांशु सूद ने की। दीपांशु सूद ने कहा – गौमाता हमारी संस्कृति की आत्मा हैं।गौमाता के महत्व पर बोलते हुए दीपांशु सूद (प्रधान, गोपाल गौशाला) ने कहा गौमाता केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा हैं। जिस घर में गौमाता का वास होता है, वहाँ समृद्धि और शांति अपने आप आती है।

हमारे ऋषि-मुनियों ने गौ को धरती की माता कहा है क्योंकि वही हमें जीवनदायिनी पंचामृत प्रदान करती हैं दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर। आज समय की मांग है कि हम सब मिलकर गौसेवा को अपना धर्म मानें। गौमाता की रक्षा, सेवा और पूजन केवल परंपरा नहीं, बल्कि यह हमारा कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार गौशाला जाकर गौमाता के चरणों में नमन करना चाहिए। गौसेवा से बढ़कर कोई तप, दान या पूजन नहीं। जब तक गौमाता सुरक्षित हैं, तब तक हमारा धर्म और राष्ट्र सुरक्षित है।

### गौमाता का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

शास्त्रों के अनुसार गौमाता के अंगों में 33 कोटि देवताओं* का वास है। वे मानव जीवन के लिए आवश्यक पंचामृत प्रदान करती हैं और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक हैं। गोपाष्टमी पर्व इसी गौसेवा और श्रद्धा का प्रतीक है, जो हमें अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ता है।

### कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम का समापन 'जय गौ माता – जय श्री राम' के गगनभेदी जयघोषों के साथ हुआ। सभी श्रद्धालु भक्त भाव से गौमाता के चरणों में नमन कर पुण्यलाभ प्राप्त कर लौटे।

# शिक्षिका से चेन छीनने वाला युवक गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर लिया दो दिन का रिमांड



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 30 अक्तूबर।** कुछ दिन पहले स्कूटी सवार दो युवकों ने दिनदहाड़े स्कूल से घर लौट रही एक शिक्षिका की सोने की चेन छीन ली थी। शिक्षिका की शिकायत पर ज़ीरकपुर पुलिस ने दो अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में बलटाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक की पहचान बलटाना के रविंद्र एन्क्लेव निवासी पुनीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आज उक्त युवक को डेराबस्सी कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी कि घटना के समय उसके साथ दूसरा युवक कौन था और उसने और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है। गौरतलब है कि 24 अक्तूबर को बलटाना के स्वामी एन्क्लेव निवासी पूजा सोनी जो कि एक निजी स्कूल में अध्यापिका है, स्कूल से पैदल अपने घर जा रही थी कि मॉडर्न एन्क्लेव के पास स्कूटी सवार दो अज्ञात युवकों ने उसके गले में पहनी हुई सोने की चेन छीन ली थी।

# उज्ज्वला योजना के तहत नए नि:शुल्क एलपीजी कनेक्शन होंगे जारी

## उपायुक्त कार्यालय में बैठक का आयोजन, डीसी किरण भड़ाना ने दिए दिशा-निर्देश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग (कुल्लू )30 अक्तूबर।** उपयुक्त लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला लाहौल एवं स्पीति में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला उज्ज्वला समिति का गठन कर लिया गया है। आज इस संदर्भ में उपायुक्त कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला खाद्य नियंत्रक अखिल सिंह ठाकुर, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के जिला नोडल अधिकारी अमित टंडन उपस्थित थे। यह समिति उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति की अध्यक्षता में गठित की गई है, जो उज्जवला 3.0 योजना के सभी कार्यों की निगरानी करेगी।

उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य जिला की गरीब परिवारों की महिला सदस्यों को नि:शुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराना है, ताकि महिलाओं को स्वच्छ ईंधन से खाना बनाने की सुविधा मिल सके और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रहे तथा महिला सशक्तिकरण को ब?ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना वर्ष सर्वप्रथम 2017 में हिमाचल प्रदेश में प्रारंभ की गई थी और अब इस योजना का नया चरण ÷उज्जवला 3.0÷ केन्द्र सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया है ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को दिया जा सके।

### उज्ज्वला 3.0 के अंतर्गत पात्रता व लाभ

जिला की गरीब परिवारों की वयस्क महिला सदस्य इस योजना के अंतर्गत वंचना घोषणा पत्र प्रस्तुत कर आवेदन कर सकती हैं। पात्र लाभार्थियों को 2,050 मूल्य रूपये का नि:शुल्क एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया जाएगा, जिसमें गैस सिलेंडर की सुरक्षा जमा राशि, प्रेशर रेगुलेटर की सुरक्षा जमा राशि, 1.2 मीटर सुरक्षा हो?, डीजीसीसी पुस्तिका, निरीक्षण, स्थापना, प्रदर्शन एवं दस्तावेजीकरण शुल्क शामिल हैं । उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत अब गृह निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि सही पात्र लाभार्थियों को वास्तविक रूप से गैस कनेक्शन उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावे?ों में पूर्ण रूप से भरा हुआ केवाईसी फॉर्म व पहचान प्रमाण पत्र, पते का प्रमाण पत्र, परिवार की संरचना प्रमाणित करने हेतु राशन कार्ड, आवेदक एवं सभी वयस्क परिवार सदस्यों के आधार कार्ड, सब्सिडी प्राप्ति हेतु बैंक खाता विवरण, वंचना घोषणा पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगें।

### पात्रता की शर्तें

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत वही परिवार पात्र होंगे जिनके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पहले से एलपीजी कनेक्शन दर्ज न हो। परिवार की संरचना की पुष्टि राशन कार्ड इत्यादि दस्तावे?ों के आधार पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे परिवार जिनके परिवार का कोई सदस्य 10 हजार रूपये प्रति माह से अधिक आय वाला हो, परिवार द्वारा प्रोफेशनल टैक्स या आयकर का भुगतान किया जा रहा हो, परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, परिवार के नाम गैर-कृषि उद्यम सरकारी पंजीकृत हों, जिन परिवारों का किसान क्रेडिट कार्ड 75 हजार रूपये से अधिक सीमा वाला हो या जिनके पास 2.5 एक? से अधिक सिंचित भूमि एवं 1 सिंचाई उपकरण हो, दो फसल सीजन हेतु 5 एक? या अधिक सिंचित भूमि हो, 7.5 एक? या अधिक भूमि के साथ एक सिंचाई उपकरण हो, 30 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल का निजी मकान (सरकारी योजना से अलग) हो, मोटर चालित 3/4 पहिया वाहन या मछली पक?ने वाली नाव हो, यांत्रिक कृषि उपकरण (3/4 पहिया) स्वामित्व में हो या पहले से एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध हो ऐसे किसी भी परिवार को इस योजना के तहत नि:शुल्क एलपीजी कनेक्शन के लिए अयोग्य माना जाएगा।

# पानी की गहराई नापने प्रवासी परिंदे पहुंचे लारजी, पर्यावरण प्रेमियों में छाई खुशी




अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 30 अक्तूबर।** सर्दियों का मौसम शुरू होते ही विदेशी मेहमान परिंदे प्रदेश की वादियों में आने शुरू हो गए हैं। राज्य की प्राकृतिक एवं कृत्रिम झीलों में विदेशी सारस प्रजाति के पक्षियों ने अठखेलियां खेलनी शुरू कर पानी की गहराई नापनी शुरू कर दी है। जिससे प्रदेश में विदेशी मेहमानों ने चार चांद लगा दिए हैं। कुल्लू जिला में स्थित लारजी जल विद्युत परियोजना की झील में रंग बिरंगे विदेशी परिंदों ने दस्तक दे दी है। लारजी जलाशय में भारी संख्या में साइबेरिया से आए पक्षियों ने अठखेलियां शुरू कर दी है। शीत ऋतु आगमन के साथ ही हजारों किलोमीटर दूर से आकर कुल्लू जिला में बिजली तैयार करने के लिए बनाई गई कृत्रिम झील विदेशी मेहमान परिंदों से गुलजार रहती है। साइबेरिया, रूस, कजाकिस्तान आदि देशों से विदेशी पक्षी हर वर्ष यहां डेरा डालते हैं। यह विदेशी मेहमान आम लोगों के साथ-साथ सैलानियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं, किंतु इस वर्ष लारजी वन्य प्राणी विभाग के विशेषज्ञ कहते हैं कि विदेशी पक्षियों का सफर इतना आसान नहीं होता है।

# घुमारवीं में 25 करोड़ से बनेगा खेल परिसर साढ़े 4 करोड़ की पहली किस्त जारी : राजेश

स्थापित होने वाले खेल परिसर का अधिकारियों के साथ तकनीकी शिक्षा मंत्री ने किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**घुमारवीं (बिलासपुर), 30 अक्तूबर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में लगभग 25 करोड़ रूपए की लागत से एक भव्य खेल परिसर का निर्माण किया जाएगा, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए एक नई खेल पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि परियोजना के लिए लगभग सा? चार करोड़ रूपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है और निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा। राजेश धर्माणी आज घुमारवीं में खेल परिसर के निर्माण स्थल का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने के दौरान बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर घुमारवीं के समीप बनने वाले इस खेल परिसर के लिए अब तक लगभग 12 बीघा भूमि खेल विभाग के नाम हस्तांतरित की जा चुकी है। इस खेल परिसर में इनडोर स्टेडियम, आउटडोर खेल मैदान, दर्शक दीर्घा तथा आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रशिक्षण केंद्र तैयार किए जाएंगे, जिससे खिलाड़ियों को उत्कृष्ट वातावरण में अभ्यास करने का अवसर प्राप्त होगा। राजेश धर्माणी ने कहा कि खेल परिसर के निमार्ण से घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के अन्य इलाकों के युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने में मदद मिलेगी। साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा को राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए भी एक बेहतरीन मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को न केवल शिक्षा और रोजगार बल्कि खेलों में भी नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार संपूर्ण हिमाचल में खेल परिसरों और इनडोर स्टेडियमों का निर्माण किया जा रहा है ताकि युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित किया जा सके। इससे न केवल युवा खेलों के प्रति रुझान बड़ाएंगे बल्कि वह स्वयं को नशे से भी दूर रख पाएंगे।

# डीसी ने अधिकारियों को निरीक्षण बढ़ाने के दिये निर्देश

अर्थ प्रकाश / अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 30 अक्तूबर।** जिला खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) को निर्देश दिए कि होटलों, रेस्टोरेंटों तथा छोटे फास्ट फूड विक्रेताओं का निरीक्षण ब?ाया जाए और जिला के सभी क्षेत्रों में सभी प्रकार की खाद्य श्रेणियों जिनमें कच्चा या तैयार खाद्य पदार्थ शामिल है को जांच के दायरे में लाया जाए।

उपायुक्त ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि खाद्य व्यवसाय संचालक समाचार पत्र या किसी अन्य प्रकार की प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री का प्रयोग न करें जो खाद्य ग्रेड गुणवत्ता की न हो। साथ ही विद्यालयों, आंगनवा?ी केन्द्रों तथा बाल देखभाल संस्थानों में निरीक्षण एवं आईईसी गतिविधियां ब?ाने के भी निर्देश दिए।

राहुल कुमार ने खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी पात्र खाद्य व्यवसाय संचालकों को बार-बार खाद्य तेल को इस्तेमाल न करने के लिए शुरू की गई आरयूसीओ पहल के अंतर्गत शामिल किया जाए। उन्हें यह भी जागरूक किया जाए कि मानव उपभोग हेतु अनुपयुक्त तेल कंपनी द्वारा पुनः क्रय किया जाएगा। साथ ही अपील की कि खाद्य व्यवसाय संचालन एक ही तेल का प्रयोग तलने के लिए तीन बार से अधिक न करें।

बैठक में उपायुक्त ने दिसंबर 2025 में एक मैराथन कार्यक्रम आयोजित करने को भी कहा, जिसमें शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास (आईसीडीएस) और खाद्य आपूर्ति विभाग की सक्रिय भागीदारी रहे। सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) महेश कश्यप ने बैठक में जानकारी दी कि जिला में 7048 पंजीकरण और 409 लाइसेंस सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 111 सैंपल लिए गए, जिनमें से 6 सैंपल खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं पाए गए हैं। इस पर 15 मामलों में कुल 9 लाख 39 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

# मोदी सरकार ने रखा भारत और प्रदेश में वृद्धजनों का ख्याल: सुरेश कश्यप

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि भारत सरकार ने वृद्धजनों के समक्ष आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए अनेक पहल, नीतियाँ और कार्य योजनाएँ शुरू की हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी वाला नोडल मंत्रालय है। वित्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, और आयुष सहित विभिन्न संबंधित मंत्रालयों के साथ-साथ राज्य सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों, नागरिक समाज और निजी क्षेत्र के साथ मिलकर काम करते हुए, स्रूस्नस्छ्व ने देश भर में वृद्धजनों की सहायता के उद्देश्य से नीतियों और कार्यक्रमों के व्यापक विकास का नेतृत्व किया है। सरकार वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, कल्याण और सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई पहलों को लागू कर रही है, जिसका उद्देश्य उनके जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाना है।

उन्होंने कहा कि अटल पेंशन योजना (एपीवाई) भारत सरकार की एक प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसका संचालन पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा किया जाता है। इसका उद्देश्य भारतीयों, विशेषकर गरीबों और वंचितों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। 9 मई, 2015 को प्रारंभ की गई यह योजना 18-40 वर्ष की आयु के उन नागरिकों के लिए है जिनके पास बचत बैंक खाता है (1 अक्टूबर 2022 से आयकरदाताओं को छोड़कर)। यह योजना ग्राहक के 60 वर्ष का हो जाने पर न्यूनतम 1,000 रुपये से 5,000 रुपये तक की मासिक पेंशन की गारंटी देती है, ग्राहक की मृत्यु के बाद उतनी ही राशि उसके जीवनसाथी को देय होगी और दोनों के निधन के बाद संचित पेंशन राशि नामित व्यक्ति को दी जाएगी। 60 वर्ष की आयु तक मासिक, त्रैमासिक या अर्ध-वार्षिक अंतराल पर ऑटो-डेबिट के माध्यम से योगदान किया जाता है और यदि गारंटीकृत पेंशन के लिए रिटर्न अपर्याप्त है, तो कमी सरकार द्वारा पूरी की जाती है। अटल पेंशन योजना में नामांकन मार्च 2019 में 1.54 करोड़ से बढ़कर 5 अक्टूबर, 2025 तक 8.27 करोड़ हो गया। प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियाँ (एयूएम) 49,000 करोड़ रुपये से अधिक हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक

**सोलन (यशपाल कपूर)।** जिला दण्डाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आज यहां जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ?िला स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण से संबंधित गतिविधियों की प्रगति समीक्षा की गई तथा बच्चों के समग्र विकास और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत ?िला में मुख्यमंत्री सुखाश्रय कोष में अभी तक 6.55 लाख रुपए की राशि एकत्रित की गई है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि योजना से जु? सभी लाभार्थियों की नियमित रूप से निगरानी की जाए और बच्चों की ?रूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जून, 2025 तक कुल 14 बेसहारा बच्चों को गृह निर्माण के लिए 15.30 लाख की राशि प्रथम किश्त के रूप में प्रदान की गई है तथा चार बेसहारा बच्चों को दत्तक माता-पिता को सौंपा गया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत ?िला सोलन में 02 बाल बालिका आश्रम कम चिल्ड्रन होम है। इसके अतिरिक्त एक स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी और एक ओपन शेल्टर होम कथे? में है। इनमें 67 बच्चे रह रहें है। उन्होंने कहा कि दीपावली तक सभी बच्चों को उत्सव भत्ता 500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जा चुका है। यहां पर रहने वाले बच्चों को वस्त्र, बिस्तर, खाद्य वस्तुएं निरंतर आवश्यकता के अनुसार मुहैया करवाई जा रही हैं। इन बच्चों को भोजन भी निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि बेसहारा बच्चों को यूको आरसेटी के माध्यम से भविष्य में प्रशिक्षण प्रदान करवाया जाएगा ताकि बच्चे रो?गार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सके। मनमोहन शर्मा ने सभी से आग्रह किया कि बाल श्रमिकों का नियमित अनुश्रवण करें और इनकी सूचना तुरंत ?िला श्रम अधिकारी व पुलिस को देना सुनिश्चित करें। यह जानकारी टोल फ्री नंबर 1098 पर भी दी जा सकती है।

# हिमाचल में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 1422 करोड़ की परियोजना को मिली केंद्र सरकार की स्वीकृति: महाजन

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि केंद्र सरकार ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी की सहायता से हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु14-22 करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी है। इसमें 1138 करोड़ बाह्य सहायता तथा 284 करोड़ राज्यांश के रूप में शामिल हैं।

इस परियोजना के अंतर्गत राज्य के प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर, नाहन, मंडी, टांडा, चंबा तथा आईजीएमसी शिमला को सुदृढ़ एवं उन्नत किया जाएगा। इसके लिए ?650 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें से ?300 करोड़ हमीरपुर में कैंसर अस्पताल की स्थापना हेतु निर्धारित हैं।

महाजन में कहा कि मैं हिमाचल प्रदेश के लिए इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति देने हेतु माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि हालाँकि, मुझे अफसोस है कि माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीपुर में यह घोषणा की कि यह बजट राज्य सरकार द्वारा आवंटित किया गया है, जबकि वस्तुतः यह संपूर्ण परियोजना केंद्र सरकार द्वारा, JICA की सहायता से, स्वीकृत एवं वित्तपोषित है।

### परियोजना के प्रमुख घटक इस प्रकार हैं

हमीरपुर, टांडा, शिमला और नेरचौक चिकित्सा महाविद्यालयों में 3 टेस्ला एमआरआई मशीनों की स्थापना।

मंडी और चंबा में हाई एनर्जी लिनैक मशीनों की स्थापना।

रोबोटिक सर्जरी उपकरणों की व्यवस्था।

67 मॉडल स्वास्थ्य संस्थानों का विकास।

पूरे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटलीकरण।

### महागठबंधन नहीं, महाठगबंधन है बिहार का विपक्ष : राकेश

भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने बिहार में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की प्रेस वार्ता को कांग्रेस के झूठ के प्रचार अभियान का एक और उदाहरण बताते हुए तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता को झूठे वादों से ठगने के बाद अब सुक्खू जी बिहार की धरती पर उसी ठग मॉडल को लागू करने निकले हैं। यह महागठबंधन नहीं, बल्कि एक महाठगबंधन है – जिसका काम जनता को गुमराह करना, झूठ बोलना और अपनी असफलताओं को ढकना है। राकेश जमवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की यह प्रवृत्ति चिंताजनक है कि जब हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों को फाइनेंशियल लिट्रेसी के बारे में दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 30 अक्तूबर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जयदेवी में चल रहे 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष कैम्प के छठे दिन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की जयदेवी शाखा के शाखा प्रबंधक शशिकांत ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को फाइनेंसियल लिट्रेसी के बारे में बताया। फाइनेंसियल लिट्रेसी के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय भी बताए। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन फ्रॉड होने के बाद के तुरंत बाद 1930 नम्बर डायल करके ठगी से बचा जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने इस चर्चा में सक्रिय भागेदारी की और रिसोर्स पर्सन से बैंकिंग सेवा में जाने के लिए जानकारी भी हासिल की।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी पवनजीत कश्यप, और अरुण प्रभा, लेक्चरर अयोध्या देवी और फील्ड ऑफिसर गीतानंद भी उपस्थित थे। यह जानकारी पाठशाला की कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनीषा कुमारी ने दी।



# प्रदेश सरकार युवाओं को एआई और डेटा साइंस क्षेत्र में दे रही व्यापक अवसर

**शिमला।** प्रदेश सरकार युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा साइंस जैसे उभरते क्षेत्रों में कौशल विकास और रोजगार के व्यापक अवसर प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर तकनीकी शिक्षा विभाग ने युवाओं की आधुनिक तकनीकी मांगों को ध्यान में रखते हुए राज्य के विभिन्न बहुतकनीकी और अभियांत्रिकी महाविद्यालयों में एआई और डेटा साइंस से जुड़े नए कोर्स शुरू किए हैं।

सरकार ने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के साथ एआई और आईओटी को जोड़कर संयुक्त डिप्लोमा कोर्स शुरू किया है। यह कोर्स हिमाचल प्रदेश के प्रमुख बहुतकनीकी महाविद्यालयों—जैसे राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय बड़ू (हमीरपुर) और राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय रोहड़ू (शिमला)—में आरंभ किया गया है। हमीरपुर में पिछले वर्ष से शुरू हुए इस कोर्स में 51 सीटें निर्धारित की गई हैं।

# सोलन पत्रकार संघ का जनरल हाउस संपन्न

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** जिला सोलन पत्रकार संघ का जनरल हाउस वीरवार को संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पुनीत वर्मा ने की। बैठक मे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के आरंभ में महासचिव अश्विनी शर्मा ने पिछले छह महीनों में संघ की गतिविधियों की जानकारी हाउस के समक्ष प्रस्तुत की, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। इसके बाद नए पत्रकारों की सदस्यता, प्रेस क्लब निर्माण, आगामी क्रिकेट लीग, ब्लड डोनेशन कैंप, तथा किसी अन्य बैंक में संघ का नया खाता खोलने जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष पुनीत वर्मा ने कई बिंदुओं पर सहमति बनाई तो कुछ निर्णय आगामी जनरल हॉउस पर छो? दिए। उन्होंने कहा की कि वे संगठन को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वह प्रेस क्लब निर्माण को लेकर भी प्रयासरत हैं। उन्होंने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने बड़ी संख्या में बैठक में भाग लेकर संघ की मजबूती में योगदान दिया। चीफ पैट्रन भानु वर्मा ने कहा कि संघ बहुत पुराना है। इसे हमने सींचा है। हम चाहते है की सभी साथी एक साथ होकर आगे ब?। उन्होंने संघ ? पिछले 6 महीने ? कार्यकाल को सराहा।

बैठक में मोहन चौहान, सोम शर्मा, संजय हिंदवान और सुख दर्शन ठाकुर, आशीष सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकारों ने भी अपने विचार रखे।

प्रतियोगिता

66वीं अंडर-19 राज्य स्तरीय छात्र माइनर खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

# राष्ट्र निर्माण में खेलकूद निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. शांडिल

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर




**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में खेल-कूद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। डॉ. शांडिल आज यहां 66वीं अंडर-19 राज्य स्तरीय छात्र माइनर खेल-कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

चार दिवसीय 66वीं राज्य स्तरीय 19 वर्ष से कम आयुवर्ग के छात्र माइनर खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों व खेल छात्रावास के 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

डॉ. शांडिल ने कहा कि खेल-कूद न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और शारीरिक क्षमता का विकास करते हैं बल्कि सामाजिक एकता, राष्ट्रीय गौरव व युवा शक्ति को ब?ावा भी देते हैं।

सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि खेल युवाओं को नशे जैसे कुरीति से दूर रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया अपनी असीमित ऊर्जा खेलों व प?ाई में लगाएं ताकि उनका भविष्य उज्जवल बन सके।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायत स्तर पर खेलों के मैदानों को विकसित कर रही है ताकि युवा खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा निखार सकें। उन्होंने कहा कि प?ाई के साथ-साथ खेल-कूद गतिविधियों में भी युवा भाग लें।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा एशियाई खेलों तथा पैरा एशियाई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिला?ियों के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। राष्ट्र मण्डल खेलों तथा पैरा राष्ट्र मण्डल खेलों में गौरव हासिल करने वाले खिला?ियों को स्वर्ण पदक जीतने पर 50 लाख रुपए के स्थान पर 03 करो? रुपए, रजत पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए के स्थान पर 02 करो? रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख रुपए की जगह 01 करो? रुपए की पुरस्कार राशि दी जा रही है।

डॉ. शांडिल ने कहा कि हमारे पारम्परिक खेल को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश सरकार ने ठोडा खेल को भी खेल-कूद प्रतियोगिताओं में शामिल करना का निर्णय लिया है। यह निर्णय पारम्परिक खेलों को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर सहायक सिद्ध होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर परेड की सलामी भी ली। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक सचिव जे.एस.नेगी ने इससे पूर्व मुख्यातिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

# गोपाष्टमी पर्व भगवान कृष्ण की पूजा के लिए समर्पित : राजेंद्र पुरी

**जग ज्योति दरबार में गोपाष्टमी पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने किया विधिवत गो पूजन और गोसेवा**

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 30 अक्तूबर।** जग ज्योति दरबार की गौशाला में महंत राजेंद्र पुरी एवं अन्य संतों के सान्निध्य में पूरे विधि विधान के साथ गौ पूजा व आरती की गई। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शिरकत करते हुए जग ज्योति दरबार की गौशाला में ब?ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के साथ गौ सेवा की एवं गऊओं को चारा डाला तथा गु? इत्यादि खिलाया। मुख्य अतिथि तुषार सैनी ने कहा कि सनातन धर्म में गाय की सेवा करना एक महत्वपूर्ण धार्मिक और आध्यात्मिक कार्य है। गौ सेवा से सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद मिलता है, जीवन की मुश्किलें दूर होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि गोपाष्टमी का सनातन धर्म में बड़ा ही महत्व है।

यह दिन पूरी तरह से भगवान कृष्ण की पूजा के लिए समर्पित है। गोपाष्टमी के इस पवित्र दिन पर गायों और बछड़ों को सजाया जाता है और उन की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। यह पर्व पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता है। गोपाष्टमी कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि हिन्दुओं के बीच गोपाष्टमी का खास महत्व है। यह दिन पूरे भारत में अत्यंत श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाता है। गोपाष्टमी के शुभ दिन पर साधक भगवान विष्णु के आठवें अवतार भगवान कृष्ण की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण और भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में शांति, सुख और समृद्धि आती है। लोग इस पवित्र दिन पर गायों और बछड़ों की भी पूजा करते हैं और उन्हें घंटियों और कपड़ों से सजाते हैं। इस अवसर पर महंत राजेंद्र पुरी के साथ श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन भी किया। गौ पूजा एवं संकीर्तन में अजय गुप्ता, राजेंद्र सैनी, रोहतास सैनी, सतीश राणा, अजय गुप्ता, बलराम, संदीप, प्रीतपाल, मनप्रीत, विजय राठी, अजय राठी, अक्षय राठी, वेद प्रकाश, सुभाष, जसवीर ठोल, जगबीर मोर, सुदेश कुमारी, प्रवीण कुमार, परमजीत, साहिल, दलजीत, नीशू, नरेश, संजय शर्मा, मुनीश, यशपाल शर्मा इत्यादि भी मौजूद रहे।

## ‘गोसेवा से मिलती है 33 करोड़ देवी देवता की कृपा’

**कुरुक्षेत्र, 30 अक्तूबर।** मारकंडा नदी के तट पर स्थित श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर गोपाष्टमी का पर्व ब?ी श्रद्धा तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की प्रिय गौ माता का अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी के सान्निध्य में स्वामी राम नाथ पुरी, स्वामी पृथ्वी पुरी,



यजमान मामराज मंगला व श्रद्धालुओं ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पूजन किया। इस मौके पर महंत जगन्नाथ पुरी ने श्रद्धालुओं के साथ मंत्रोच्चारण के साथ गौ सेवा की। उन्होंने गोपाष्टमी के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन माता यशोदा ने भगवान श्री कृष्ण को बाल्यकाल में पहली बार गायों को चराने के लिए जंगल भेजा था। यशोदा माता भगवान श्री कृष्ण को किसी भी स्थिति में भेजना नहीं चाहती थी परन्तु भगवान श्री कृष्ण की जिद को माता यशोदा का मानना प?ा। महंत जगन्नाथ पुरी के अनुसार तभी से गोपाष्टमी मनाये जाने की परम्परा है। इस दिन गौ माता की श्रद्धा तथा भक्तिभाव से की विशेष पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि गौ माता के पूजन से तो सभी 33 देवी देवतागण प्रसन्न होते हैं। इस मौके पर स्वामी संतोषानंद, स्वामी सीताराम, विजय गोस्वामी, बिल्लू पुजारी, आकाश गिरी, सुक्खा सिंह, नाजर सिंह, भाना राम, संतोष, नीलम शर्मा इत्यादि भी मौजूद रहे।

# खाद स्टोर पर सीएम फ्लाइंग की दबिश

**डीएपी के बैग मिले स्टॉक से कम, यूरिया के ज्यादा**

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड़




**बराड़ा।** बृहस्पतिवार को अचानक सीएम फ्लाइंग की टीम ने अधोया रोड पर एक खाद स्टोर पर दबिश की। दरअसल इन दिनों खाद को लेकर मारा मारी हो रही है और किसान खाद व डीएपी को लेकर परेशान दिखाई दे रहे हैं। फसली बुआई सीजन में किसानों को खाद और डीएपी की काफी जरूरत पड़ रही है। वहीं, खाद के स्टॉक की जांच के लिए सीएम फ्लाइंग भी एक्टिव मोड में नजर आ रही है।

बृहस्पतिवार को सुबह करीब 11 बजे सीएम फ्लाइंग की टीम सब इंस्पेक्टर परविन्द्र कुमार की अगुवाई में बराड़ा पहुंची। जहां अधोया रोड पर अनाज मंडी गेट के पास चमन खाद स्टोर की चेकिंग की। परविन्द्र सिंह ने बताया कि इस दौरान टीम ने खाद और डीएपी के स्टॉक की जांच की। उन्होंने बताया कि इस दुकान पर 150 बैग डीएपी के आए थे, जिनकी मशीन में इंट्री नहीं की गई। मौके पर 150 में से केवल 98 बैग मिले यानि 52 बैग गायब थे। वहीं यूरिया बैक का यूरिया बैग के ऑनलाइन इन्द्राज में 155 बैग होने चाहिए थे, लेकिन चेकिंग में 875 बैग मिले। जिनमें फर्म के संचालक ने 300 बैग का बिल दिखाया। यानि 455 बैग वैध थे। लेकिन 420 बैग अतिरिक्त मिले, जिनके बारे में वह संतुष्ठ जानकारी नहीं दे सके। परविन्द्र सिंह ने बताया कि इस दौरान उसके साथ कृषि विभाग से डॉ. जगमोहन सिंह और डॉ. सिमरन जास्ट भी मौजूद रही। इस संबंध में डॉ. जगमोहन सिंह ने उन्हें बताया कि स्टॉक की अनियमितता के बारे में कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर की तरफ से स्टोर संचालक को शोकॉज नोटिस जारी किया जाएगा। उसके बाद यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिलता तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएम फ्लाइंग की टीम में एएसआई जनक, हैडकांस्टेबल बलजिन्द्र भी मौजूद रहे।

## स्टेनोग्राफर व कोपा ट्रेड पर अप्रेंटिस लगने के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद, 30 अक्टूबर।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में आईटीआई पास छात्रों को एक वर्ष की समयावधि के लिए स्टेनोग्राफर (हिंदी) व कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) ट्रेड पर अप्रेंटिसशिप रखे जाने हैं। इसके लिए डीआईपीआरओ कार्यालय ने आईटीआई पास इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए है।

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार ने बताया कि स्टेनोग्राफर (हिंदी) व कोपा की ट्रेड पर अप्रेंटिसशिप लगने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 31 अक्टूबर की सायं 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच 4 नवंबर को लघु सचिवालय के तृतीय तल पर स्थित डीआईपीआरओ कार्यालय, कमरा नंबर 85 में की जाएगी।

# धन-धन श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के संबंध में सांझी प्रभातफेरी निकाली

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अम्बाला छावनी।** धन-धन श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के संबंध में गुरुवार को अंबाला छावनी में सांझी प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें पंजाबी गुरुद्वारा साहिब, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा हरगोलाल रोड, गुरुद्वारा श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी, गुरुद्वारा भाट बिरादरी सभी गुरुद्वारा साहब की प्रभात फेरियां सदर बाजार चौक पर इकट्ठा हुई और शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा हर गुलाल रोड में जाकर संपन्न हुई समाप्ति पर गुरु का लंगर अटूट बांटा गया।

अंबाला छावनी में 2 नवंबर दिन रविवार को एक महान नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा हर गुलाल रोड से दोपहर 1ः00 बजे निकाला जाएगा जो की बंगाली मोहल्ला, पंजाबी मोहल्ला, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा बी सी बाजार राय मार्केट विजय रतन चौक, पंजाबी गुरुद्वारा सदर बाजार ,क्वालिटी स्वीट पुरानी सब्जी मंडी होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रात्रि 8ः00 बजे संपन्न होगा द्य इस मौके पर पार्षद बीएस बिंद्रा, प्रधान कुलजीत सिंह बेदी ,सरदार अवतार सिंह, सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी के कैशियर सरदार जोगिंदर सिंह ,सरदार हरविंदर सिंह भोला, सरदार हर सिमरन सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह राजा, सरदार अरविंदर सिंह राजा ,श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरबजीत सिंह जोहर ,अमरप्रीत सिंह राजू चेतन कोहली,सरदार प्रधान सुरजीत सिंह अरोड़ा, जितेंद्र सिंह मक्कड़, व अन्य सैकड़ो की संख्या में संगत प्रभात फेरी में मौजूद रही।

# रेलवे स्टेशनों पर एसएलआर को ई-नीलामी के जरिए किया आवंटित

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**जम्मू, 30 अक्टूबर।** गैर-किराया राजस्व बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने विभिन्न रेलवे स्टेशनों जिसमें बनिहाल, अनंतनाग, श्रीनगर, संगलदान, बड़गाम तथा बारामूला आदि पर मल्टीपर्पस (एमपीएस) स्टोर स्थापित करने का अनुबंध सफल बोलीदाता को सफलतापूर्वक प्रदान किया है।

**ई- नीलामी का विवरण :** 1. बनिहाल रेलवे स्टेशन पर ई-नीलामी के जरिए मल्टीपर्पस स्टाल का आवंटन पांच सालों के लिए कुल 11,02,037 रूपए से प्रभारित किया गया हैं। जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिए 1,86,786 रुपए की राशि से प्रभारित किया जाएगा।2. अनंतनाग रेलवे स्टेशन पर ई-नीलामी के जरिए मल्टीपर्पस स्टाल का आवंटन पांच सालों के लिए कुल 15,55,240 रूपए से प्रभारित किया गया हैं। जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिए 2,63,600 रुपए की राशि से प्रभारित किया जाएगा ।

3.श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर ई-नीलामी के जरिए मल्टीपर्पस स्टाल का आवंटन पांच सालों के लिए कुल 16,84922 रूपए से प्रभारित किया गया हैं। जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिए 2,85,580 रुपए की राशि से प्रभारित किया जाएगा।

4.संगलदान रेलवे स्टेशन पर ई-नीलामी के जरिए मल्टीपर्पस स्टाल का आवंटन पांच सालों के लिए कुल 8,77,837 रूपए से प्रभारित किया गया हैं। जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिए 1,48,786 रुपए की राशि से प्रभारित किया जाएगा।

5.श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर ई-नीलामी के जरिए मल्टीपर्पस स्टाल का आवंटन पांच सालों के लिए कुल 4,16,274 रूपए से प्रभारित किया गया हैं। जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिए 70,555 रुपए की राशि से प्रभारित किया जाएगा।

6. बड़गाम रेलवे स्टेशन पर ई-नीलामी के जरिए मल्टीपर्पस स्टाल का आवंटन पांच सालों के लिए कुल 6,19,500 रूपए से प्रभारित किया गया हैं। जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिए 1,05,000 रुपए की राशि से प्रभारित किया जाएगा।7. बड़गाम रेलवे स्टेशन पर ई-नीलामी के जरिए मल्टीपर्पस स्टाल का आवंटन पांच सालों के लिए कुल 4,42,500 रूपए से प्रभारित किया गया हैं। जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिए 75,000 रुपए की राशि से प्रभारित किया जाएगा।

8.बनिहाल रेलवे स्टेशन पर ई-नीलामी के जरिए मल्टीपर्पस स्टाल का आवंटन पांच सालों के लिए कुल 4,16,274 रूपए से प्रभारित किया गया हैं। जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिए 70,555 रुपए की राशि से प्रभारित किया जाएगा।

9. बारामूला रेलवे स्टेशन पर ई-नीलामी के जरिए मल्टीपर्पस स्टाल का आवंटन पांच सालों के लिए कुल 8,29,274 रूपए से प्रभारित किया गया हैं। जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिए 1,40,555 रुपए की राशि से प्रभारित किया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज, चिल्ली झील के सौंदर्यकरण व शहर की बदहाल सड़कों पर संज्ञान लें सीएम : प्रजापति

अर्थ प्रकाश संवाददात



**फतेहाबाद, 30अक्टूबर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रन फॉर यूनिटी में भाग लेने के लिए फतेहाबाद पहुंच रहे हैं। सीएम के फतेहाबाद दौरे को लेकर शहरवासियों को भी उनसे काफी उम्मीदें है।

चाहे मेडिकल कॉलेज का मामला हो, चिल्ली झील के सौंदर्यकरण की बात हो या शहर की बदहाल सड?ों का मामला, लोगों को उम्मीद है कि सीएम अपने फतेहाबाद दौरे के दौरान शहरवासियों की इन समस्याओं को दूर करने का काम करेंगे। युवा कांग्रेस नेता एवं प्रमुख समाजसेवी मुकेश प्रजापति ने कहा कि शहर के पुराने नागरिक अस्पताल के मुरम्मत कार्य पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं वहीं हुडा सैक्टर में नए अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा चुनावों में फतेहाबाद में मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई, कॉलेज के बोर्ड लगाकर वोट भी बटोर लिए लेकिन उसके बाद मेडिकल कॉलेज को यहां से शिफ्ट कर शहरवासियों के साथ धोखा किया गया। लोगों की मांग है कि फतेहाबाद में नए बन रहे नागरिक अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया जाए, जिससे लोगों के करोड़ों रुपये की बचत होगी जोकि विकास कार्यों पर खर्च हो सकेंगे। इसके अलावा सरकार द्वारा चिल्ली झील को पर्यटक स्थल बनाने की घोषणा भी ठंडे बस्ते में है। सरकार ने सौंदर्यकरण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए लेकिन धरातल पर हाल बदहाल है। इसके अलावा शहर की सड?ों की लीपापोती ने सरकार के विकास के दावों की पोल खोल दी है। खासकर अशोक नगर, ब्रह्मकुमारी रोड के पास रहने वाले लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। पार्षद और वार्डवासी अनेक बार प्रदर्शन कर चुके हैं लेकिन प्रशासन वहां हालात सुधारने में फेल साबित हुआ है। शहरवासियों की मांग है कि सीएम चिल्ली झील के सौंदर्यकरण के प्रोजेक्ट पर तेजी से काम करवाने के निर्देश दिए और यहां खर्च हुए करोड़ों रुपये की जांच करवाई जाए। इसके अलावा शहर में बदहाल सड?ों की लीपापोती की बजाय इनका नवनिर्माण किया जाए। ब्रह्मकुमारी आश्रम रोड पर पानी निकासी व बदहाल सड? का स्थाई समाधान किया जाए।

# एसएनपीएस ढिंगसरा के बच्चों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 30 अक्टूबर।** शांति निकेतन स्कूल, ढिंगसरा के प्रधानाचार्य श्री रणसिंह जी रेपस्वाल ने बताया कि आज हमारे विद्यालय के बच्चों ने सद्गुरू कृपा अपना घर, फतेहाबाद वृद्धाआश्रम का भ्रमण किया और मौजूद बुजुर्गों से बातचीत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

विद्यालय व बच्चों की ओर से बुजुर्गों के लिए मिठाईयाँ, बिस्कुट व 11000 रुपये भी दान स्वरूप दिए गए। उन्होंने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनकी वर्तमान स्थिति से अवगत करवाना था, ताकि बच्चों को शुरूआत से ही अच्छे संस्कार मिल सकें जिससे वे अपने माता-पिता के महत्व को जान सकें।

उन्होंने बताया कि बुजुर्ग हमारे समाज और परिवार का अभिन्न अंग होते हैं। यह ज्ञान के जीवंत भंडार होते हैं। उनकी बुद्धिमत्ता, अनुभव हमें कठिन समय में जीवन जीने का तरीका सिखाते हैं और बेहतर निर्णय में लेने में हमारी सहायता करते हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन संस्कृति में बुजुर्गों की बात को बहुत महत्व दिया जाता था, क्योंकि वे अपने ज्ञान, अनुभव और मूल्यों को युवा पी?ी को देकर उनका पारिवारिक और सामुदायिक मार्गदर्शन करते थे, परंतु आज हमारे गिरते संस्कारों ने उनके महत्व को कम कर दिया। इसीलिए आज की युवा पी?ी द्वारा अपने माता-पिता को बुजुर्ग होते ही वृद्धाआश्रम में छो? दिया जाता है।

# देवउठनी ग्यारस पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन हुआ सतर्क

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने आमजन से आह्वान किया किया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड?ी व 21 वर्ष से कम आयु के लड? की बाल विवाह से सम्बन्धित कोई भी सूचना प्राप्त होती है तो वे बाल विवाह निषेध अधिकारी, पुलिस हेल्पलाइन 112, मैजिस्ट्रेट या चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर सम्पर्क कर सूचना दे सकते है, ताकि समय पर हस्तक्षेप करके नाबालिग के विवाह को रुकवाया जा सके।

डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि देवउठनी ग्यारस पर सामाजिक प्रथा बाल विवाह होने का अंदेशा बना रहता है, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड?ी व 21 वर्ष से कम आयु के लड? को नाबालिग माना जाती है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, तो 2 साल तक की सजा और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

डीसी ने जिला के सभी सरपंचों को गांव में होने वाले विवाह पर नजर रखने, आंगनवाड़ी सभी सुपरवाइजर व आंगनवाड़ी वर्कर को गांव में होने वाले विवाह की सूची तैयार करने, स्कूलों में कोई भी बच्चे का ड्रॉप आउट होने का कारण पता करने के निर्देश दिए। इसके साथ जिला की सभी आशा वर्कर व एएनएम को उनके क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना मिलती है तो संरक्षण एवं बाल विवाह विभाग व पुलिस को तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतिनिधि, स्किल डेवलपमेंट, आईटीआई व बाल कल्याण समिति आदि को जिला रेवाड़ी में किसी प्रकार की बाल विवाह से सम्बन्धित कोई भी सूचना प्राप्त होती है तो तुरन्त जिला प्रशासन को सूचित करें।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि विवाह में सेवा देने वाले टेंट, हलवाई, पंडित, केटरर, प्रिटिंग प्रेस वालों से भी आह्वान किया है कि ऐसे किसी भी विवाह कार्यक्रम में न तो शामिल हो और न ही अपनी सेवाएं दें। अन्यथा उनके विरूद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## टैंक चौक-चंडीगढ़ मार्ग 3 नवंबर तक किया बंद

**पंचकूला, (अप्रस)।** सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिंदर कुमार ने बताया कि पीएमडीए द्वारा शक्ति द्वार के सामने टैंक चौक के पास चंडीगढ़ की ओर जाने वाले मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते यह मार्ग 30 अक्टूबर सुबह से बंद कर दिया गया, जो 3 नवंबर को खोल दिया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने अपील की है कि ओल्ड पंचकूला से 6/7 लाइट तथा सिंह द्वार होते हुए चंडीगढ़ जाने वाले वाहन चालक इस रास्ते का उपयोग न करें और इसके स्थान पर टैंक चौक के पास स्थित स्लिप रोड से मेजर संदीप सांखला चौक (बेलाविस्टा चौक) के रास्ते को अपनाएं। ट्रैफिक पुलिस पंचकूला ने आमजन से अनुरोध किया है कि वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करते हुए मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों

कार्यक्रम

**प्रेरणा वृद्धाश्रम में आयोजित भव्य कार्य म में बुजुर्गों ने भी की हरियाणवी अंदाज में मस्ती**

# प्रेरणा वृद्धाश्रम में दिखा हरियाणवी मस्ती और संस्कृति का नजारा

अर्थ प्रकाश /अर्पण वधवा





**कुरुक्षेत्र, 30 अक्तूबर।** प्रेरणा वृद्धाश्रम में हरियाणवी संस्कृति से सराबोर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली के बच्चों ने बुजुर्गों के संग साथ मिलकर खूब रंग जमाया। प्रेरणा वृद्धाश्रम में एक तरह से खूब हरियाणवी मस्ती और संस्कृति का नज़ारा देखने को मिला। स्थानीय ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा एंजेल ठाकुर ने जब हरियाणवी गीत मत छेड़ बलम मेरी चुनर को पर नृत्य किया तो सभी को थिरकने पर विवश कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन न्यायाधीश ललित बतरा भी मौजूद रहे। प्रेरणा संस्था के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने बताया कि इस अवसर पर भारी संख्या में नगर के सम्मानित एवं वरिष्ठ लोग भी मौजूद थे। जिन में मुख्य रूप से मानवाधिकार आयोग के रजिस्ट्रार आरके सोंधी, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सुमिता ठाकुर, श्रीराम गुरुकुल ठौल की प्राचार्या सुमन सांगवान, सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट से सुरजीत कौर, प्रेरणा अध्यक्ष जसवीर गुंबर, उपाध्यक्ष किरण गर्ग, नरेश गर्ग, महासचिव हरकेश पपोसा, सचिव डा. ममता सूद, अनीता रामपाल, कोषाध्यक्ष आशा सिंगला, शिल्पा सिंगला, आदित्य सिंगला, धैर्य सूद, केशव मेहता, रेणु खुंगर, श्री राम गुरुकुल से स्टाफ सदस्य रजनी, रमिता, पूजा, नीलम, गुरजीत सिंह, मनदीप एवं वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्ग इत्यादि मौजूद रहे। मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा ने कहा कि मैं जब भी प्रेरणा वृद्धाश्रम आता हूं मुझे यहां आकर एक विशेष ऊर्जा मिलती है और बुजुर्गों से मिलकर मेरा मन बहुत प्रसन्न होता है। उन्होंने सभी बुजुर्गों से बातचीत की और सभी की पारिवारिक समस्याओं के बारे में सुना। इस अवसर पर वीरेंद्र राठौड़ के गीत ने सबका मन मोह लिया। डा. ममता सूद ने भी बुजुर्गों को लेकर एक कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर जस्टिस बतरा ने डा. जय भगवान सिंगला की 56वी पुस्तक अन्न? पर अधिकार सभी का का विमोचन भी किया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर हांसी में होगा ‘रन फॉर यूनिटी’ का आयोजन

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी

**हांसी।** लौह पुरुष एवं भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा।इस उपलक्ष्य में हांसी में भव्य रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता,अखंडता और सामाजिक समरसता को और मजबूत बनाना है।

रन फॉर यूनिटी स्थानीय संयुक्त कार्यालय परिसर से आरंभ होगी और लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में संपन्न होगी। विधायक विनोद भयाना 31 अक्टूबर 2025 को सुबह 6ः00 बजे रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे तथा उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलवाएंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वीरवार को तहसीलदार अनिल कुमार बिढान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और रन फॉर यूनिटी को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों एवं समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों की ड्यूटियां तय की गई तथा उन्हें अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा और तत्परता के साथ निभाने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें देश की एकता और अखंडता में सरदार पटेल के योगदान को याद करने का अवसर देता है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की कि वे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करें।

## देवोत्थान एकादशी पर मनाया जाएगा पावन तुलसी विवाह उत्सव

# शालीग्राम-तुलसी के दैवीय मिलन से मिलता है पापों से मुक्ति का वरदान



कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को तुलसी पूजन का उत्सव पूरे भारत वर्ष में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मान्यता है कि कार्तिक मास में जो भी व्यक्ति तुलसी जी का विवाह भगवान शालीग्राम से कराता है उसको सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। इस दिन देवोत्थान एकादशी तथा भीष्म पंचक एकादशी भी मनाई जाती है। दीपावली के ठीक बाद पड़ने वाली इस एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है। कहा जाता है कि कार्तिक मास में तुलसी के पास दीपक जलाने से अनंत पुण्य प्राप्त होता है। तुलसी को साक्षात लक्ष्मी का निवास माना जाता है इसलिए कहा जाता है कि जो भी इस मास में तुलसी के समक्ष दीप जलाता है उसे अत्यन्त लाभ होता है। इस दिन सुबह उठ कर स्नान आदि से निवृत्त हो सच्चे मन से व्रत रखना चाहिए और शाम को एक सुंदर मण्डप की स्थापना कर विधि पूर्वक गाजे बाजे के साथ तुलसी जी का विवाह भगवान शालीग्राम से कराना चाहिए। तुलसी भगवान विष्णु को काफी प्रिय हैं। तुलसी का विवाह करने के बाद पौधा किसी ब्राम्हण को देना चाहिए। तुलसी विवाह का आयोजन इसलिए किया जाता है क्योंकि देवोत्थान एकादशी से छह महीने तक देवताओं का दिन प्रारंभ हो जाता है। इसलिए तुलसी का भगवान श्री हरि विष्णु के शालीग्राम स्वरूप के साथ प्रतीकात्मक विवाह कर श्रद्धालु उन्हें बैकुण्ठ धाम के लिए विदा करते हैं।

सर्वप्रथम विवाह के तीन माह पूर्व से ही तुलसी के पौधे को नियमित सींचें और पूजन करें। उसके बाद विवाह मुहूर्त में मंगलगान और मंत्रोच्चारण से मंडप का निर्माण करें और चार ब्राह्मणों द्वारा गणपति-मातृका पूजन और पुण्याहवाचन कराएं। तत्पश्चात मंदिर की साक्षात मूर्ति के साथ लक्ष्मीनारायण तथा तुलसी को शुभ आसन पर पूर्वाभिमुख विराजमान करें। यजमान पत्नी के साथ उत्तराभिमुख आसन ग्रहण करे। अब गोधुलीय समय में वर की पूजा करें और मंत्रोच्चार सहित कन्या दान करें। इसके बाद हवन और अग्नि परिक्रमा कराएं और फिर वस्त्र और आभूषण आदि अपने सामर्थ्य अनुसार चढ़ाएं। अब ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद खुद भी भोजन कर लें और अंत में मंगलगान से विवाह कार्यक्रम का समापन करें।

**तुलसी विवाह व्रत कथा:** भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी सत्यभामा को अपने रूप पर बड़ा गर्व था। वे सोचती थीं कि रूपवती होने के कारण ही श्रीकृष्ण उनसे अधिक स्नेह रखते हैं। एक दिन जब नारदजी उधर गए तो सत्यभामा ने कहा कि आप मुझे आशीर्वाद दीजिए कि अगले जन्म में भी भगवान श्रीकृष्ण ही मुझे पति रूप में प्राप्त हों। नारदजी बोले, नियम यह है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी प्रिय वस्तु इस जन्म में दान करे तो वह उसे अगले जन्म में प्राप्त होगी। अतः तुम भी श्रीकृष्ण को दान रूप में मुझे दे दो तो वे अगले जन्मों में जरूर मिलेंगे। सत्यभामा ने श्रीकृष्ण को नारदजी को दान रूप में दे दिया। जब नारदजी उन्हें ले जाने लगे तो अन्य रानियों ने उन्हें रोक लिया। इस पर नारदजी बोले, यदि श्रीकृष्ण के बराबर सोना व रत्न दे दो तो हम इन्हें छोड़ देंगे। तब तराजू के एक पलड़े में श्रीकृष्ण बैठे तथा दूसरे पलड़े में सभी रानियां अपने-अपने आभूषण चढ़ाने लगीं, पर पलड़ा टस से मस नहीं हुआ। यह देख सत्यभामा ने कहा, यदि मैंने इन्हें दान किया है तो उबार भी लूंगी। यह कह कर उन्होंने अपने सारे आभूषण चढ़ा दिए, पर पलड़ा नहीं हिला। वे बड़ी लज्जित हुई। सारा समाचार जब रुक्मिणी जी ने सुना तो वे तुलसी पूजन करके उसकी पत्ती ले आईं। उस पत्ती को पलड़े पर रखते ही तुला का वजन बराबर हो गया। नारद तुलसी दल लेकर स्वर्ग को चले गए। रुक्मिणी श्रीकृष्ण की पटरानी थीं। तुलसी के वरदान के कारण ही वे अपनी व अन्य रानियों के सौभाग्य की रक्षा कर सकीं। तब से तुलसी को यह पूज्य पद प्राप्त हो गया कि श्रीकृष्ण उसे सदा अपने मस्तक पर धारण करते हैं।

## परमात्मा से वियोग एक अज्ञानता का कारण है



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

मानव यह लिखा हुआ पढ़ तो लेता है कि 'सीय राम मय सब जग जानी।' यानि वह प्रभु सर्वत्र समाया हुआ है। लेकिन जब मानने का वक्त आता है, क्या उस वक्त भी सर्वत्र समाया मान रहा होता है? मानने के वक्त तो इन्सान इस परमात्मा को सीमित करता है। कहता है, प्रभु तो सातवें आसमान पर बैठा हुआ है। वहीं पर बैठकर इस धरती का संचालन कर रहा है। या फिर किसी और स्थान तक ही प्रभु को सीमित कर देता है। क्या प्रभु की 'डेफिनेशन' (परिभाषा) को खुद ही नहीं काट रहा है? कहा जा रहा है कि प्रभु सर्वत्र समाया हुआ है, पर इन्सान मान कब रहा है? कहता है कि यह तो किसी और स्थान पर बैठा हुआ है। जब परमात्मा सर्वत्र समाया हुआ है, तो फिर इन्सान इससे क्यों बिछुड़ा हुआ है? यह कैसे संभव है? ये बिछोड़ा (वियोग) एक अज्ञानता का विछोड़ा है।

मानव अपनी अज्ञानता के कारण अपने सदा संग रहने वाले प्रभु को न जाने कहां-कहां ढूंढता फिरा रहा है। जितने भी महापुरुष सन्त इस संसार में आए, उन्होंने इस निराकार-दातार को अंग-संग ही जाना है, अनुभव किया है।

सन्तों ने भटकी हुई मानवता को, भटके हुए इन्सानों को सदैव यही बात समझाने की कोशिश की है कि तू इस निराकार प्रभु-परमात्मा को किसी एक स्थान पर निश्चित समझता है लेकिन यह प्रभु तो कण-कण में व्याप्त और हर जगह मौजूद है। परन्तु इसकी प्राप्ति तभी संभव है, जब तुझे ज्ञान की नज़र मिल जाती है, दिव्य चक्षु तुम्हें प्राप्त हो जाते हैं। जब देखकर मन इसे धारण कर लेता है, मन इसे अपना लेता है।

जिस तरह से फूल में सर्वत्र सुगंध मौजूद होती है, उसी तरह से निरंकार सर्वत्र मौजूद है। हम शर्बत का गिलास पीते हैं, शर्बत उस तमाम गिलास में होता है। जो भी पीता है, एक-एक घूंट के साथ उसके मुंह में शर्बत जा रहा होता है। इसी तरह यह परमात्मा, यह निपराकार, यह दातार भी कण-कण में व्याप्त है। इन्सान तू इसे जंगलों में क्यों सोच लेता है? तू क्यों इसे गुफाओं, कंदराओं में सोचे बैठा है। इसकी खोज तो महापुरुष-सन्त सदा करते रहे, लेकिन अन्त में निबेड़ा कहां पर जाकर हुआ? जब ब्रह्मज्ञानी की शरण मिल गई। जब ज्ञानी के साथ नाता जुड़ गया तभी इस अज्ञान के अंधकार का विनाश हो गया। यह भ्रम दूर हो गया कि निराकार परमात्मा कहीं दूर है, यह सातवे आसमान पर है, कहीं गुफा-कन्दराओं में है या फिर पर्वत ही परमात्मा है या फिर सूरज ही परमात्मा है या जल ही परमात्मा है; ये सारे भ्रम दूर हो गये।




### नोकरियां यहां देखें

**राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित स्टैटिकल ऑफिसर के**
कुल पदः 113
आवेदन की अंतिम तिथिः 23 नवंबर, 2025
योग्यताः पीजी
आयु सीमाः 21 से 40 साल
करें आवेदनः
**rpsc.rajasthan.gov.in**

**नेशनल शिप रिपेयर यार्ड में अप्रेंटिस के**
कुल पदः 210
आवेदन की अंतिम तिथिः 23 नवंबर, 2025
योग्यताः आठवीं दसवीं व आईटीआई
आयु सीमाः 14 से 18 साल
करें आवेदनः
**apprinticeshipindia.gov.in**

**आईआरसीटीसी में हॉस्पिटैलिटी मॉनिटर के**
कुल पदः 64
आवेदन की अंतिम तिथिः 18 नवंबर, 2025
योग्यताः बीएससी
आयु सीमाः अधिकतम 28 साल
आवेदन करें :
**www.irctc.com**

**एसबीआई में इन्वेस्टमेंट ऑफिसर के**
कुल पदः 103
आवेदन की अंतिम तिथिः 17 नवंबर, 2025
योग्यताः पीजी,सी ए व अन्य आयु सीमा 25 से 50 साल
करें आवेदनः
**recruitment.sbi.bank.in**

**बाबा फरीद यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर व अन्य के**
कुल पदः174
आवेदन की अंतिम तिथिः3 नवंबर, 2025
योग्यताः संबंधित क्षेत्र में पीजी
आयु सीमाः अधिकतम 50 साल
करें आवेदनः
**bfuhs.ac.in**

**बिहार एसएससी द्वारा विज्ञापित एलडीसी के**
कुल पदः 14921
आवेदन की अंतिम तिथिः 24 नवंबर , 2025
योग्यताः 12वीं पास
आयु सीमाः 18 से 37 साल
करें आवेदनः
**onlinebssc.com**

**जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें**

# जिला प्रशासन ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए बढ़ाई सख्ती, जिला में ग्रैप-टू लागू

**डीसी विक्रम सिंह ने जिला वासियों से वायु प्रदूषण नियंत्रण करने में भागीदार बनने का किया आह्वान**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

फरीदाबाद। जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए उपायों को और सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने स्पष्ट कहा कि जिला में ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के दूसरे चरण में निर्धारित सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में ग्रेप- टू की पाबंदी लागू हो गई हैं, जिसके लिए हमें प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहरी निकायों सहित अन्य संबंधित विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि वे जिला में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं। सभी विभाग जिला में एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक को नियंत्रित रखने लिए जमीनी स्तर पर मिलकर काम करें। डीसी ने निर्देश दिए कि शहर की सभी प्रमुख सड़कों और औद्योगिक इलाकों में धूल नियंत्रण उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाए। संबंधित विभाग नियमित रूप से सड़कों के किनारे पेड़ों और पौधों पर पानी का छिड़काव करवाएं, ताकि धूलकणों से राहत मिल सके। जहां धूल का स्तर अधिक है, उन स्थानों पर एंटी-स्मॉग गन का प्रयोग किया जाए। एनएचएआई और नगर परिषद सड़कों व राष्ट्रीय राजमार्गों पर धूल के हॉटस्पॉट चिन्हित कर नियमित साफ-सफाई और पानी का छिड़काव सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित सभी विभागों को निर्माण कार्यों और औद्योगिक इकाइयों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि ग्रेप नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

डीसी ने कहा कि कूड़ा या किसी भी प्रकार के अपशिष्ट जलाने की घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विभागों को ऐसे मामलों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग यह सुनिश्चित करे कि 500 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में होने वाले सभी निर्माण कार्यों का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जाए। निर्माण के दौरान उत्पन्न मलबे को निर्धारित स्थल पर ही डाला जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़ी सभी गतिविधियों की निगरानी और रिपोर्टिंग नियमित रूप से की जाए, ताकि जिला प्रशासन समय पर आवश्यक निर्णय ले सके। डीसी ने कहा कि प्रशासन के प्रयास तभी सार्थक होंगे जब जनता भी सक्रिय सहयोग देगी। उन्होंने फरीदाबाद वासियों से अपील की कि वे अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखें, कूड़ा न जलाएं और वाहन प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए नियमित सर्विसिंग कराएं। उन्होंने नागरिकों से यह भी अनुरोध किया कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें ताकि सभी के सम्मिलित प्रयासों से पर्यावरण की गुणवत्ता सुधारी जा सके।

# प्रेम दुनिया की सबसे खूबसूरत अद्‌भुत भावना: मुनिश्री विनय कुमार जी



चंडीगढ़। प्रेम दुनिया की सबसे खूबसूरत और अद्भुत भावना है, जो मानवीय जुड़ाव का आधार है और जीवन को अर्थ देती है। यह केवल रोमांटिक भावनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह करुणा, जुड़ाव और एक-दूसरे के प्रति सम्मान का प्रतीक है। प्रेम हमें बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है, शांति लाता है और जीवन की समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। प्रेम दुनिया की सबसे खूबसूरत, सबसे प्रबल, सबसे अद्भुत भावना है। एक जादू, एक अतीन्द्रिय अहसास। दो व्यक्तित्वों के बीच एक ऐसा अदृश्य बंधन जिसमें मुक्ति की तमाम संभावनाएं छिपी हैं। दुनिया के सभी धर्म और संस्कृतियां प्रेम की बुनियाद पर ही खड़ी हैं। दुनिया के सारे मानवीय व्यवहार, तमाम साहित्य और सभी कलाओं के मूल में प्रेम ही है। दुनिया में जितना कुछ हिंसक, अमानवीय और अवांछित है वह प्रेम के अभाव के कारण है। ये शब्द मनीषी संत श्रीमुनि विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24 सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा प्रेम को परिभाषित करने की कोशिशें अनंत काल से होती रही है। प्रेम के बारे में बहुतों ने लिखा लेकिन इस विलक्षण अनुभूति को शब्दों में कोई भी ठीक-ठीक नहीं बांध पाया। शायद इसलिए कि प्रेम जान लेने की चीज नहीं है। उसे जीना और महसूस करना होता है। हमारे पुराणों में एक कथा है जो कुछ हद तक प्रेम के मर्म तक पहुंचती है। कहा गया है कि सृष्टि की रचना के लिए ब्रह्मा ने अपनी देह को दो हिस्सों में बांट दिया था। पहला हिस्सा 'का' हुआ और दूसरा 'या'। दोनों को मिलकर काया बनना था। पुरुष हिस्से का नाम स्वयंभुव मनु पड़ा और स्त्री हिस्से का नाम शतरूपा। उन्हीं दोनों के मेल से पृथ्वी पर मनुष्यों की उत्पति हुई। एकदम काल्पनिक-सी लगने वाली इस कथा के अर्थ बहुत गहरे हैं। अपने आप में संपूर्ण न पुरुष है और न स्त्री। अपनी रचना के बाद पुरुष और स्त्री दोनों अपने-अपने आधे हिस्से की तलाश में भटक रहे हैं। टुकड़ों में उस आधे की उपलब्धि का सुख कभी प्रेम में मिलता है, कभी विपरीत लिंगी मित्रों में, कभी दांपत्य में और कभी-कभी कल्पनाओं में बनी स्त्री या पुरुष छवियों में भी। अधूरेपन के इस शाश्वत अहसास और अपने खोए हुए हिस्से को खोज लेने की बेचैनी का नाम ही शायद प्रेम है। हमारी भारतीय संस्कृति में अर्द्धनारीश्वर की कल्पना यूं ही नहीं की गई थी।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया वैसे तो प्रेम के लिए कोई दिन या मौसम मुकर्रर नहीं होता, लेकिन हमारी संस्कृति और साहित्य में वसंत को प्रेम के लिए सबसे अनुकूल मौसम माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार यह कामदेव के जागने का मौसम है। गीता में कृष्ण ने स्वयं को ऋतुओं में वसंत कहा है। यह ऐसा मौसम है जब प्रकृति का सौन्दर्य अपने चरम पर होता है। मनोविज्ञान मानता है कि वसंत में लगभग सभी प्राणियों में दैहिक, मानसिक और भावनात्मक परिवर्तन होते हैं। दुनिया की तमाम संस्कृतियां अपने युवाओं को इस मौसम में प्रेम की अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करती हैं। प्राचीन भारत में बसंत उत्सव और मदनोत्सव की हजारों साल लंबी परंपरा रही है जिसमें प्रेमी जोड़े एक दूसरे के प्रति अपने प्रेम और आकर्षण का सार्वजनिक रूप से इज़हार करते थे।

## पंचांग

शुक्रवार, 31 अक्तूबर, 2025, सूर्योदयः 06:32 ए एम, सूर्यास्तः 05:37 पी एम, चन्द्रोदयः 02:16 पी एम, चन्द्रास्तः 01:44 ए एम, नवम्बर 01, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः कार्तिक, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः शुक्रवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः नवमी - 10:03 ए एम तक, नक्षत्रः धनिष्ठा - 06:51 पी एम तक, योगः वृद्धि - 04:32 ए एम, नवम्बर 01 तक, करणः कौलव - 10:03 ए एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 09:43 पी एम तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः मकर - 06:48 ए एम तक, राहुकालः 10:41 ए एम से 12:04 पी एम, गुलिक कालः 07:55 ए एम से 09:18 ए एम, यमगण्डः 02:51 पी एम से 04:14 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:42 ए एम से 12:27 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:45 ए एम से 09:29 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:27 पी एम से 01:11 पी एम, अमृत कालः 08:19 ए एम से 09:56 ए एम, वर्ज्यः 01:54 ए एम, नवम्बर 01 से 03:28 ए एम, नवम्बर 01

## भविष्य फल



**मेषः** अपने विचार व्यक्त करने में हिचकिचाएं नहीं। आत्मविश्वास की कमी को खुद पर हावी न होने दें, क्योंकि यह सिर्फ आपकी समस्या को और जटिल बनाएगा।
**वृषः** आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपसी विश्वास के सहारे आपके रिश्ते में मजबूती आयेगी।
**मिथुनः** आज का दिन भावनात्मक रहेग। रुके कार्य, विवाद, समस्या का निराकरण होगा।
**कर्कः** भावी माताओं को सेहत को लेकर थोड़ी ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे।
**सिंहः** आज आपका उदार भाव लोगों को काफी प्रभावित करेगा। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।
**कन्याः** आज लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का अंत होगा। उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा। चापलूसों से सावधान रहें।
**तुलाः** अपनी शारीरिक सेहत सुधारने के लिए संतुलित आहर लें आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं।
**वृश्चिकः** आज आप मित्रों के साथ मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। किसी जरूरी काम को आप जल्दी पूरा करने की कोशिश करेंगे। उसमें आपको सफलता भी मिलेगी।
**धनुः** आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वासपूर्वक से करेंगे। आत्मविश्वास व मान-सम्मान में वृद्धि होगी।
**मकरः** मानसिक तौर पर आप स्थिर महसूस नहीं करेंगे। इसलिए इस बात का ख्याल रखें कि दूसरों के सामने आप कैसे बर्ताव करते और बोलते हैं।
**कुंभः** आज आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे।
**मीनः** आज आपसी लोगो की वजह से खर्च ज्यादा ब?ेंगे। स्त्री के साथ मनमुटाव होने की संभावना है।

# स्व. चौधरी दलबीर सिंह के सपनों को साकार कर रही हैं सैलजा: राकेश तंवर

**स्व. चौधरी दलबीर सिंह की पुण्यतिथि पर पृथला में कार्यक्रम आयोजित**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



पलवल। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति के सदस्य रहे पृथला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश तंवर के संयोजन में बृहस्पतिवार को पृथला स्थित कार्यालय पर हरियाणा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. चौधरी दलबीर सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलते हुए गरीब व कमेरे वर्ग के हितार्थ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रेणु तंवर द्वारा किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश तंवर ने कहा कि स्व. चौधरी दलबीर सिंह का समस्त जीवन हरियाणा के हर वर्ग के व्यक्ति के हितार्थ रहा है तथा हम-सब के लिए प्रेरणादायक है। आज उनकी पुत्री कुमारी सैलजा उनके सपनों को साकार कर रही हैं तथा अपने पिता के बताए मार्ग पर चलते हुए न केवल हरियाणा बल्कि समूचे देश में आम, गरीब, किसान, युवा, महिला, मेहनतकश, दलित, पिछडों की आवाज को बुलंद कर रही हैं।

कुमारी सैलजा ने जहां केन्द्रीय मंत्री रहते हुए ईमानदारी की मिशाल पेश की वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती प्रदान की वहीं आज राष्ट्रीय महासचिव व कांग्रेस की वर्किंग कमेटी की सदस्य तथा सिरसा की सांसद रहते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान कर रहीं हैं। इसी का परिणाम है कि आज हरियाणा के जन-जन में कुमारी सैलजा वास करतीं है और वह दिन दूर नहीं जब वह प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री बनकर हर जन के हितार्थ के लिए कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि स्व. दलबीर सिंह पर शुरू से ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पंडित जवाहरलाल नेहरू का काफी प्रभाव रहा। वे गांधीवादी विचारधारा व पंडित नेहरू की विचारधारा का अनुसरण करते थे। उन्होंने इन विचारधाराओं का समन्वय अपने राजनीतिक जीवन में भी बखूबी किया। स्व. चौधरी दलबीर जी को हम अब देख तो नहीं सकते, लेकिन उन्हें महसूस कर सकते हैं, आज के हरियाणा में हर उस जगह चौधरी दलबीर जी उपस्थित हैं जहां अन्याय पर न्याय की जीत होती है, हर उस गरीब के घर चौधरी साहब आज भी होते हैं जहां उसके अधिकार मिल रहे हैं और जिस पीढी में मैं भी शामिल हूँ, उस पीढी को संघर्ष करने की प्रेरणा चौधरी दलबीर के जीवन से मिली है। हम उनकी पुण्यतिथि पर न केवल याद करते हैं बल्कि अपने राजनैतिक क्षेत्र में उनको अपना आदर्श मानते हैं एक बात और कि देश और दुनियां में महात्माओं ने ही सामाजिक काया पलट की है, क्रांति या आन्दोलन कोई माहत्मा ही उठा सका है, लेकिन उन महात्माओं के देहांत के बाद भी अगर कोई जीवंत विचार देकर गए तो वो हैं चौधरी दलबीर सिंह जी, जो अपनी सुपुत्री कुमारी सैलजा को हरियाणा के लिए तैयार कर गए। सैलजा जी ने भी स्व. दलबीर सिंह जी के आदर्शों को हु-ब-हु अपनाया और आज शैलजा जी के व्यव्हार में उनकी सोच में चौधरी दलबीर सिंह जी हमें मिल जाते हैं। हिसार के गांव प्रभुवाला में जन्मे चौधरी दलबीर सिंह की सादगी और उनसे जुड़े किस्से समर्थकों को आज भी याद आते हैं।

इस अवसर पर सतपाल वशिष्ठ, सरजीत पहलवान, सतबीर चौधरी, जयसिंह तंवर, हरेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र रंगला, किरणपाल सिंह, विक्रम सिंह व धर्मेन्द्र गुर्जर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सेक्टर-27 थाना टीम ने दीवान फार्म से लावारिस नवजात को बचाया, शिशु गृह रोहतक भेजा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रितू गिल सेक्टर-27 थाना स्टाफ द्वारा दीवान फार्म सोनीपत से लावारिस हालत में एक नवजात लड़के को रेस्क्यू किया गया है, जिसकी उम्र लगभग 3-4 महीने है। इसके पश्चात बच्चे के स्वास्थ्य को देखते हुए सामान्य अस्पताल में उसके स्वास्थ्य की जांच करवाई गई, जिसमें बच्चा पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बच्चे को शिशु गृह रोहतक भिजवाया गया। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को इस बच्चे के अभिभावकों के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिलता है तो वह लघु सचिवालय के कमरा नंबर-304 या फोन नंबर 0130-2222736 पर कॉल कर सकता है।

## हनुमान का मंदिर

ऊपर चिड़ियां, नीचे तोता, देख प्यार क्या नहीं होता।
हंस-हंस कर होती बात, कोई न पूछे किसी की जात।
फूलों पर झाड़ू फेर दो, फूल के नीचे घेर दो।
साईं, पीर, नानक की सुन लो बात,
इकट्ठे होकर दो सरस्वती का साथ।
प्रीतम कहां गया हनुमान का मंदिर, सो गए क्या सूर्य चंद्र।
-प्रीतम सिंह, चंडीगढ़

# एसएस जैन स्थानक में साध्वी रत्ना सुवृद्धि जी ने दिया वैवाहिक जीवन में समझ और सम्मान का संदेश

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अम्बाला / मुलाना।** एसएस जैन स्थानक मुलाना में चल रहे पावन चातुर्मास के अंतर्गत साध्वी रत्ना सुवृद्धि जी एवं साध्वी सात्विक जी के सान्निध्य में प्रवचन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मसभा में पहुंचकर प्रवचन का लाभ उठाया।

अपने प्रवचन में साध्वी रत्ना सुवृद्धि जी ने पति-पत्नी के आपसी संबंधों के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी का रिश्ता केवल सामाजिक बंधन नहीं बल्कि आत्मिक और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। जब दोनों के बीच परस्पर विश्वास, प्रेम, संवाद और सम्मान होता है, तभी परिवार में सुख और शांति का वातावरण बनता है।

उन्होंने कहा कि जीवन में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन यदि पति-पत्नी एक-दूसरे की बात को सुनने, समझने और क्षमा करने का भाव रखते हैं तो कोई भी विवाद बड़ा नहीं बन सकता। साध्वी जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जहां वाणी में मधुरता और व्यवहार में विनम्रता होती है, वहां संबंध सदैव मजबूत रहते हैं।

साध्वी जी ने यह भी कहा कि आज के युग में पति-पत्नी दोनों को समान रूप से एक-दूसरे का सहयोगी बनना चाहिए। एक-दूसरे की कमजोरियों को नहीं, बल्कि अच्छाइयों को देखने की भावना रखनी चाहिए। जब दंपति एक-दूसरे को बेहतर इंसान बनाने का प्रयास करते हैं, तो वही परिवार समाज के लिए आदर्श बनता है। साध्वी सात्विक जी ने अपने प्रवचन में कहा कि चातुर्मास आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का काल है। इस अवधि में व्यक्ति को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए।

# युवक से बैग छीनकर भागने की घटना मे संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत (अप्रस)। जिले के थाना सैक्टर 27 सोनीपत की पुलिस टीम ने युवक से रुपयो का बैग छीनकर भागने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल पुत्र विकास निवासी तारा नगर सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 22 अक्तूबर को सचिन पुत्र सतपाल निवासी वैस्ट राम नगर सोनीपत ने थाना सैक्टर 27 सोनीपत मे शिकायत दी कि आज मै अपने दोस्त मोहित पुत्र राजकिशन निवासी मोहन नगर व देव पुत्र जगदीश निवासी राम नगर सोनीपत के साथ देव की गाडी मे बैठ कर बहालगढ में गाडी देखने के लिए जा रहे थे। जो गांव फाजिलपुर के अड्डे पर सिगरेट व कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए गाडी रोक ली। जो मेरे पास एक काले रंग की पिट्ठु बैग था जिसमें मे कुल रुपये 4 लाख 70 हजार एक पुरानी गाडी खरीदने के लाया था। जो मै उपरोक्त बैग अपनी साथ लेकर फाजिलपुर के अड्डे पर उतरा था। उसी दौरान एक सफेद रंग की गाडी रायपुर की तरफ से आई जिस गाडी में एक मोटा सा लडका उतरा और मेरे हाथ से पैसा वाला काला पिट्ठु बैग छीन कर गाडी में सवार होकर भाग गया जो गाडी में 2-3 आदमी और भी बैठे थे।




# चंडीगढ़ में अब बिना रजिस्ट्रेशन कुत्ता पालना अपराध

## पिटबुल समेत छह नस्लें बैन, रुपये 10,000 तक जुर्माना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 अक्टूबर।** चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर में कुत्ते पालने को लेकर सख्त नियम लागू कर दिए हैं। नगर निगम ने पेट एंड कम्युनिटी डॉग बाय लॉज की अधिसूचना जारी करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन कुत्ता रखने, गंदगी फैलाने और सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को ले जाने पर ?10,000 तक का जुर्माना तय किया है। इसके साथ ही खतरनाक मानी जाने वाली छह नस्लों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।



**अब हर कुत्ते का रजिस्ट्रेशन ज़रूरी:** नगर निगम में अब हर पालतू कुत्ते का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

एक कुत्ते का पंजीकरण शुल्क रुपये 500 रखा गया है। हर पांच साल बाद रुपये 50 का नवीनीकरण शुल्क देना होगा। रजिस्टर्ड कुत्ते के गले में मेटल टोकन और पट्टा (leash) लगाना अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन पाए जाने पर निगम कुत्ते को जब्त (इंपाउंड) कर सकती है।

**खतरनाक नस्लों पर रोक:** नगर निगम ने कई नस्लों को पालने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें अमेरिकन बुल डॉग, अमेरिकन पिटबुल, पिटबुल टेरियर, बुल टेरियर, केन कोरसो, डोगो अर्जेंटीनो और रॉटवीलर शामिल हैं। अब इन नस्लों को शहर में कोई व्यक्ति नहीं पाल सकेगा।

**घर के आकार के अनुसार कुत्तों की सीमा तय:** निगम ने घर के आकार के हिसाब से कुत्तों की संख्या भी तय की है। हालांकि यह नियम पहले से पंजीकृत कुत्तों पर लागू नहीं होगा।

अगर किसी घर में एक से अधिक परिवार रहते हैं, तो हर परिवार को अलग-अलग पंजीकरण करवाना होगा।

| घर का आकार | अधिकतम कुत्ते |
|---|---|
| 5 मरला तक | 1 |
| 5-12 मरला | 2 |
| 12 मरला-1 कनाल | 3 |
| 1 कनाल से बड़ा | 4 |

### काटने या नुकसान पर मालिक जिम्मेदार

अगर किसी रजिस्टर्ड कुत्ते ने किसी व्यक्ति को काटा या संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, तो उसका पूरा दायित्व मालिक पर होगा।

उसे पीड़ित को मुआवज़ा और इलाज का खर्च देना पड़ेगा।

आवारा कुत्तों और सार्वजनिक स्थानों पर सख़्ती

आवारा कुत्तों को कहीं भी खाना डालना मना होगा। केवल आरडब्ल्यूए की अनुमति से तय स्थानों पर ही खाना डालने की इजाज़त दी जाएगी। यदि जब्त कुत्ते को 10 दिन में छुड़ाया नहीं गया, तो उसका पंजीकरण रद्द कर नीलामी की जाएगी। सभी पंजीकृत कुत्तों के कानों पर माइक्रोचिप टैग लगाया जाएगा ताकि पहचान आसान रहे।

### इन जगहों पर कुत्तों को ले जाना पूरी तरह बैन

सुखना लेक, रोज़ गार्डन, शांति कुंज, लेजर वैली, मिनी रोज़ गार्डन, टेरेस गार्डन, शिवालिक गार्डन, बोटैनिकल गार्डन और एम.सी. द्वारा अधिसूचित अन्य सार्वजनिक स्थानों व पार्कों में अब कुत्तों को ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

### शहर में 11,246 कुत्ते पहले से रजिस्टर्ड

नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार, फिलहाल चंडीगढ़ में कुल 11,246 कुत्ते पंजीकृत हैं। नए नियम लागू होने के बाद निगम अब अवांछित और बिना रजिस्ट्रेशन वाले पालतू कुत्तों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी में है।

### उपायुक्त ने जिला स्तरीय एनकॉर्ड कमेटी की बैठक में दिए निर्देश

# कोर्ट में जाने से पहले संगीन मामलों की बनेगी रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 30 अक्तूबर।** जिला स्तरीय एनकॉर्ड कमेटी की आयोजित बैठक में 97 पुराने जघन्य आपराधिक मामलों में 3 नए एनडीपीएस मामले शामिल हैं, पर चर्चा की गई। इसके अलावा महिलाओं के विरूद्ध अपराध, पासपोर्ट एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामले शामिल है। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि चिन्हित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर संगीन मामलों की रिपोर्ट तैयार की जाए और की गई कार्यवाही के बारे में उन्हें अवगत करवाया जाए। उपायुक्त लघु सचिवालय के सभागार में चिन्हित अपराधों व नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम के लिये



जिला स्तरीय एनकॉर्ड कमेटी की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि जिला में दर्ज संगीन अपराधों की जांच में तेजी लाई जाए और मामलों की गहनता और निष्पक्षता से जांच करके कानून के दायरे में अपराधियों को सजा दिलाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने नशे के खिलाफ अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। एसीपी दिनेश कुमार ने उपायुक्त को विस्तार से संगीन आपराधिक मामलों के बारे में जानकारी दी। जिला न्यायवादी मनोज वशिष्ट ने उपायुक्त को बताया कि एससी, एसटी के कुछ ऐसे मामले हैं जिनका निर्णय अभी नहीं हुआ है। उन मामलों में आगे की तिथि दे दी गई है।

#### स्कूलों व कॉलेजों में करे विद्यार्थियों को जागरूक

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता शिविर लगाकर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करें। नशे को रोकने के लिए शिक्षण संस्थानों में जागरूकता शिविर, नुक्कड नाटक या सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए। एसीपी ने इस दौरान बताया कि गत दिनों में गांवों और कॉलोनिया, सेक्टरों आदि को मिलाकर लगभग सभी थानों पर डोर टू डोर अभियान चलाया गया है। ड्रग कंट्रोलर प्रवीण कुमार ने बताया कि जिले में दवाइयों की दुकानों का लगातार मॉनिटरिंग व निरीक्षण किया जा रहा हैं।

# पत्नी ने भाई व पिता के साथ मिलकर पति पर किया हमला, चार पर मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 30 अक्तूबर।** एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी, साले व ससुर पर मारपीट का आरोप लगाया है । इस मामले में ढकोली पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर उसके ससुराल के चार लोगों के खिलाफ जान से मारने की नियत के चलते हमला करने, रास्ता घेरने व जान से मारने की धमकियां देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान गरिमा बंसल (पत्नी) मधुर बंसल, दिलकश बंसल (दोनों साले) व ससुर अनिल बंसल के रूप में हुई है। सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं जिनकी तलाश में छापेमारी

शिकायतकर्ता प्रवीण बंसल निवासी बॉलीवुड हाइट पीर मुछल्ला ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि 11 मार्च 2024 को गरिमा बंसल निवासी हिसार हरियाणा से उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के 5 महीने बाद ही उसका ससुराल परिवार पंचकूला आकर रहने लगा पड़ा था। प्रवीण बंसल के अनुसार उसकी बहन और मन भी उसके साथ रहती थी लेकिन उसकी पत्नी उनसे रोजाना झगड़ा करती थी वह उसे पर दबाव बना रही थी कि अपनी पत्नी वह बहन को वह घर से निकाल दे। इस बात को लेकर उनका रोजाना झगड़ा होता था। घरेलू कलेश से तंग आकर उसने अपनी बहन व मां को वृंदावन गार्डन किशनपुरा में किराए का घर लेकर दे दिया। उसकी पत्नी गरिमा रोजाना अपने मायके परिवार के घर जाती थी जिसको लेकर उसने विरोध किया तो उनमें झग?ा हो गया। 22 अक्टूबर को जब वह ऑफिस गया तो पीछे से उसकी पत्नी ने अलमारी में पड़ा उसका कैश व 80 -90 तोले सोने के गहने लॉकर से निकाले और अपने मायके परिवार को दे दिए। जब वह पैसे लेने के लिए घर आया तो उसने देखा की लॉकर से सारे पैसे और गहने गायब थे। थोड़ी देर में उसकी पत्नी गरिमा घर आ गई और जब उसने इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि अगर उसे पैसे व गहने चाहिए तो वह उसके पिता से मांग ले। इस बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में झगड़ा हो गया और इस दौरान उसके साला व ससुर मौके पर पहुंच गए जहां सभी ने उसे कमरे में बंद करके बुरी तरह से पीटा। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई और अपने दोस्त के पास पहुंचा । जिसके बाद उसके दोस्त ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस ने उक्त चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# मुख्य सचिव ने की सामाजिक कल्याण विभाग की समीक्षा, जनकेंद्रित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 30 अक्तूबर।** यू.टी. चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में वीरवार को सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग की सचिव सुश्री अनुराधा चगती ने विभाग के कार्यों, प्रमुख योजनाओं, चल रही पहलों और उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

प्रस्तुतीकरण में समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगजनों के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की गई।

मुख्य सचिव श्री प्रसाद ने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए जनकेंद्रित दृष्टिकोण अपनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी कल्याणकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी, नवाचारपूर्ण और परिणामोन्मुख बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक उनका फायदा पहुँच सके। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि सभी मिलकर चंडीगढ़ को एक अधिक समावेशी, समानतापूर्ण और दयालु समाज के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य करेंगे।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# गोपाष्टमी महोत्सव पर मात पिता गोधाम महातीर्थ में 2000 देसी घी के दीपक जलाए जाएंगे

**पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि होंगे**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/ वीरेन्द्र सिंह**

मोहाली जिले में बनूड़ अंबाला रोड स्थित मात पिता गोधाम महातीर्थ में गोपाष्टमी महोत्सव 30 अक्टूबर गुरुवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एवं बॉलीवुड अभिनेता व निर्माता विजय टंडन तथा अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (हरियाणा) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमोहन गर्ग विशिष्ट तथा विशेष अतिथि के तौर पर समाज सेवी सत्यभगवान सिंगला,अध्यक्ष सनातन धर्म बैकुंठ धाम प्रदीप गोयल ,फाउंडर पलैनट आर्युवेदा डॉक्टर विक्रम चौहान मौजूद होंगे।

**इस अवसर के दौरान भक्तों द्वारा 2000 से अधिक देसी घी के दीपक जलाए जाएँगे**

मात पिता गोधाम महातीर्थ के मुख्य सेवादार गोचर दास ज्ञान ने कहा कि इस कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, चंडीगढ़ ,मध्य प्रदेश और दिल्ली से बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान सुबह से रात्रि तक गौ माता का पूजन किया जाएगा । हवन दोपहर 1 बजे से 1.30 बजे के बीच होगा व प्रसाद दोपहर 1.30 बजे से 2.30 बजे के बीच होगा।दोपहर 3 बजे से शाम 7.30 बजे तक भजन कीर्तन का आयोजन होगा । गोमाता की भव्य आरती शाम 7 बजे होगी और उसके बाद भंडारा शुरू होगा।

इस मौके पर महातीर्थ के ट्रस्टी बिशेश्वर नाथ शर्मा अमरजीत बंसल,सुरनेश सिंगला, कश्मीरी लाल गुप्ता, मामन राम गर्ग,जयगोपाल बंसल,दीपक मित्तल तथा कमेटी मेंबर सूरत वालिया,सुरेश बंसल,सुभाष सिंगला,पंकज जायसवाल, हीरेंद्र बुद्धिराजा, कुलदीप ठाकुर सुभाष अग्रवाल,बबू ,कपिल आदि मौजूद होंगे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय गो कथा वाचक श्री चंद्रकांत और भजन गायक श्री हित शरण सिद्धार्थ भईया जी अपनी कथा और भजनों से गौ माता के भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे ।

इस मौके पर नंदिनी गौ माता की तपोस्थली मात पिता गौधाम महातीर्थ का पूरा क्षेत्र दिवाली की तरह जगमगा उठेगा।,मात पिता गौधाम महातीर्थ मंदिर की खास बात यह है कि इसकी पहचान विश्व स्तर पर स्थापित हो चुकी है। वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक (लंदन) में माता पिता गोधाम महातीर्थ मंदिर को दुनिया का एकमात्र ऐसा मंदिर होने का दर्जा दिया गया है, जिसके मंदिर में किसी भी देवता की मूर्ति नहीं है, लेकिन यहां अपने माता पिता के साथ आ कर उनकी ओर जिनके माता पिता इस दुनिया में नहीं हैं उनको ज्योति स्वरूप में याद किया जायेगा ।



अपने विचार साझा करते मात पिता गोधाम महातीर्थ के संस्थापक गौचर दास ज्ञान ने कहा के मात पिता गोधाम महातीर्थ स्थल आज एक रूहानी केंद्र के तौर पर विकसित हो रहा है। इस तीर्थ स्थल में जहां गौ माता से प्यार करने की शिक्षा मिल रही है वहीं घर-घर में माता-पिता का सम्मान किए जाने का संदेश पहुंचाया जा रहा है। इस संस्थान की तरफ से दिए जाने वाला संदेश आज पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ी जरूरत है। इसी के साथ हम अपनी संस्कृति को बचा सकते हैं।

## फाउंडेशन के प्रेरणापुंज स्व श्रीकृष्ण प्रताप सिंहको श्रद्धा सुमन अर्पित



अर्थ प्रकाश / चंडीगढ़-वीरेन्द्र सिंह। जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन की ओर से मुख्य कार्यालय चंडीगढ़ में फाउंडेशन के प्रेरणापुंज स्वर्गीय श्रीकृष्ण प्रताप सिंह (प्रेम बाबू) को उनके पावन पुण्य तिथि के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने बताया कि श्रीकृष्ण जी (प्रेम बाबू) से सदैव उनको फाउंडेशन के जन कल्याणकारी कार्यो के लिए प्रेरणा मिलती है और अदृश्य होते हुए भी उनके अल्प जीवन का सदविचार सदैव सदमार्ग दिखाता है।इस अवसर पर भावुक होते हुए शाही ने बताया कि 29 अक्टूबर 1998 को प्यारे आज्ञाकारी अनुज का हम सभी के बीच से जाना व्यक्तिगत रूप से मेरे जीवन का सबसे दुखद एवं अंधकारमय दिन था,लेकिन उनका पवित्र जीवन और चरित्र हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। फाउंडेशन के निदेशक मानस प्रभु ने पूज्य प्रेम बाबू को नमन करते हुए बताए कि फाउंडेशन की ओर से उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेत्रदान,अंगदान और देहदान के लिए जागरूकता अभियान की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया। शाही ने बताया कि पी जी आई चंडीगढ़,कमांड हॉस्पिटल चंडीमंदिर और मैक्स हॉस्पिटल मोहाली के सहयोग इस जीवनदायी जागरूकता अभियान की शुरुआत जनवरी 2026 में मकर संक्रांति के दिन से होगी और सबसे पहले प्रभुनाथ शाही स्वयं और संजय कुमार इस महादान में सहभागी बनेगें। फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए सहभागिता का वचन दिए ।

## झारखंड में पीपीपी के तहत चार नए मेडिकल कॉलेज के लिए केंद्र की मंजूरी

अर्थ प्रकाश-रांची। झारखंड सरकार को राज्य में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत चार मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के प्रस्ताव पर केंद्र की मंजूरी मिल गई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। खूंटी में 50 एमबीबीएस सीट की क्षमता के साथ, जामताड़ा, धनबाद और गिरिडीह में 100-100 सीटों की क्षमता के साथ नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। यह मंजूरी केंद्र की 'पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज की स्थापना योजना' के तहत दी गई है, जिसका उद्देश्य देश भर में चिकित्सा शिक्षा का विस्तार करना और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को मजबूत करना है। जारी बयान में कहा गया है कि मंगलवार को नयी दिल्ली में आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) के अधिकारियों के साथ बैठक में झारखंड के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने प्रस्तुति दी थी। बयान में कहा गया, ''प्रस्तुति के बाद केंद्र ने राज्य के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी।'' सिंह ने कहा, 'पीपीपी मोड के तहत मेडिकल कॉलेज खुलने से राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में सुधार होगा, साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।' उन्होंने कहा कि राज्य में नये कॉलेज ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता को बढ़ावा देंगे, चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच का विस्तार करेंगे और स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करेंगे।

## प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर मुंबई पुलिस का ड्रोन, पैराग्लाइडर, हल्के विमान उड़ाने पर प्रतिबंध

अर्थ प्रकाश/ मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुधवार को मुंबई दौरे के मद्देनजर पुलिस ने हवाई अड्डे और पश्चिमी उपनगरों के आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन, पैराग्लाइडर, रिमोट द्वारा संचालित बेहद हल्के विमान, सभी प्रकार के गुब्बारे और पतंगों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी भारत समुद्री सप्ताह 2025 के तहत आयोजित 'मेरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव' को संबोधित करेंगे और 'ग्लोबल मेरीटाइम सीईओ फोरम' की अध्यक्षता करेंगे, जो गोरेगांव ईस्ट स्थित 'नेस्को एग्जिबिशन सेंटर' में आयोजित किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, मुंबई पुलिस द्वारा जारी यह प्रतिबंधात्मक आदेश बुधवार मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगा। आदेश में कहा गया है कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अति विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है और ऐसे आयोजन के दौरान ''आतंकी या असामाजिक तत्व ड्रोन, पैराग्लाइडर या रिमोट द्वारा संचालित अत्यधिक हल्के विमान का उपयोग करके हमला करने की कोशिश कर सकते हैं।'' आदेश में कहा गया है कि इससे ''शांति भंग होने, सार्वजनिक शांति में अव्यवस्था और जन-जीवन, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सार्वजनिक संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।'' इस स्थिति में तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता को देखते हुए गुब्बारे और पतंगों समेत इन सभी उड़ान गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध शहर के हवाई अड्डे, सहार, विले पार्ले, अंधेरी, गोरेगांव, वनराई, जोगेश्वरी, एमआईडीसी, दिंडोशी और आरे पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में लागू रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडित किया जाएगा, जिसमें एक वर्ष तक की कैद या 5,000 रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस ने बुधवार को दोपहर दो बजे से रात नौ बजे तक वाकोला फ्लाईओवर से दहिसर टोल नाका तक वेस्टर्न एक्सप्रेस राजमार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

## खाने की डिलीवरी के बहाने शराब की डिलीवरी

### - फूड डिलीवरी बॉक्स से 339 पाव अवैध शराब की बोतल बरामद

अर्थ प्रकाश/ जबलपुर । जबलपुर में पुलिस ने एक अनोखे तरीके से चल रही शराब तस्करी का खुलासा किया है। मामला रांझी थाना क्षेत्र का है, जहाँ एक युवक फूड डिलीवरी बॉय बनकर शराब की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने जब युवक को रोका और जांच की, तो उसके फूड कंटेनर से 339 पाव अवैध शराब की बोतलें बरामद हुईं। आरोपी युवक स्विगी की यूनिफॉर्म पहनकर शराब की सप्लाई कर रहा था, जिससे किसी को शक न हो सके। रांझी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर आरोपी को गिरफ्तार किया और वाहन से शराब की पूरी खेप ज़ब्त कर ली। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किन इलाकों में शराब की सप्लाई करता था और इसके पीछे कौन-सा गिरोह काम कर रहा है। प्राथमिक जांच में पता चला कि आरोपी लंबे समय से इस तरीके से शराब सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी शराब को होम डिलीवरी के बहाने ग्राहकों तक पहुंचाता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि उसके साथ और कौन-कौन लोग इस अवैध कारोबार में शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

**साहिबज़ादा अजीत सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट पडछ न्यू चंडीगढ , की 7 सदस्यों की टीम द्वारा अजनाला तहसील के गांवों के बाढ़ प्रभावित जरूरतमंद लोगों के लिए तीन दिन का, मुफ्त मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप 25, 26 और 27 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था, जिसमें डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ शामिल थे**



अर्थ प्रकाश -जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ /साहिबज़ादा अजीत सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट पडछ न्यू चंडीगढ ट्रस्ट के चेयरमैन, सरदार बलबीर सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया से बाढ़ प्रभावित लोगों की हालत जानने के बाद उन्होंने 'वेटरन्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन, इंडिया' के प्रेसिडेंट एस दिलबाग सिंह से संपर्क किया, जिन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए गांव गुर्जर पुरा के पास अजनाला में एक बेस कैंप बनाया था। उनके अनुरोध पर हमने तुरंत अपनी टीम को ज़रूरी उपकरणों और दवाओं के साथ भेजा। पहले दिन कैंप गांव गुर्जर पुरा में लगा, जहां एक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हरदीप कौर और एक बाल रोग विशेषज्ञ ने 120 से ज्यादा मरीजों का चेकअप किया। दूसरे और तीसरे दिन कैंप गांव गोगो महल में कैम्प लगाया , जहां अन्य विशेषज्ञों के अलावा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रमनिक कौर और जनरल फिजिशियन डॉ. एस.के. बंसल ने 600 से ज्यादा मरीज़ों की जांच की। कैंप की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. जागृति बहुगुणा ने बताया कि लगभग 35 से 40त्न मरीज डायबिटीज से पीड़ित पाए गए और लगभग 20त्न को बाढ़ से संबंधित बीमारियां थीं जैसे त्वचा रोग और फंगस आदि बीमारी से ग्रस्त पाया गया उनको मुफ्त में दवाइयां भी दी गई । इस मेडिकल कैंप के इंचार्ज परमजीत सिंह मोहाली ने हमें बताया कि सभी दवाएं डॉक्टर की सलाह के अनुसार सभी को मुफ्त में बांटी गईं।

## केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में चार नवंबर से शुरू होगी एसआईआर की प्रक्रिया

अर्थ प्रकाश - पुडुचेरी। केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चार नवंबर से शुरू होगा, जिसके लिए निर्वाचन विभाग ने एक योजना तैयार की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुडुचेरी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. जवाहर ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश के सभी चार क्षेत्रों पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यानम में एसआईआर की योजना बनाई गई है। उन्होंने मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुडुचेरी 11 अन्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ एसआईआर प्रक्रिया में शामिल हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुडुचेरी में 24 साल बाद इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है ताकि मतदाता सूची सटीक और त्रुटि-मुक्त हो। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कोई मतदाता छूट न जाए, इसके लिए बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) कम से कम तीन बार लोगों के घर जाएंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जमीनी स्तर पर मतदाताओं के नामांकन व सत्यापन में सहायता के लिए राजनीतिक दलों को मतदान केंद्र स्तर के एजेंट नामित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस वर्ष नौ दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जबकि 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 के बीच दावे व आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी को होना निर्धारित है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोग अपने संबंधित मतदान केंद्र स्तर के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं या निर्वाचन आयोग के पोर्टल व मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## फिर हाथी शावक की मौत, तालाब में डूबने से गई जान, एक साल में पांचवीं घटना

अर्थ प्रकाश / रायगढ़। जिले में हाथियों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। छाल वन क्षेत्र के ग्राम ओरा नारा में एक बार फिर हाथी शावक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। यह घटना सुबह की बताई जा रही है। मृत हाथी शावक की उम्र करीब आठ माह बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शावक के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वन अधिकारियों के अनुसार, बीते एक साल के भीतर इसी रेंज में यह पांचवीं घटना है, जब किसी हाथी शावक की पानी में डूबने से मौत हुई है। गौरतलब है कि इस इलाके में फिलहाल करीब 62 हाथियों का झुंड सक्रिय है, जो अक्सर आसपास के गांवों में भी घूमता देखा जा रहा है।

## राहुल गांधी ने आत्महत्या करने वाली चिकित्सक के परिजन से की बात, न्याय में सहयोग का वादा किया

अर्थ प्रकाश / मुंबई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के सातारा जिले में कथित तौर पर आत्महत्या करने वाली महिला चिकित्सक के परिजन से बुधवार को फोन पर बात की और न्याय की उनकी लड़ाई में उन्हें सहयोग देने का आश्वासन दिया। महिला चिकित्सक के परिवार के सदस्यों ने न्याय की मांग करते हुए गांधी से मौत मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कराने के वास्ते सरकार पर दबाव डालने की मांग की। उन्होंने कहा कि चिकित्सक की मौत हुए एक सप्ताह हो गया है और उन्हें डर है कि सबूत मिटा दिए जाएंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के फ़ोन से महिला के माता-पिता और भाई-बहनों से बात की। सपकाल बीड ज़िले के कवड़गांव गांव में उनसे मिलने गए थे। कांग्रेस सांसद ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह महिला चिकित्सक की मौत के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कराने के वास्ते सरकार पर दबाव डालेंगे। सातारा जिले के फलटण कस्बे के एक होटल के कमरे में 28 वर्षीय चिकित्सक 23 अक्टूबर की रात को फंदे से लटकी हुई पाई गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी के कारण दम घुटना बताया गया, जिससे संकेत मिलता है कि चिकित्सक ने आत्महत्या की थी। पुलिस के अनुसार महिला चिकित्सक की हथेली पर एक नोट लिखा पाया गया था जिसमें उसने आरोप लगाया कि पुलिस उप निरीक्षक गोपाल बदाने ने उसके साथ कई बार बलात्कार किया जबकि सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बनकर ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। दोनों को 25 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, होटल के कमरे में जबरन प्रवेश का कोई सबूत नहीं मिला है जिससे घटना के दौरान किसी और की मौजूदगी का संकेत नहीं मिलता। महिला चिकित्सक के रिश्तेदारों ने एक एसआईटी गठित करने की मांग की है। उनका आरोप है कि मौत के बाद उसके मोबाइल फोन से अहम डेटा मिटा दिया गया। महिला चिकित्सक के चाचा ने दावा किया कि उसकी मौत के बाद उसके फिंगरप्रिंट का इस्तेमाल करके फोन को खोला गया और घटना से जुड़ी अहम जानकारियां मिटाई गईं। बीड के वडवानी के निवासियों ने मंगलवार को बंद आहूत किया और कथित आत्महत्या मामले की एसआईटी से जांच कराने की मांग की।

# रोलर जेट अकादमी, केबी डीएवी क्लब ने 47वीं चंडीगढ़ राज्य रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में मचाया धमाल

अर्थ प्रकाश /प्रदीप पाल

**चंडीगढ़/ वीरेन्द्र सिंह।**

रोलर जेट अकादमी ने सीनियर बॉयज़ इनलाइन हॉकी इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि चंडीगढ़ जायंट्स और सेक्टर 7 क्लब ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए। यह प्रतियोगिता मंगलवार को सेक्टर 10 स्केटिंग रिंक में आयोजित 47वीं चंडीगढ़ राज्य रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के तहत हुई।

राज्य स्तरीय यह चैंपियनशिप आगामी 63वीं नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाइंग इवेंट भी थी। इसका आयोजन चंडीगढ़ रोलर स्केटिंग एसोसिएशन (छ्रस्न्र) ने किया था, जो रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (RSFI) से संबद्ध है।

सीनियर गर्ल्स रोलर हॉकी कैटेगरी में केबी डीएवी क्लब ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सेक्टर 7 क्लब ने रजत और चंडीगढ़ क्लब ने कांस्य पदक प्राप्त किया।



जूनियर गर्ल्स रोलर हॉकी इवेंट में केबी डीएवी क्लब ने अपनी विजयी लय बरकरार रखते हुए स्वर्ण पदक जीता। चंडीगढ़ क्लब ने रजत और सेक्टर 7 क्लब ने कांस्य पदक हासिल किया।

बॉयज़ 8-10 वर्ष रोड रेस-1 (500 मीटर) इवेंट में कुंज ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि गर्व और मनवीर ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक प्राप्त किए।

उसी आयु वर्ग की गर्ल्स सेक्शन में दृति ने स्वर्ण पदक जीता, अनिका ने रजत और कायरा ने कांस्य पदक हासिल किया।

बॉयज़ 10-12 वर्ष रोड रेस-1 (500 मीटर) इवेंट में दिपांशु ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि लक्ष्य और रेयांश ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक प्राप्त किए।

इस आयु वर्ग की गर्ल्स सेक्शन में हर्नूर ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि ईशु और सायरा ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए।

बॉयज़ अंडर-15 रोड रेस-1 इवेंट में धैर्य ने स्वर्ण पदक, कृष ने रजत और मंथन ने कांस्य पदक जीता।

गर्ल्स अंडर-15 कैटेगरी में राधिका ने स्वर्ण पदक जीता, मन्या ने रजत और हर्षिणी ने कांस्य पदक हासिल किया।

आरएसएफआई के संस्थापक सदस्य इंदरपाल सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे, जबकि पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्केटर जगदीप बैंस और सीआरएसए अध्यक्ष अरुण वालिया, जो स्वयं भी अंतरराष्ट्रीय स्केटर हैं, पुरस्कार वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# शराब घोटाला मामला : भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य की रिमांड बढ़ी, अब 12 नवंबर तक रहेंगे जेल में



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ा अपडेट सामने आया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की न्यायिक रिमांड कोर्ट ने बढ़ा दी है। अब चैतन्य बघेल 12 नवंबर तक जेल में रहेंगे। रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद आज चैतन्य बघेल को कोर्ट में पेश किया गया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) की याचिका स्वीकार करते हुए रिमांड बढ़ाने का आदेश दिया। इसी केस से जुड़े आरोपी निरंजन दास को भी आज राहत नहीं मिली। अदालत ने उन्हें किसी भी प्रकार की रियायत देने से साफ इनकार कर दिया। गौरतलब है कि 18 जुलाई को ईडी ने चैतन्य बघेल को भिलाई स्थित निवास से गिरफ्तार किया था। एजेंसी का आरोप है कि चैतन्य बघेल ने 16 करोड़ 70 लाख रुपये की अवैध कमाई को अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में निवेश किया। ईडी की जांच के मुताबिक, चैतन्य ने यह रकम नकद भुगतान, फर्जी बैंक एंट्री और फ्लैट खरीदी के बहाने से सफेद की। वह कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लो के साथ मिलकर 'विठ्ठलपुरम' परियोजना में फर्जी फ्लैट खरीद-फरोख्त की योजना बनाकर लगभग 5 करोड़ रुपये हासिल करने के आरोप में भी घिरे हैं। जांच एजेंसी का दावा है कि जिन फ्लैटों की खरीद दिखलाई गई, वे वास्तव में ढिल्लो के कर्मचारियों के नाम पर दर्ज थे, लेकिन असल लाभार्थी चैतन्य बघेल ही थे। ईडी अब चैतन्य बघेल से मनी ट्रेल और निवेश के चैनल की जानकारी जुटा रही है। माना जा रहा है कि जांच एजेंसी जल्द ही इस मामले में कुछ और नामों को भी शामिल कर सकती है।

# आने वाले महीनों में इंडिया पोस्ट में दिखेंगे कई बड़े परिवर्तन : सिंधिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नई दिल्ली में डाक विभाग की तिमाही व्यवसाय समीक्षा बैठक 2025-26 की अध्यक्षता की। चार घंटे चली इस बैठक में देशभर के 23 डाक परिमंडलों के अधिकारी शामिल रहे। यह वर्ष की दूसरी समीक्षा बैठक थी, पहली बैठक 15 जुलाई 2025 को हुई थी, जिसने संगठन में प्रदर्शन-आधारित और नवाचार-प्रधान कार्य संस्कृति की दिशा तय की थी।

बैठक के दौरान विभाग के छह प्रमुख क्षेत्रों में जुलाई से सितंबर 2025 तक की प्रगति, उपलब्धियों और चुनौतियों की समीक्षा की गई। सिंधिया ने विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि दूसरी तिमाही में विभाग ने 80त्न राजस्व लक्ष्य हासिल किया है यानी ?4,184 करोड़ के लक्ष्य में ?3,325 करोड़ का राजस्व दर्ज किया गया है। इसी तरह, अर्धवार्षिक लक्ष्य ?8,772 करोड़ में से ?6,633 करोड़ की उपलब्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है।

**इंडिया पोस्ट की मजबूत प्रगति का संकेत**

23 डाक परिमंडलों में से दिल्ली (149त्न) और तेलंगाना (112त्न) सर्वोच्च प्रदर्शनकर्ता रहे, जबकि 16 परिमंडलों ने अपने लक्ष्य का 70 से 99 प्रतिशत तक हासिल किया। केन्द्रीय मंत्री ने ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के परिमंडलों में लक्षित सुधार के निर्देश दिए तथा दिल्ली और तेलंगाना के मॉडलों से सीखने पर जोर दिया।

सिंधिया ने कहा कि तकनीक ही परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने निर्देश दिया कि आईटी 2.0 के सकारात्मक प्रभाव को 'सिटिजन सेंट्रिक सर्विसेज' और 'पीओएसबी सिस्टम' के अलावा अन्य संचालन इकाइयों में भी फैलाया जाए। उन्होंने बताया कि जनवरी और मार्च 2026 में छह नए उत्पाद लॉन्च किए जाएंगे, जो डाक विभाग के नवाचार और दक्षता को नई दिशा देंगे।

**सिंधिया ने दिया डाक सेवा से जन सेवा का संदेश**

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि डाक विभाग को अब एक आधुनिक लॉजिस्टिक्स संगठन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें पार्सल और मेल सेवाएं कुल राजस्व का न्यूनतम 75त्न हिस्सा देंगी। उन्होंने सभी परिमंडलों के मुख्य डाकमहाप्रबंधकों को निर्देश दिया कि वे मासिक समीक्षा बैठकें करें और पार्सल, मेल, अंतरराष्ट्रीय मेल व वैश्विक कारोबार, आरपीएलआई/पीएलआई, नागरिक सेवाएं और पीओएसबी सहित सभी छह प्रमुख वर्टिकल्स में प्रदर्शन का मूल्यांकन करें।




उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने काम को सिर्फ प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि एक व्यवसायिक इकाई के रूप में नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि आप सभी केवल अधिकारी नहीं, बल्कि एक व्यवसाय चला रहे प्रमुख कार्यकारी अधिकारी (CEOs) हैं।

सिंधिया ने यह भी कहा कि सभी परिमंडल अपने संचालन की तुलना निजी क्षेत्र की कंपनियों से करें और प्रतिस्पर्धा एवं मूल्य शृंखला विश्लेषण के माध्यम से दक्षता और नवाचार को बढ़ाएं। उन्होंने अगले पाँच वर्षों में सरकारी और निजी व्यवसाय के बीच 20:80 अनुपात प्राप्त करने का लक्ष्य रखा, जिससे विभाग का राजस्व स्रोत अधिक विविध और स्थायी बन सके।

# श्रवण संस्कृति परमार संस्थान ग्रेटर ग्वालियर का 29 अक्टूबर से 05 नवंबर तक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान होगा आयोजित

**सिद्धचक्र महामंडल विधान शुभारंभ ध्वजारोहण ओर इंद्रो ने श्रीजी का अभिषेक कर किया।**

**प्रतिदिन सिद्धचक्र विधान में इंद्र इंद्राणी भक्ति संगीत के साथ सिद्धों की आराधना करेंगे।**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** - श्रवण संस्कृति परमार संस्थान ग्रेटर ग्वालियर के तत्वाधान में 29 अक्टूबर से 05 नवंबर तक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का पारसनाथ दिगंबर जैन वरैया मंदिर (जैन भवन) दानाओली में आयोजित किया गया। प्रतिदिन सिद्धचक्र विधान में इंद्र इंद्राणी भक्ति संगीत के साथ सिद्धों की आराधना करेंगे। वही शाम को आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सिद्धचक्र विधान का शुभारंभ विधानाचार्य पंडित भरत जैन विरागी ने मंत्रों के साथ सिंघई संजय चंचल जैन मणि परिवार ने केसरिया ध्वजारोहण फहराकर कर किया। वही भगवान जिनेंद्र का स्वर्ण कलशों से अभिषेक सौधर्म इंद्र संतोष-सुनीता जैन सहित इंद्रगणों ने बड़े ही भक्ति भाव से किया। भगवान जिनेंद्र के मस्तक पर शांतिधारा विजय कुमार अमित कुमार जैन भण्डारी ओर सौधर्म इंद्र के साथ मिलकर की। विधान के मंडप पर मुख्य मंगल कलश शीला -नत्थीलाल जैन तथा अन्य चतुष्कोण कलश अनीता जैन, ममता जैन, नीतू जैन एवं नविता जैन ने स्थापित किए। वही अखंड दीप की स्थापना वीरेंद्र सौरभ-नेहा जैन सर्राफ परिवार ओर कल्याण समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने किया। वही मां जिनवाणी की स्थापना रानी नीलेश जैन रेनू -जशवंत जैन मोहना, चंचल जैन , पुष्प लता जैन ने की। विधान में कुबेर इंद्र संजय -रानी जैन ओर मैना सुंदरी सुनयना -बसंत जैन ने भक्तों को श्रीजी का गंदोधक प्रदान किया।विधानाचार्य पंडित भरत जैन विरागी ने अष्टान्हिका पर्व को महापर्व बताते हुए सभी भक्तों को पर्व की महत्ता के साथ सिद्धों की आराधना कर विधान में 21000 जापों का संकल्प कराया। आयोजित विधान में श्रीमती राधा पदम, धर्मेंद्र खुशबू, संजय-रिंकी, कुसुम जैन, पुष्पलता आदि ने द्रव्य सामिग्री में सहयोग किया। संगीतमय पूजन पवन जैन, प्रेमप्रकाश जैन एवं श्रीमती अल्का जैन कराई। इस मौके पर दिगंबर जैन वरहिया समिति के वीरेंद्र जैन चौधरी, सूरज जैन चीनोर नीरज जैन, सुरेन्द्र जैन सोनू करहिया आदि मौजूद थे।

